संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 27 दिसंबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 346 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड



नई दिल्ली में वीर बाल दिवस पर भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हुए। स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# हमलावरों को हम सागरतल से भी ढूंढ निकालेंगे: राजनाथ सिंह

## 23-24 दिसंबर को पहले केम प्लूटो और फिर साईबाबा जहाज पर हुए हमलों की जांच की जा रही है: सिंह

**चेतावनी**

**8 भारत सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि 23-24 दिसंबर को पहले केम प्लूटो और फिर साईबाबा जहाज पर हुए हमलों की जांच की जा रही है। भारत सरकार ने मामले को गंभीरता से लिया है। इन हमलों के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें समुद्र की गहराइयों से भी ढूंढ निकाला जाएगा। आईएनएस इम्फाल से जुड़े एक इवेंट में रक्षा मंत्री ने कहा- हमने समुद्री इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है। हमले के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई जरूर की जाएगी। दरअसल, 23 दिसंबर को मेंगलुरु आ रहे एक मर्चेंट वेसल केम प्लूटो पर हिंद महासागर में ड्रोन से हमला किया गया था। केम प्लूटो जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। इसके बाद नौसेना ने इसकी जांच की। उन्होंने बताया कि जहाज पर हमला तब हुआ था जब यह भारत के तट से 400 किमी दूर था। नेवी ने कहा- जहाज पर जो मलबा मिला है, उससे इस बात की पुष्टि होती है कि उस पर ड्रोन से हमला किया गया था।



### भारत ने अरब सागर में 3 वॉरशिप तैनात किए

**भारत** आ रहे मालवाहक जहाज केम प्लूटो पर 23 दिसंबर को हुए हमले के बाद नौसेना ने अरब सागर में 3 युद्धपोत तैनात कर दिए हैं। इनमें आईएनएस मोरमुगाओ, आईएनएस कोलकाता और आईएनएस कोच्चि शामिल हैं। इसके अलावा लगातार निगरानी और इलाके के बारे में जानकारी बनाए रखने के लिए विमान को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा पश्चिमी नेवल कमांड मैरीटाइम ऑपरेशन सेंटर भी दूसरी एजेंसियों और कोस्ट गार्ड के साथ इलाके में निगरानी करेगा।

**केम प्लूटो जहाज की होगी फोरेंसिक जांच:** इस जहाज पर 21 क्रू मेंबर सवार थे। इनमें से 20 भारतीय और 1 वियतनाम का नागरिक था। जहाज पर फोरेंसिक जांच के जरिए ये पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि हमला कितनी दूरी, कौन से विस्फोटक से किया गया था और ये कितना खतरनाक हो सकता था। जांच पूरी करने के बाद जहाज से सामान को शिफ्ट किया जाएगा। इसके बाद इसे मरम्मत और दोबारा इस्तेमाल के लिए कंपनी को वापस सौंप दिया जाएगा। भारतीय तट रक्षक दल का एक जहाज-आईसीजीएस विक्रम सोमवार को केम प्लूटो को एस्कॉर्ट कर मुंबई लाया था। दरअसल, ड्रोन अटैक से जहाज में आग लगने के बाद इसे ऑपरेट करने में क्रू को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

### एक दिन में भारतीय क्रू मेंबर्स वाले 2 जहाजों पर हमला

**हमले** की जानकारी मिलने के बाद नेवी ने शिप को ट्रैक किया था। साथ ही उसे एस्कॉर्ट करने के लिए वॉरशिप भेजा था। एमवी केम प्लूटो पर हुए हमले के बाद शाम को भारतीय क्रू मेंबर्स वाले एक और जहाज पर हमला हुआ। इसमें 25 भारतीय मौजूद थे। गेबन फ्लैग वाले ऑयल टैंकर का नाम एम/वी साईबाबा पर ड्रोन से हमला हुआ था। इंडियन नेवी ने बताया था कि सभी लोग सुरक्षित हैं।

**ईरान की जमीन से हमला:** अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा था कि केम प्लूटो पर ईरान से हमला हुआ था। मैरीटाइम कंपनी ऑम्ब्रे के मुताबिक ये पहला ऐसा हमला है जो सीधे ईरान की तरफ से किया गया है। हालांकि, ईरान ने इस दावे को खारिज कर दिया था। ट/श केम प्लूटो सऊदी अरब से भारत आ रहा था। इस जहाज पर शनिवार सुबह 10 बजे हमला हुआ था। उस समय जहाज अमेरिका के संपर्क में था। केम प्लूटो जहाज पर जब हमला हुआ, तब यह भारत के समुद्र तट से 370 किलोमीटर की दूरी पर था। इस पर लाइबेरिया का झंडा बना हुआ है। यह जापानी स्वामित्व वाला और नीदरलैंड द्वारा संचालित टैंकर है।

# लोस चुनाव: बीजेपी ने 15 सदस्यीय समिति बनाई'

## चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी बीजेपी



**2024 की तैयारी**

**8 रिपोर्ट्स के मुताबिक भाजपा ने 15 सदस्यीय समिति गठित करने का एलान किया है**

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**भारतीय** जनता पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटी है। पश्चिम बंगाल दौरे पर पहुंचे कद्दावर भाजपा नेता अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहे। रिपोर्ट्स के मुताबिक भाजपा ने 15 सदस्यीय समिति गठित करने का एलान किया है। बैठक में कई और नेता भी मौजूद रहे।

**समिति में कौन सदस्य होंगे?** खबरों के मुताबिक लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने नई चुनाव प्रबंधन समिति गठित की है। चुनाव समिति में 15 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति में अमित शाह, जेपी नड्डा, लॉकेट चटर्जी, दिलीप घोष, सुकांत मजूमदार, शुभेंदु अधिकारी, आशा लाकरा, राहुल सिन्हा, अग्निमित्रा पॉल को भी शामिल किया गया है।

**कोलकाता में गुरुद्वारा गए भाजपा नेता:** भाजपा पदाधिकारियों की बैठक से पहले शाह और तमाम भाजपा नेताओं ने राजधानी कोलकाता में गुरुद्वारे में भी मत्था टेका। वीर बाल दिवस के मौके पर शाह के अलावा भाजपा प्रमुख जेपी नड्डा और कई अन्य नेता भी उनके साथ गुरुद्वारे पहुंचे। प्रदेश के भाजपा नेताओं ने बताया कि दिल्ली रवाना होने से पहले शाह संगठन से जुड़ी कई अहम बैठकें करेंगे।

**फास्ट न्यूज**

### कड़ाके की ठंड से कांपा पहाड़, लोगों ने लिया अलाव का सहारा

**नैनीताल:** उत्तराखंड में 26 से 30 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। उत्तराखंड के पहाड़ी और मैदानी इलाकों में दिन के समय अधिकतम तापमान में एक-दो डिग्री की बढ़ोतरी होने से ठंड का अहसास कम होगा। वहीं, उत्तराखंड के कुमाऊं के नैनीताल, अल्मोड़ा, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में मौसम में उतार चढ़ाव से लोगों को कड़ाके की ठंड का सामना करना पड़ रहा है। यहां लोग अलाव, हीटर, ब्लोअर आदि का सहारा लेकर ठंड से बचाव कर रहे हैं। उत्तराखंड में मौसम का मिजाज बदलने से ठंडक बढ़ने लगी है। शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग सुबह और शाम अलाव तापते नजर आने लगे हैं। अपने घरों में लोगों ने रजाईयां निकाल ली हैं। बच्चे और बुजुर्ग भी घरों से स्वेटर आदि पहनकर रखते हैं।

वहीं, सोमवार सुबह भी घाटी वाले क्षेत्रों में कोहरा छाया रहा। करीब 7 बजकर 15 मिनट मौसम खुला और धूप खिल आई। दोपहर में एक बार फिर मौसम ने करवट ली। आसमान में हल्के बादल छा गए और फिर ठंड में इजाफा हो गया। आधे घंटे बाद मौसम फिर खुल गया और धूप निकल आई।

### न घर के रहे न घाट के नीतीश कुमार: गिरिराज सिंह

**पटना:** जनता दल (यूनाईटेड) के भीतर सियासी उठापटक के बीच भाजपा के केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने बता दिया है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के लिए भाजपा में सारे दरवाजे बंद हैं। वहीं दूसरी ओर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के द्वारा हिंदू धर्म धोखा होने के बयान पर भी विपक्ष पर जोरदार हमला भी बोला। गिरिराज सिंह ने कहा कि आज देश के अंदर यह स्थिति है कि इंडी गठबंधन कभी अखिलेश यादव बुलवाते हैं, कभी लालू यादव और नीतीश कुमार बुलवाते, कभी कांग्रेस राहुल स्टालिन के पार्टी से बुलवाते हैं। जो लोग हिंदू धर्म को गाली दे रहे, मैं उन सबसे कहता हूं मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लो। हिंदू धर्म और सनातन भारत के स्वाभिमान का प्रतीक है। भारत का अभिप्राय है।

### 'कांग्रेस ने बनाया सभापति के शिष्टाचार का मजाक'

**नई दिल्ली:** राज्यसभा सांसद और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई ने मंगलवार को कांग्रेस पर कटाक्ष की है। उन्होंने सभापति जगदीप धनखड़ की पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बातचीत के दौरान झुकते हुए एक पुरानी तस्वीर पोस्ट की है। जिस पर उन्होंने लिखकर कांग्रेस पर हमला किया है। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस शिष्टाचार का मजाक उड़ा रही है। बता दें राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ पहले पश्चिम बंगाल में राज्यपाल थे। कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान सभापति का मिमिक्री का वीडियो बनाया था।

# हम पर भी गाजा-फिलिस्तीन जैसा खतरा: फारूक

**टीम एक्शन इंडिया/जम्मू**

**नेशनल** कॉन्फ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने भारत-पाकिस्तान संबंधों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत नहीं होती है तो कश्मीर का हश्र गाजा और फलस्तीन जैसा ही होगा, जिन पर इस्राइल द्वारा बमबारी की जा रही है। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि पूर्वी प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि हम अपने दोस्त बदल सकते हैं लेकिन पड़ोसी नहीं। अगर हम अपने पड़ोसियों के साथ



मित्रवत रहेंगे तो दोनों प्रगति करेंगे।

नेकां अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी ने भी यह कहा है कि युद्ध अब कोई विकल्प नहीं है और मामले में बातचीत के जरिए समाधान निकाला जाना चाहिए। तो उन्होंने पूछा कि बातचीत कहां है। उन्होंने आगे कहा, 'नवाज शरीफ (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री बनने वाले हैं और वे कह रहे हैं कि हम (भारत के साथ) बात करने के लिए तैयार हैं, लेकिन क्या कारण है कि हम बात करने के लिए तैयार नहीं हैं ?

यदि हम बातचीत के माध्यम से कोई समाधान नहीं ढूंढते हैं, तो हमारा हश्र गाजा और फिलिस्तीन जैसा ही होगा, जिन पर इस्राइल बमबारी कर रहा है...'

### शीतलहर से जूझ रहे दिल्ली-एनसीआर फसमेत उ. भारत में घना कोहरा

**नई दिल्ली:** उत्तर भारत में मौसम ने पूरी तरह से करवट ले ली है। घने कोहरे की वजह से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। मंगलवार की सुबह दिल्ली-एनसीआर में ठंड के साथ सड़कों पर हल्का कोहरा भी नजर आया। सुबह के वक्त यमुना के किनारे कोहरे की परत नजर आई।

**कोहरे से थमी ट्रेनों की रफ्तार:** सर्द मौसम की वजह से रेल गाड़ियों की अधिकतम गति 15 से 20 किलोमीटर हो गई है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पूर्व मध्य प्रदेश में घना कोहरा छाया रहा। वहीं ओडिशा में हल्का और त्रिपुरा में मध्यम कोहरा छाया रहा।



वीर बाल दिवस पर गतका का प्रदर्शन करते हुए बच्चे।

# राम मंदिर: प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे येचुरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**अयोध्या** में 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कई लोगों को भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कर्नाटक के पूर्व सीएम और जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी को भी आमंत्रित किया गया है, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। वहीं दूसरी ओर, सीपीआई(एम) के महासचिव सीताराम येचुरी ने अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने के लिए मिलने वाले आमंत्रण को ठुकरा दिया है। मंगलवार को सीपीआई(एम) ने बयान में कहा कि धर्म एक निजी पसंद है।



**सीपीआई(एम) ने सोशल मीडिया पर किया पोस्ट**

सीपीआई(एम) ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में पोस्ट साझा करते हुए कहा कि हमारी नीति धार्मिक मान्यताओं और प्रत्येक व्यक्ति के अपने विश्वास को आगे बढ़ाने के अधिकार का सम्मान करना है। धर्म एक निजी पसंद है, जिसे राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। पार्टी के नेता सीताराम येचुरी समारोह में शामिल नहीं होंगे। बता दें सीताराम येचुरी को अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का आमंत्रण मिला है। सीपीआई(एम) पार्टी ने पोस्ट में कहा कि यह दुखद है कि भाजपा और आरएसएस ने धार्मिक समारोह को सरकारी प्रायोजित कार्यक्रम में बदल दिया है, जहां प्रधानमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और अन्य शामिल होंगे। पार्टी ने पोस्ट में कहा कि भारत में शासन का एक बुनियादी सिद्धांत है।

**विकास कार्य** सीएम ने पराला में 100.42 करोड़ रुपये से निर्मित अत्याधुनिक फल विधायन संयंत्र का किया लोकार्पि

# यह संयंत्र क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा: सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा**

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को शिमला जिले के ठियोग के पराला में 100.42 करोड़ रुपये की लागत से बने अत्याधुनिक फल विधायन संयंत्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि यह संयंत्र क्षेत्र के विकास में मील पत्थर साबित होगा। इस संयंत्र में वाइन, विनेगर तथा जूस तैयार किया जाएगा जिससे क्षेत्र के बागवानों को अपने उत्पाद के उचित दाम मिलेंगे तथा इनसे बनने वाले उत्पाद तैयार करने में भी तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि इस वर्ष



बरसात में भारी बारिश से आई आपदा ने कहर बरपाया था तथा सेब बहुल क्षेत्र में सम्पर्क मार्गों को भी इस आपदा से काफी नुक्सान पहुंचा था। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने इन सडकों को प्राथमिकता के आधार पर बहाल किया ताकि बागवानों के उत्पाद को मंडियों तक समय पर पहुंचाया जा सके ताकि उन्हें आर्थिक नुक्सान न हो। उन्होंने कहा कि इस वर्ष सेब के समर्थन मूल्य में 1.50 रुपये की ऐतिहासिक वृद्धि की गई है तथा इसे 12 रुपये प्रति किलो किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा 4500 करोड़ रुपये का विशेष राहत पैकेज दिया गया है।

उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को सरकार द्वारा घर बनाने के लिए धनराशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने आपदा से 48 घंटे के भीतर ही अस्थायी तौर पर पानीए बिजली आदि की सुविधाएं प्रदेश भर में बहाल की तथा इस आपदा में फंसे पर्यटकों को सुरक्षित निकाला गया।



# वीसी साहब, कब खत्म होगा नौ साल से आशियाने की बाट जोह रहे लोगों का इंतजार

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
**वीसी** साहब, बिल्डर प्रोजेक्ट में ईडब्ल्यूएस व एलआईजी फ्लैटों को आवंटित हुए नौ साल बीत चुके हैं लेकिन हजारों लोगों का आशियाने का इंतजार आज तक खत्म नहीं हुआ। परेशान आवंटी बिल्डरों के कार्यालय व प्राधिकरण में चक्कर काटकर तंग आ चुके हैं। मगर आशियाने का कब्जा नहीं मिल सका है। इसके लिए सीधे तौर पर प्राधिकरण के अधिकारी जिम्मेदार हैं। अगर अधिकारी प्रकरण को लेकर गंभीरता से काम करते तो आवंटियों को कब का कब्जा मिल गया होता। वर्ष 2014 में ड्रा के जरिए हजारों लोगों को ईडब्ल्यूएस व एलआईजी फ्लैटों का आवंटन हुआ था।



**कई अधिकारी आए गए पर नहीं मिला फ्लैट का कब्जाः** तब से लेकर अब तक जीडीए में कई अधिकारी आए और चले गए, लेकिन आवंटियों को फ्लैटों का कब्जा दिलाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मयंक कुमार ने बताया के उनके पिता के नाम ईडब्ल्यूएस फ्लैट आवंटित हुआ था। उन्हें अभी तक कब्जा नहीं मिला है। शनिवार को वह जीडीए कार्यालय पहुंचे और बिल्डर द्वारा मनमानी करने व कब्जा न देने की शिकायत की। इसी तरह कुसुमलता भी एलआईजी फ्लैट का कब्जा दिलाने की मांग को लेकर 50 से ज्यादा चक्कर लगा चुकी हैं लेकिन उनकी समस्या का भी समाधान नहीं हो रहा है। यह दो मामले तो सिर्फ उदाहरण मात्र हैं। प्रतिदिन काफी संख्या में सफल आवंटी जीडीए कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराते हैं। मगर कार्रवाई के नाम पर हर बार सिर्फ आश्वासन देकर उन्हें वापस लौटा दिया जाता है।

**यह है मामलाः** बिल्डर अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लोगों को बेचते देते थे लेकिन नियमानुसार उन्हें स्वीकृत फ्लैटों के एवज में 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस व एलआइजी फ्लैट नहीं बनाते थे। वर्ष 2013 में तत्कालीन जीडीए उपाध्यक्ष संतोष यादव ने बिल्डरों पर सख्ती करते हुए फ्लैटों का निर्माण शुरू कराया था। गरीब लोगों की आवासीय जरूरत को पूरा करने के मद्देनजर उन्होंने बिल्डरों से सूची लेकर योजना लांच कराई। 3700 लोगों को आवंटन भी किया गया, लेकिन उनका तबादला होने के बाद जीडीए अधिकारियों ने सुध नहीं ली। वहीं पैसा जमा न करने पर उप्पल चड्ढा समूह 111 व अग्रवाल एसोसिएट्स 144 लोगों का आवंटन निरस्त कर चुका है।

**निशाना बनाया**

8 परेशान आवंटी बिल्डरों के कार्यालय व प्राधिकरण में चक्कर काटकर तंग आ चुके हैं। मगर आशियाने का कब्जा नहीं मिल सका है

# मासूम को बचाने की मजबूरी में अस्मत लुटा बैठी मां, महिला की चीख-पुकार सुनकर दौड़े राहगीर


**टीम एक्शन इंडिया/दनकौर।** क्षेत्र स्थित यमुना नदी के बांध के पास एक महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित ने महिला की पांच वर्षीय बेटी को यमुना में फेंकने की धमकी दी, जिसके बाद महिला मजबूर हो गई। आरोपित काफी देर तक महिला की अस्मत लूटता रहा। पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। मामला दनकौर क्षेत्र के एक गांव का है, सोमवार दोपहर एक महिला पांच वर्षीय बेटी के साथ अपने खेत की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कासना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव का मोटर साइकिल सवार युवक सुबीन कुमार वहां से गुजर रहा था। आरोपित ने महिला को खेत के पास छोड़ने का झांसा देकर मोटर साइकिल पर बैठा लिया। यमुना नदी के बांध से आगे पहुंच कर आरोपित ने सुनसान जगह पर मोटर साइकिल रोक ली। महिला का कहना है कि आरोपित ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध किया तो बेटी को छीन लिया व यमुना नदी में फेंकने की धमकी दी। डरा-धमकाकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया।



**डर की वजह से शोर नहीं मचा सकी महिलाः** आरोपित काफी देर तक महिला के साथ दरिंदगी करता रहा, लेकिन डर की वजह से महिला शोर भी नहीं मचा सकी। कुछ देर बाद वहां से कुछ दूरी पर राहगीरों को देखकर महिला ने मदद की गुहार लगाई। महिला के चीखने की आवाज सुनकर लोग घटना स्थल की तरफ दौड़े व आरोपित को पकड़ लिया गया। लोगों ने आरोपित की पिटाई की व बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया। सूचना पाकर महिला के स्वजन भी घटना स्थल पर पहुंच गए। महिला की तहरीर के आधार पर आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया है।

दनकौर कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह का कहना है कि पीड़िता महिला व आरोपित युवक एक दूसरे के परिचित हैं। आरोपित के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# नोएडा अथॉरिटी पर 105 गांवों के किसानों की महापंचायत हुई शुरू



**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण** में नोएडा ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण की बोर्ड बैठक का आयोजन चल रहा है। उधर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों की मांगों को लेकर गौतमबुद्नगर के 104 गांव के किसानों की महापंचायत कार्यालय के बाहर धरना स्थल पर शुरू हो गई है।

**नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के सभी गेट बंद** : इसमें नोएडा के 81 गांव और दादरी के 24 गांव के किसान बड़ी संख्या में पहुंचे हैं। इस दौरान दौरान भारी संख्या में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के सभी गेट बंद कर दिए गए हैं। कार्यालय पर काम करने के लिए आने वालों को प्रवेश नहीं देने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो रही है। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने कहा कि महापंचायत में जो पंचो की राय होगी उसी के अनुसार आगे आंदोलन को बढ़ाया जाएगा। प्राधिकरण की अनिश्चित कालीन तालाबंदी भी की जा सकती है। इससे पहले भी किसान प्राधिकरण की तालाबंदी कर चुके है। दोपहर को किसान ट्रैक्टर ट्रॉली के जरिए नोएडा प्राधिकरण आएं।। महापंचायत के बाद किसान यही रुकेंगे। इस दौरान अधिकारियों से सीधे बातचीत भी की जा सकती है। इसके लिए अधिकारियों को महापंचायत में आमंत्रित किया जाएगा। यदि यहां समस्या का हल नहीं निकला तो दिल्ली जाकर अपनी आवाज रखी जाएगी। महापंचायत में अन्य किसान संगठन भी हिस्सा ले सकते है।

**धरना दे रहे किसानों की मांग**
10 प्रतिशत अतिरिक्त भूखंड प्रत्येक किसान को किया जाए। आबादी की सीमा 450 मीटर से बढ़ाकर एक हजार मीटर की जाए। अतिक्रमण के नाम पर किसानों के भूखंड को प्राधिकरण में न रोका जाए। पांच प्रतिशत के विकसित भूखंड पर वाणिज्यिक गतिविधि अनिवार्य की जाए। किसान नेता राजेंद्र यादव ने बताया कि किसान 2019 से मांगों को लेकर समय-समय पर प्राधिकरण के बाहर प्रदर्शन कर रहे है।

इस बार भी प्रदर्शन करते हुए उन्हें 17 दिनों से ज्यादा बीत गए, लेकिन अभी तक उनकी मांगों को नहीं माना गया।

# शराब के नशे में धुत लोगों को घर तक छोड़ेगी नोएडा पुलिस, 20 से ज्यादा कैब की बुक

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** सेक्टर-38ए स्थित जीआइपी, गार्डन गैलेरिया, सेक्टर-18 स्थित डीएलएफ मॉल व सेक्टर-18 के रेस्तरां, होटलों में नव वर्ष पर शराब के अत्यधिक सेवन के बाद ऐसे लोगों को सही सलामत घर तक छोड़ने के लिए नोएडा पुलिस की ओर से 20 से अधिक कैब बुक की गई है। इस कैब का किराये लोगों को खुद ही देना होगा। रेस्तरां संचालकों को ग्रीन बेल्ट, पार्किंग स्थल के डार्क स्पॉट वाली जगह पर प्रबंधन को नव वर्ष से पहले प्रकाश की व्यवस्था करनी होगी। सुनसान जगहों को बैरिकेड लगाकर बंद करना होगा। यहां सीसीटीवी लगाए जाएंगे। इनकी दिशा सही करनी होगी, जिसमें वाहन नंबर के साथ चालक का चेहरा दिखाई दे।



**रात 11 बजे के बाद तेज म्यूजिक बजाने पर होगी मनाहीः** मॉल में क्षमता से अधिक भीड़ी होने पर प्रवेश द्वार को बंद करना होगा। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार रात 11 बजे के बाद तेज आवाज में संगीत का प्रयोग नहीं किया जा सकेगा। मॉल के सुरक्षागार्ड नशा में मिलने पर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई होगी। नव वर्ष पर बार में ड्रग मिलने पर लाइसेंस रद्द होगा। डीएलएफ मॉल इंडिया में इस वर्ष एक एक लाख, जीआइपी और गार्डन गलेरिया में करीब 40 हजार व सेक्टर-18 में करीब दस हजार लोगों के जुटने की संभावना है। लाखों की संख्या में लोग वाहन से पहुंचेंगे। मॉल, रेस्तरां प्रबंधक को चेतावनी दी है कि वाहन को निर्धारित मल्टी लेवल पार्किंग में भेजे।

**मॉल के पास 200 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की होगी तैनातीः** ट्रैफिक पुलिस से क्रेन की मांग की है। जिससे नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाया जा सके। बीच सड़क पर वाहन पार्क होने पर उसे क्रेन से टोईंग कर सीज की कार्रवाई की जाएगी। मॉल के आसपास 200 से अधिक पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। 50 महिला पुलिसकर्मी भी शामिल होंगी। सभी जगह हेल्प डेस्क बनाए जाएगी। मॉल के हेल्प डेस्क पर फ्लोर होगी। जहां पुलिसकर्मियों के साथ मॉल के सुरक्षागार्ड वाकी टाकी के साथ तैनात रहेंगे। गार्डन गैलेरिया में 26, सेक्टर-18 में 11, डीएलएफ में तीन व सेक्टर-32ए स्थित लाजिक्स मॉल में तीन बार है।

# एफएआर देकर विकास में आ रही बाधा को दूर करेगा जीडीए

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** जमीन न मिलने के कारण विकास योजनाओं का अधर में लटकना गाजियाबाद में बड़ी समस्या है। जिले के कई क्षेत्रों में जमीन न मिलने के कारण कहीं सड़क नहीं बन पाई है तो कहीं आरओबी तो कहीं प्रोजेक्ट पूरे नहीं हुए हैं।

**जीडीए पर नहीं पड़ेगा आर्थिक बोझ** : समस्या से पार पाने ने गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने ट्रांसफर डेवलपमेंट राइट (टीडीआर) नीति लागू करने का निर्णय लिया है। जीडीए टीडीआर नीति लागू करने वाला उत्तर प्रदेश का पहला विकास प्राधिकरण है। टीडीआर नीति के तहत जमीन लेने से जीडीए पर आर्थिक बोझ भी नहीं पड़ेगा। टीडीआर नीति के तहत रास्ते या किसी भी प्रोजेक्ट के बीच में आ रही जमीन को प्राधिकरण लेगा और उसके बदले में किसानों को फ्लोर एरिया रेश्यो (एफएआर) देगा। एफआरआर सर्किल रेट का 16 प्रतिशत होता है। उदाहरण के रूप में किसी क्षेत्र में सर्किट रेट एक लाख रुपये प्रति वर्गमीटर है तो 16 प्रतिशत के हिसाब से 16 हजार रुपये प्रति वर्ग फुट के हिसाब से एफएआर दिया जाएगा। जमीन की जितनी कीमत होगी। उसी के अनुसार एफएआर दिया जाएगा। ट्रांसफर डेवलपमेंट राइट (टीडीआर) के तहत जमीन लेने पर प्राधिकरण किसानों को एफएआर का सर्टिफिकेट व बांड देगा, जिसके आधार पर वह एफएआर को बाजार में बिल्डर को बेचकर नकद पैसा ले सकेंगे।

**किसानों को भी मिलेगा लाभः** यह एफएआर किस-किस क्षेत्र में बेचा जा सकेगा। बांड या सर्टिफिकेट में यह बात स्पष्ट रूप से दर्ज होगी।

ट्रांसफर डेवलपमेंट राइट नीति अटकी योजनाओं को पूरा करने के लिए काफी कारगर होगी। इससे किसानों के साथ प्राधिकरण को भी फायदा होगा।


## पहचान की अपील



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पिताः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 63 साल, **कद** : 5 फिट 5 इंच, **रंग** : गेहुँआ **पहनावाः** अस्पताल का कपड़ा जो आरएमएल अस्पताल दिल्ली में दिनांक 08.12.2023 को रात 20:14 बजे मृत मिला। इस संदर्भ में **डीडी सं. 105ए, दिनांक : 08.12.2023 के तहत** थाना जहाँगीर पुरी, दिल्ली में दर्ज की गई है।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

**थानाध्यक्ष**
**थाना : जहाँगीर पुरी, दिल्ली**
DP/14917/NW/2023 **फोनः 011-27636000, 27631600**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त जितंदर उर्फ जतिन, पुत्र मोहन, पताः** घून्नु और सी74, चंदर विहार, दीप एन्क्लेव, विकास नगर, नई दिल्ली, ने **FIR 168/2019, dated 01.02.2019, U/s 379/356/411 IPC** थाना जनकपुरी, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जितंदर उर्फ जतिन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जितंदर उर्फ जतिन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR 168/2019, dated 01.02.2019, U/s 379/356/411 IPC** थाना जनकपुरी, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जितंदर उर्फ जतिन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री भारती बेनीवाल**
महानगर दण्डाधिकारी–11, दक्षिण–पश्चिम,
कमरा नं. 5, भूतल,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
**DP/14826/WD/2023**

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## धर्म परिवर्तन

मैं, आदिल पुत्र श्री निसार अहमद निवासी मकान नंबर 152, वार्ड नंबर 12, हाली कॉलोनी, जिला पानीपत हल्फ ब्यान करता हूं कि मैं अभी मुस्लिम धर्म से हूं, अब मैंने बिना किसी के दबाव के अपना धर्म मुस्लिम से बदलकर सनातन कर लिया है और मैं आज के बाद सनातन धर्म के अनुसार सनातन रीति रिवाजों को मानूंगा, सनातन धर्म के अनुसार नाम रखूंगा।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## change of name

It is for general information that I, Somansh S/o Manoj Kumar R/o House no-273, Hanuman Gali, Karnal, Haryana - 132001, declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Manoj Singla and Yashu Singla respectively in my 10th and 12th Class School Certificate Cum Marksheet. The actual name of my father and my mother are Manoj Kumar and Yashu respectively, which may be amended accordingly.

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में यमुना पर 17वां पुल तैयार, जाम से मिलेगी मुक्ति

## 82.5 किमी लंबे (आरआरटीएस) कारिडोर पर यह पुल सराय काले खां एवं न्यू अशोक नगर स्टेशन को जोड़ने के लिए तैयार किया गया

**नमो भारत ट्रेन**

8 दिल्ली में आने वाले इस कारिडोर के 14 किमी के हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी के खाते में यमुना पर 17वां पुल भी आ गया है, इस पर नमो भारत ट्रेन दौड़ेगी। 82.5 किमी लंबे दिल्ली-मेरठ रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) कारिडोर पर यह पुल सराय काले खां एवं न्यू अशोक नगर स्टेशन को जोड़ने के लिए तैयार किया गया है। गौरतलब है कि दिल्ली में आने वाले इस कारिडोर के 14 किमी के हिस्से में निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। इस सेक्शन में जंगपुरा, सराय काले खां, न्यू अशोक नगर और आनंद विहार चार स्टेशन हैं। इनमें जंगपुरा, सराय काले खां और न्यू अशोक नगर एलिवेटेड स्टेशन हैं, जबकि आनंद विहार अंडरग्राउंड स्टेशन है।

**डीएनडी फ्लाईवे के समानांतर बना है ये पुलः** यमुना पर आरआरटीएस का यह पुल डीएनडी फ्लाईवे के समानान्तर बनाया गया है। यह पुल एक ओर सराय काले खां आरआरटीएस स्टेशन के एलिवेटेड वायाडक्ट से कनेक्ट होगा।

### यह पुल आरआरटीएस ट्रेनों को 160 किमी प्रति घंटा की गति प्रदान करने में सक्षम होगा

**दूसरी** ओर आरआरटीएस कारिडोर पर न्यू अशोक नगर आरआरटीएस स्टेशन के वायाडक्ट से जुड़ेगा। इस पुल की लंबाई करीब 1.3 किमी है। इसका 626 मीटर का हिसा यमुना पर जबकि बाकी हिस्सा दोनों ओर खादर क्षेत्र में है। पुल में 32 पिलर हैं और दो पिलरों के बीच में 44 मीटर का दायरा रखा गया है। पुल का निर्माण लांचिंग गैंट्री (तारिणी) की मदद से सेग्मेंट को जोड़कर हुआ है। यह पुल आरआरटीएस ट्रेनों को 160 किमी प्रति घंटा की गति प्रदान करने में सक्षम होगा। पहले से बने हुए हैं 16 पुल मालूम हो कि दिल्ली के आर्थिक सर्वेक्षण 2021 के मुताबिक यमुना नदी का 54 किलोमीटर हिस्सा राजधानी से होकर गुजरता है। इस हिस्से में 16 पुल पहले से बने हुए हैं। इनमें सड़क यातायात, रेलवे एवं मेट्रो के लिए बने सभी पुल शामिल हैं। इसके अलावा कोंडली के भीड़भाड़ वाले इलाके में गाजीपुर ड्रेन को पार करने के लिए कुल 360 मीटर लंबे छह स्पेशल स्टील स्पैन स्थापित किए गए हैं। साथ ही, न्यू अशोक नगर में आरआरटीएस वायाडक्ट ने दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन को ऊपर से क्रॉस किया है।

**दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कारिडोर को जून 2025 तक परिचालित कर दिया जाए**

**लक्ष्य**

8 न्यू अशोक नगर में आरआरटीएस वायाडक्ट ने दिल्ली मेट्रो की ब्लू लाइन को ऊपर से क्रॉस किया है

दिल्ली से मेरठ तक 2025 में रैपिड रेल चलने की पूरी उम्मीद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन विकास निगम (एनसीआरटीसी) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स का कहना है, लक्ष्य यही रखा गया है कि पूरे दिल्ली-गाज़ियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कारिडोर को जून 2025 तक परिचालित कर दिया जाए।

# यौन शोषण मामले पर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य मंत्री को सौंपी रिपोर्ट



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराड़ी** अस्पताल यौन शोषण मामले पर मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) सौंप दी है। इस मामले पर स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव से रिपोर्ट मांगी थी। मुख्य सचिव दफ्तर के सूत्रों ने बताया कि मुख्य सचिव ने इस मामले में दिल्ली पुलिस कमिश्नर (लॉ एंड ऑर्डर) को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं एटीआर के हवाले से बताया कि गया है कि इस मामले में दिल्ली पुलिस ने पीडित सहित सभी संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज कर लिए गये हैं और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि आरोपी की नियोक्ता फर्म इस मामले में जिम्मेदार पायी जाती है तो दिल्ली पुलिस उसके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई करेगी। वहीं मामले की जांच के लिए बुराड़ी अस्पताल द्वारा गठित इंटरनल कंप्लेंट कमेटी (आईसीसी) की बैठक हुई है। जिसमें सभी 54 महिला कर्मचारी शामिल हुईं। इनमें से तीन को छोड किसी भी महिला कर्मी ने सेक्सुअल फेवर मांगे जाने की बात नहीं कही। हालांकि इन तीन महिला कर्मियों ने जिन चार लोगों पर आरोप लगाया था उन्हें आउटसोर्सिंग एजेंसी/कांट्रेक्टर ने टर्मिनेट कर दिया है।कमेटी ने पीड़ितों की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करने व आउटसोर्स सुपरवाइजर्स रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखने का निर्देश दिया है। मुख्य सचिव कार्यालय ने भारद्वाज के रिपोर्ट नहीं सौंपने के आरोपों को भी खारिज कर दिया है।

कार्यालय की ओर से कहा गया है कि कुमार ने अस्पताल की महिला कर्मियों द्वारा लगाए गए आरोपों पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट भारद्वाज को सौंप दी है। इसमें कहा गया है कि रिपोर्ट में 24 दिसंबर के नोट में उठाए गए हर मुद्दे पर बिंदुवार प्रतिक्रिया शामिल है।

# सांसों पर आफत का दौर जारी, हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में एयर इंडेक्स में पिछले दिन के मुकाबले आंशिक गिरावट हुई है। फिर भी प्रदूषण से लोगों को खास राहत नहीं मिली है। घने कोहरे के बीच मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है।

**बुधवार को बढ़ सकता प्रदूषण का स्तरः** ऐसे में लोगों की सांसों पर आफत का दौर जारी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीबीसीबी) के अनुसार वहा की गति कम होने और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण बुधवार को प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है। इस वजह से हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में पहुंच सकती है। सीपीसीबी के अनुसार सुबह आठ बजे दिल्ली का एयर इंडेक्स 373 है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में है। दिल्ली के चार इलाकों में एयर इंडेक्स 400 से अधिक गंभीर श्रेणी में बना हुआ है। इसमें नेहरू नगर, जहांगीरपुरी, वजीरपुर व मुंडका का इलाका शामिल है। **तीन दिन गंभीर श्रेणी में थी दिल्ली की हवाः** नेहरू नगर में एयर इंडेक्स 421, जहांगीरपुरी में 416, वजीरपुर में 401 और मुंडका में एयर इंडेक्स 417 रहा। उल्लेखनीय है कि 22 से 24 दिसंबर तक तीन दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में बनी हुई थी। इसके बाद एक दिन पहले 25 दिसंबर को दिल्ली का एयर इंडेक्स बेहद खराब श्रेणी में 383 था। इस तरह पिछले दिन के मुकाबले एयर इंडेक्स में दस अंकों की गिरावट हुई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार वहा की गति कम होने और स्थानीय मौसमी परिस्थितियों के कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ सकता है।

**प्रदूषण का स्तर**

8 घने कोहरे के बीच मंगलवार सुबह लगातार दूसरे दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब श्रेणी में बरकरार है।

# दिल्ली के करीब तीन दर्जन इलाकों में पानी का संकट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में एक बार फिर से लोगों को पानी की दिक्कत होगी। यमुना में प्रदूषण का स्तर बढ़ने के कारण करीब तीन दर्जन इलाकों में पानी की समस्या बनी रहेगी।

**कम हुई वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमताः** दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि वजीराबाद में यमुना नदी में प्रदूषक तत्वों (2.3 पीपीएम से अधिक अमोनिया) के उच्च स्तर के कारण वजीराबाद और चंद्रावल के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता 25-30 फीसद तक कम हो गई है।

# चाकूबाजी से फिर दहली दिल्ली, मोमोज खाने गए युवक पर सरेआम चाकू से वार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में पुलिस से मुखबिरी करने के शक में बीच सड़क दो बदमाशों ने अपने साथियों के साथ एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। युवक को लहूलुहान करके आरोपित मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में राहुल को उसके स्वजन ने इलाज के लिए जीटीबी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

**दो बदमाशों ने दिया घटना को अंजामः** गोकलपुरी थाना पुलिस ने हथियार से नुकसान पहुंचाने समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। राहुल अपने परिवार के साथ गंगा विहार में रहता है। वह गाजियाबाद में मजदूरी करता है। सोमवार रात को वह संजय कॉलोनी में मोमोज खाने के लिए गया था। जब वह वहां से घर लौटने लगा तो डी-ब्लाक पार्किंग के पास उसे कंगला व टाटा नाम के दो बदमाशों ने अपने साथियों के साथ घेर लिया।

**पुलिस से मुखबिरी करने का था शकः** आरोप है कि बदमाशों ने उससे पूछा की क्या वह गंगा विहार में पुलिस का मुखबिर है। जैसे ही युवक ने न कहा बदमाशों ने उसे लात घूंसों से पीट दिया। कंगला व टाटा ने चाकू निकाल कर उसपर ताबड़तोड़ वार कर दिए। आगे से पुलिस से मुखबिरी करने पर हत्या करने की धमकी दी। हाथ, कंधे व पीठ पर वार करके आरोपित भाग गए। पुलिस को जांच में पता चला है कि पीड़ित युवक की कंगला नाम के शख्स से किसी बात पर कहासुनी हुई थी।

# पीएफआई नेता बशीर चार दिनों की ईडी की हिरासत में



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के पटियाला हाउस कोर्ट ने प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता मोहम्मद बशीर को चार दिनों की ईडी हिरासत में भेज दिया है। बशीर की आज ईडी हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने पीएफआई से जुड़े मनी लान्ड्रिंग के मामले में बशीर से पूछताछ के लिए हिरासत बढ़ाने की मांग की। ईडी ने कहा कि बशीर को पीएफआई के केरल दफ्तर से बरामद 35 दस्तावेजों को दिखाकर पूछताछ की गई है। कोर्ट ने 22 दिसंबर को पीएफआई के पांच प्रमुख पदाधिकारियों को 6 दिनों की ईडी की हिरासत में भेजा था। कोर्ट ने जिन आरोपितों को ईडी की हिरासत में भेजने का आदेश दिया था उनमें पीएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक एएस इस्माईल, पीएफआई के कर्नाटक के अध्यक्ष मोहम्मद शकीफ, 2020 तक पीएफआई के राष्ट्रीय सचिव रहे अनीस अहमद, जब पीएफआई को प्रतिबंधित किया गया तब राष्ट्रीय सचिव रहे अफसर पाशा और पीएफआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे ईएम अब्दुल रहीमान शामिल हैं। ये सभी प्रतिबंधित संगठन सिमी से भी जुड़े थे।

**पूछताछ**

8 बशीर को पीएफआई के केरल दफ्तर से बरामद 35 दस्तावेजों को दिखाकर पूछताछ की गई है

# 5 साल में दो लाख लोग हो गए बुजुर्ग, पेंशन स्कीम से नहीं जुड़ा कोई नाम




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** बुजुर्ग पेंशन धारकों का कोटा नहीं बढ़ पा रहे है, ऐसे में दिल्ली में नए बुजुर्गों को पेंशन नहीं मिल पा रही है। आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले पांच साल में एक भी नए बुजुर्ग की पेंशन नहीं बंधी है। जबकि इस दौरान बुजुर्गों की जो रिक्तियां हुई हैं वे भी नहीं भरी गई हैं। एक अनुमान के अनुसार इस समय दो लाख के करीब ऐसे नए बुजुर्ग हैं जो पेंशन के हकदार हैं, विधायकों और निगम पार्षदों के कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद अब कई बुजुर्ग शांत होकर बैठ गए हैं तो कई अभी भी अपनी जंग जारी रखे हुए हैं।

**सरकार से नहीं मिल सका जवाब** समाज कल्याण विभाग के अधिकारी उन्हें यह जवाब दे रहे हैं कि यह नीतिगत मामला है, सरकार इस बारे में फैसला लेगी। उधर सरकार से इस बारे में जब पक्ष मांगा गया जो मिल नहीं सका है। दिल्ली में पिछले छह साल से बुजुर्गों की नई पेंशन नहीं बंध पा रही है। इससे पहले 17 अक्टूबर 2018 को सरकार के एक आदेश में नई पेंशन के लिए आवेदन करने का अधिकार क्षेत्र के विधायक की लॉगइन से कर दिया गया था।

**हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद बंद हैं आवेदनः** इसका मतलब यह था कि जो भी व्यक्ति विधायक की लॉगइन से आवेदन करवाएगा उसी की ही पेंशन बंध सकेगी। मगर इसके विरोध में कुछ लोग हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने एक आदेश में इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि विधायक की लॉगइन से नहीं नई पेंशन के लिए आवेदन करने का अधिकार सार्वजनिक कर दिया जाए। लगभग उसी समय से पेंशन के लिए नए आवेदन बंद हैं। समाज कल्याण विभाग ने एक आरटीआई में माना है कि दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन की कुल रिक्तियां पांच लाख 30 हजार हैं मगर वर्तमान में चार लाख 29 हजार 210 को ही पेंशन मिल रही है।

**एक लाख सात सौ 90 रिक्तियों पर नहीं मिल पा रही पेंशनः** यानी सीधे तौर पर देखा जाए तो एक लाख सात सौ 90 रिक्तियां हैं। इस हिसाब से इतने बुजुर्गों को पेंशन मिल सकती है। मगर समाज कल्याण विभाग कह रहा है कि नई पेंशन के लिए उसके पास रिक्तियां नहीं हैं।

**पेंशन के हकदार**

8 आपको जानकर हैरानी होगी कि पिछले पांच साल में एक भी नए बुजुर्ग की पेंशन नहीं बंधी है

# पंजाबी बाग में 1500 रुपये के लिए व्यक्ति की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पश्चिमी** दिल्ली के पंजाबी बाग में 29 वर्षीय एक व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि व्यक्ति के एक पड़ोसी ने 1500 रुपये के लिए हत्या कर दी है। 22 दिसबंर को उसके घर से पुलिस को शव मिला।

**पीड़ित के घर शव बरामदः** पुलिस ने बताया कि मृतक विनोद उर्फ विन्नू का शव मादीपुर जेजे क्लस्टर के उसके घर से बरामद किया गया है। मृतक के शरीर पर चाकू के कई वार किए थे। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। पता चला कि विनोद पड़ोसी मोहम्मद अब्दुला के साथ झगड़ा हुआ था। वह इलेक्ट्रीशियन का काम करता था।

**1500 रुपये के लिए हुई थी बहसः** पुलिस ने बताया कि घटना से एक दिन पहले विनोद और अब्दुल्ला के बीच पिछले बकाया के 1,500 रुपये को लेकर बहस हुई थी। विनोद अब्दुल्ला के घर गया था लेकिन वह वहां नहीं मिला। इससे उसे गुस्सा आ गया और उसने अब्दुल्ला के परिवार वालों पर चिल्लाना शुरू कर दिया। अब्दुल्ला को विनोद के अपने परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में पता चला। अगले दिन वह विनोद के घर गया और उस पर कई बार चाकू से वार किया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि विनोद अपने बड़े भाई के साथ घर में रहता था।

**आरोपी हिरासत में**

8 अब्दुल्ला को विनोद के अपने परिवार के सदस्यों के साथ दुर्व्यवहार के बारे में पता चला। अगले दिन वह विनोद के घर गया और उस पर कई बार चाकू से वार किया

# दिल्ली की सैर पर निकलीं दुआ लीपा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
सिंगर दुआ लीपा भारत दौरे पर छुट्टियां मनाने आई हैं। राजस्थान घूमने के बाद अब वो राजधानी दिल्ली पहुंच गई हैं। वह भारत अपने परिवार के साथ आई हैं और छुट्टियों का आनंद ले रही हैं। दिल्ली में वह प्रसिद्ध बंगला साहिब गुरुद्वारे पहुंचीं, जहां उन्होंने आशीर्वाद दिया। इसके बाद वो परिवार के साथ हुमुयां का मकबरा (ल्४ें८४ल्ल ळङ्घ्) पहुंची। यहां उन्होंने अपने परिवार के साथ तस्वीर भी खिंचाई। दिल्ली में आने के बाद दुआ लीपा के पिता डुकागजिन लीपा ने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों को शेयर किया है। उन्होंने फोटो कैप्शन लिखा है कि, भारत की यात्रा दिल्ली में हुमायूं के मकबरे के साथ शुरू।" उन्होंने हुमायूं का मकबरा और बंगला साहिब गुरुद्वारे की फोटो साझा की हैं। फोटो शेयर करने के बाद सिंगर दुआ लीपा के फैंस ने कमेंट करने शुरू कर दिए। एक इंस्टाग्राम यूजर ने लिखा, परफेक्ट फैमिली। हम आपसे प्यार करते हैं। दूसरे ने कमेंट किया, क्या खूबसूरत परिवार है।

**राजस्थान से की भारत दौरे की शुरूआतः** दुआ लीपा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कई तस्वीरें साझा की हैं। हर तस्वीर में दुआ अलग-अलग अंदाज में नजर आ रही हैं। तस्वीरों में दुआ को अपने दोस्तों के साथ राजस्थान की प्राकृतिक और सुंदरता के मजे लेती नजर आ रही हैं। हालांकि, उन्होंने कैप्शन में अपनी यात्रा के बारे में कुछ भी जिक्र नहीं किया है। कैप्शन में लिखा, मेरी ओर से आपको हैप्पी छुट्टियां। आने वाले साल के लिए प्यार, हल्का स्वास्थ्य और खुशियां भेजना।

**हिंदू विरोधी**

## हिंदू धर्म पर विवादित टिप्पणी पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती है

# हिंदू धर्म नहीं... वाले बयान पर स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ होगी कार्रवाई? शिकायत दर्ज



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हिंदू** धर्म पर विवादित टिप्पणी पर सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। एक वकील ने स्वामी प्रसाद के खिलाफ उनकी टिप्पणी को लेकर दिल्ली पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है। सपा नेता की गिरफ्तारी की मांग की
वकील ने विनीत जिंदल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर कहा कि उन्होंने दिल्ली पुलिस में 'हिंदू धर्म एक धोखा है' के बयान को लेकर दिल्ली पुलिस में शिकयत दी है। उन्होंने सपा नेता की गिरफ्तारी की मांग की है। इससे पहले वकील विनीत जिंदल ने एक वीडियो में कहा कि स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। जिंदल ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी नेता स्वामी प्रसाद, हिंदू धर्म और हिंदू देवी-देवताओं पर अपनी विवादित टिप्पणी के लिए जाने जाते हैं। कल उन्होंने दिल्ली में एक पब्लिक रैली को लेकर संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म एक धोखा है। वह पहले भी इस तरह के बयान दे चुके हैं। विनीत जिंदल ने आगे कहा कि उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए, जो राजनीतिक लाभ के लिए हमारे देश में सांप्रदायिक वैमनस्य पैदा करना चाहते हैं। चुनाव आयोग ने भी नफरत फैलाने वाले भाषण देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

स्वामी प्रसाद मौर्य ने क्या कहा था? इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी विवादित टिप्पणी 'हिंदू धर्म एक धोखा है' को सही ठहराया। उन्होंने दिल्ली में राष्ट्रीय बौद्ध और बहुजन अधिकार सम्मेलन में बोलते हुए कहा कि 1955 में सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक जीवन पद्धति है। यह 200 से ज्यादा धर्मों का समूह है. यहां तक कि मोहन भागवत ने भी एक बार नहीं बल्कि दो बार कहा था कि हिंदू कोई धर्म नहीं है, लेकिन यह जीवन जीने का एक तरीका है।

**गिरफ्तारी की मांग**

8 इससे पहले स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी विवादित टिप्पणी 'हिंदू धर्म एक धोखा है' को सही ठहराया

# श्रीमद्भागवत ज्ञान महायज्ञ का हुआ शुभारंभ

## श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव: कविता जैन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर के** चिटाना माता वाले मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारम्भ कलश यात्रा के साथ बड़े धूमधाम से किया गया। आज सुबह काली माता मंदिर से महिला श्रद्धालुओं ने ढोल बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली जो धोबी पाड़ा, सुनारों वाली गली, हलवाई हट्टा आदि विभिन्न जगहों से होते हुए वापिस कथा स्थल चिटाना माता वाले मंदिर में पहुंची। पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन विशेष रूप से कलश यात्रा में शामिल हुई । इस अवसर पर वृन्दावन से पहुंचे कथावाचक स्वामी वैभव महाराज,, पार्षद हरि प्रकाश सैनी, आयोजक अमित शौनक सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे । इस अवसर पर कविता जैन ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में व्यक्ति की हर



परेशानी व दुविधा का हल मिलता है। हिंदू धर्म में सभी ग्रंथों में सबसे श्रेष्ठ श्रीमद्भगवद्गीता मानी जाती है, क्योंकि इसमें व्यक्ति के जीवन का सार है। श्रीमद्भगवद्गीता में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को उपदेश दिए हैं और इन उपदेशों की मदद से भगवान श्री कृष्ण अर्जुन को इस संसार का सत्य बताते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है। दोपहर में संगीतमय कथा का आयोजन किया गया। कथावाचक स्वामी वैभव महाराज ने प्रवचन कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। उनहोंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट होकर प्राणी मात्र का लौकिक व आध्यात्मिक विकास होता है। कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है। कथा कल्पवृक्ष के समान है, जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है। संगीतमय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के आयोजक अमित शौनक ने बताया कि चिटाना वाली माता मंदिर में 26 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो बजे से प्रभु इच्छा तक संगीतमय कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 2 जनवरी को सुबह 9.00 बजे हवन यज्ञ के समापन पर हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पंडित ब्रह्म प्रकाश शौनक, राजेश शौनक, महेश गोयल, तरुण गोयल, दिनेश कुच्छल, टाणु कुच्छल, सुजेश कुच्छल, आशुतोष, मनीष, विक्रांत आदि कृष्ण भक्त एवं सैंकड़ो महिलाएं उपस्थित रही।

# तुलसी पूजन से घर में सुख शांति व समृद्धि बनी रहती है: संदीप गर्ग

**संस्कृति**

> हम सभी को तुलसी पूजन करना चाहिए और अपने-अपने घरों में एक-एक तुलसी का पौधा लगवाना चाहिए



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा(दलबीर मलिक)** सोमवार सांय शहर के विकास नगर वार्ड 5 में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन एवं राम नाम प्रचार समिति द्वारा तुलसी पूजन का कार्यक्रम आयोजित करवाया गया। जिसमें नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए नेता एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि श्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन व राम नाम प्रचार सेवा समिति द्वारा जो यह तुलसी पूजन कार्यक्रम करवाया गया है, उसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि हम सभी को तुलसी पूजन करना चाहिए और अपने-अपने घरों में एक-एक तुलसी का पौधा अवश्य लगवाना चाहिए और उसकी प्रतिदिन पूजा अर्चना व उसमें जल देना चाहिए, उससे घर में सुख शांति समृद्धि बनी रहती है। वहीं श्री अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन लाडवा इकाई के प्रधान आशीष कंसल ने बताया कि तुलसी पूजन को लेकर तुलसी के पौधों की पूजा अर्चना की गई व कार्यक्रम में पहुंचे सभी श्रद्धालुओं द्वारा दीपक जलाए गए और तुलसी माता की आरती की गई। वहीं मौके पर पहुंचे मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य व्यक्तियों को समृति चिन्ह व तुलसी के पौधे भेंट किए गए।

# खुश रहने व ईश्वर की सेवा करने का सबसे बढ़िया तरीका: विज

**हर्षोल्लास**

> आज खुशियां मनाने और बांटने का, उपहार लेने और देने का, एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का दिन





**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा** के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह धरती पर अवतरित हुए जिन्होंने मानव जाति को खुश रहने का मार्ग बताया और सेवा का संदेश दिया। विज क्रिसमस के पावन अवसर पर सदर बाजार स्थित सीएनआई चर्च और सुंदर नगर स्थित चर्च में आयोजित कार्यक्रमों के उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। श्रद्धालुओं को क्रिसमस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज यीशु मसीह के जन्मदिन का पवित्र दिन है, आज खुशियां मनाने और बांटने का, उपहार लेने और देने का, एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का दिन है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा मनुष्य सेवा के लिए हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि समूचे विश्व में अनेकों प्रकल्प चलाए जाते हैं व जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। जब तक सभी खुश नहीं होंगे तब तक असली आनंद का आभास लिया नहीं जा सकता। खुश रहने व ईश्वर की सेवा करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि ईश्वर के भेजे हुए लोगों में हम खुशियां बांटे। यहीं संदेश यीशु मसीह के द्वारा इस धरती पर दिया गया। आज सारे विश्व में यह दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इससे पहले चर्च प्रबंधन कमेटी की ओर से गृह मंत्री अनिल विज को शॉल पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर जस्टिस विश्वास मल, सचिव राजू बाली, कोषाध्यक्ष रॉबर्ट मैसी, राजेश कुमार व अन्य ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल प्रधान राजीव गुप्ता डिम्पल, विजेंद्र चौहान, दीपक भसीन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आपकी खुशी में हर वर्ष शरीक होता हूं : मंत्री अनिल**

सीएनआई चर्च में आयोजित कार्यक्रम में गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि क्रिसमस के अवसर पर वह इस खुशी में जरूर शामिल होते हैं। हर वर्ष आज के दिन वह आपके बीच में शामिल होकर उस परम पिता परमात्मा को नमन करते है ताकि इसी प्रकार से हमारे देश, प्रदेश व विश्व में खुशियां बढ़ती रहे, लोगों के कष्ट दूर होते रहें।

## सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** गांव हसनपुर व कोरियावास के पास सड़क हादसे में दो सगे भाइयों की मौत हो गई। दोनों भाई बाइक पर सवार होकर नारनौल से अपने घर जा रहे थे। दो सगे भाइयों की मौत होने की खबर सुनकर गांव में शोक की लहर दौड़ गई वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिए। दोनों ही भाई अविवाहित थे । निजामपुर के गांव धनौता निवासी करीब 28 वर्षीय रामबीर गुरग्राम में किसी निजी संस्थान में कार्य करता था। वह सोमवार देर रात बस द्वारा नारनौल आया और नारनौल आने पर उसने अपने बड़े भाई 32 वर्षीय सुखवीर को फोन करके बुला लिया वे दोनों ही बाइक पर अपने गांव जा रहे थे कि हसनपुर कोरियावस के बीच एक कार चालक ने उनको टक्कर मार दी।

# 'ध्यान साधना करने से अंत: मन को शांति प्राप्त होती है'



**टीम एक्शन इण्डिया,/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

हरियाणा योग आयोग के आठ दिवसीय ध्यान योग शिविर के पांचवें दिन आज आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा योगाभ्यास व ध्यान साधना करवायी गयी । गौरव ने मधुर स्वर में सुंदर भजन प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था की कोलकाता से आई क्षेत्रीय निदेशक, राजकीय कार्यक्रम एवं परियोजना, बहन पॉलोमी मुखर्जी, विशिष्ट अतिथि करनाल से आई बहन शुचिका बत्रा, पंजाब प्रांत के भैया संतोष शर्मा, कुरुक्षेत्र की बहन रितु ढींगरा, कैथल की कंचन सेठ, यमुनानगर के भैया सुमित छाबड़ा, हरियाणा योग आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल योगाचार्य और उज्जैन से आए गोविंदाचार्य जी का आयोग के अधिकारियों व सहयोगी संस्थाओं की ओर से पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया । सभी अतिथियों, आयोग के वाइस चेयरमैन डॉ रोशन लाल, प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र व सदस्य डॉ मनीष कुकरेजा सहित सभी सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । मंच संचालक गुलशन ग्रोवर ने गीता के श्लोकों का पाठ करवाया । बहन ने रुचिकर सूक्ष्म व्यायाम करवाये। स्टेट योगा टीचर कोऑर्डिनेटर रितु ढींगरा ने सुंदर ढंग से मुख्य आसन व प्राणायाम करवाए। उन्होंने साधकों के लिए उपयोगी योग मुद्राओं का अभ्यास भी करवाया। अंत में बहन पालोमी मुखर्जी द्वारा अपने संस्थान की विधि से सुंदर ध्यान साधना करवाई गई जिससे सभी साधक साधिकाओं के मन शांत हो गए । ध्यान साधना करवाते हुए उन्होंने कहा कि ध्यान साधना से अंत:मन को शांति प्राप्त होती है । और यही शांति प्राप्त करके अंतःकरण में प्रभु की अनुभूति करना ही हमारा लक्ष्य है।

अंत में डी ए वी पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र की विद्यार्थी समृद्धि ने सुंदर योगासन खेल का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि बहन पॉलोमी मुखर्जी व आयोग के अधिकारियों तथा कुरुक्षेत्र योगासन खेल संघ के पदाधिकारियों ने बिटिया समृद्धि को समृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# कलश शोभायात्रा का किया गया भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**श्री** राम प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में अयोध्या से आए अक्षत कलश हर शहर हर गांव हर मंदिर बड़ी भव्य शोभायात्रा के साथ हो रहें। अपने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम मंदिर सोनीपत के अध्यक्ष जितेन्द्र कामरा के सौजन्य से भव्य कलश शोभायात्रा रही जिसमें हर घर ने स्वागत किया और श्री राम मंदिर तक सभी श्री राम भक्तों की भीड़ रही, इस मौके श्री स्वामी दयानंद सरस्वती जी उनके साथ श्री विक्रम महाराज बावरिया मुरथल, श्री महाराज शेषनारायण , योगेश पाल अरोड़ा भाजपा जिला महामंत्री, मुकेश सैनी वार्ड नंबर 5 के पार्षद इस यात्रा में शामिल हुए पुरे विश्व में हो श्री राम की जय जयकार और श्री विक्रम जी ने कि जिले के प्रत्येक मंदिर व गांव ये कलश बडी शोभायात्रा के साथ से जा रहें हैं और अंत में मंदिर के प्रधान श्री जितेन्द्र कामरा ने कहा की हम सभी मिलकर हर घर तक अक्षत एवं निमंत्रण पत्र पहुंचाने का कार्य करेंगे।

# रोल मॉडल व वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी**

**जागरूक**

> प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बेटी जागृति को रोल मॉडल बनाया गया, कार्यक्रम में अनेक छात्राओं ने भाग लिया

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांवड़ी जाट में रोल मॉडल कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य राजकुमार आटल्या ने की। विद्यालय में सत्र 22-23 में कक्षा 12वीं के तीनों संकायों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बेटी जागृति को रोल मॉडल बनाया गया। इस कार्यक्रम में अनेक छात्राओं ने भाग लिया। इस मौके पर प्राचार्य ने कहा कि माता-पिता हमेशा अपने बच्चे को सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसके लिए वे तमाम तरह के साधन जुटाते हैं और कोशिश भी करते हैं कि उनका बच्चा हर तरह से सेफ रहे जब तक बच्चा छोटा रहता है। वह ज्यादातर समय अपने माता-पिता और परिवार के लोगों के साथ रहता है लेकिन जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है। वह दोस्तों के साथ खेलना, स्कूल और ट्यूशन क्लासेस जाना शुरू कर देता है। उस समय एक माता-पिता की जिम्मेवारी एवम चिंता बढ़ जाती है। सुनीता एएनएम व डॉ सुरेश हेल्थ डिपार्मेंट ने बताया कि आपके बच्चे को सुरक्षित और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। अंग्रेजी प्रवक्ता रवि प्रकाश ने वीर बाल दिवस के बारे में बताते हुए कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के चार बेटे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह और फतेह सिंह थे। सभी खालसा पंथ के हिस्से थे।

## मदर्स मुस्कान स्कूल में तुलसी पूजन दिवस आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**मदर्स** मुस्कान स्कूल में तुलसी पूजन दिवस इनर व्हील क्लब सोनीपत और मातृ शक्ति आदि सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर मनाया गया । इनर व्हील क्लब की प्रधान श्रीमती सुषमा दहिया और मातृ शक्ति की सरंक्षिका श्रीमती उषा शर्मा ने तुलसी पूजन का महत्व बताया। स्कूल की चेयरपर्सन और निगम पार्षद बबीता कौशिक ने तुलसी पूजन के लिए आए सभी का धन्यवाद किया और तुलसी के महत्व और हमारे जीवन मे इसके प्रभाव के बारे में बताया। अंजु दहिया, शुभ्रा, सुदेश जग्गा, शांति सोलंकी, वीणा, नीलम सहगल और मदर्स मुस्कान स्कूल सारा स्टाफ मौजूद रहा।

# मंत्री ओमप्रकाश ने घर जाकर पूछा पूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ पत्रकार का हाल

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**

**नारनौल।** अपने मिलनसार और सरल स्वभाव के चलते पंचायती मंत्री के नाम से विख्यात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री ओमप्रकाश यादव समय-समय पर ऐसे कार्य करते हैं जो लोगों के मन को छू जाते है। सोमवार रात भी मंत्री ओमप्रकाश यादव ने ऐसा ही एक चौंकाने वाला कार्य करते हुए पूर्व सैनिक एवं वरिष्ठ पत्रकार 83 वर्षीय ज्ञानस्वरूप भारद्वाज का हालचाल पूछने अचानक उनके घर पहुंचे गए । इतना ही नहीं मंत्री जी अपनी गाड़ी भी दूर खड़ी कर पैदल ही उनके घर पहुंचे। घर में मंत्री जी को देख सभी आश्चर्यचकित रह गए। मंत्री जी को सम्मुख देख पूर्व सैनिक भारद्वाज भी प्रसन्नचित हो गए । इस



मौके पर मंत्री ओमप्रकाश यादव ने भारद्वाज से कहा कि आज एक कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान किया गया और उसी समय आपकी भी याद आ गई सो मैं आपसे मिलने चला आया। मंत्री जी ने कहा कि उन्हें पता चला कि आजकल आपकी तबीयत ठीक नहीं है और कुछ दिन जयपुर में भी उपचार चला अब भगवान आपको जल्दी स्वस्थ करें ताकि आप समाज व भगवान की सेवा में पहले की भांति लगे रहे। मंत्री जी ने बात करते हुए पूर्व सैनिक भारद्वाज से कहा कि आपका जीवन सबके लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि आपने जवानी में सेना में रहकर सन- 1965 व 71 की लड़ाई लड़ी और सेना से सेवानिवृत्त होकर जिले में भूतपूर्व सैनिक संगठन खड़ा किया। समाज सेवा करते हुए गौशाला के प्रधान रहे तथा शहर में एक धार्मिक मंडल खड़ा किया जो आज भी 30 सालों से निर्बाध रूप से चल रहा और युवाओं में संस्कार पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आपने निष्पक्ष पत्रकारिता में नाम कमाया। उन्होंने कहा कि आपने हर क्षेत्र में कार्य करते हुए समाज व देश सेवा की है।

# जन आंदोलन है 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत गांव सलीमसर माजरा में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने उपस्थित ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए कहा कि यह यात्रा देश के करोड़ों लोगों को सरकार की अंत्योदय व जनकल्याण को समर्पित योजनाओं की जानकारी एवं सुविधाएं पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को एक आत्मनिर्भर एवं विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे पूरा करने के लिए हम सब मिलकर कार्य करेंगे। पूर्व मीडिया सलाहकार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत लोगों को सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, पीएम आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना के साथ-साथ अन्य योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने का जन आंदोलन है।

गरीबों और वंचितों को विकास की दौड़ में सहभागी बनाकर पूरा होगा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य-वाईस चेयरपर्सन कल्पना देवी गांव ताजपुर तिहाड़ खुर्द में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए जिला परिषद की वाईस चेयरपर्सन कल्पना देवी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत आत्मनिर्भर और विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होगा। सरकार अपनी सभी जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ सभी जरूरतमंदों तक पहुंचाना सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है, ताकि कोई भी गरीब विकास की इस यात्रा में सहभागी बनने से वंचित न रह जाए। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी सभी अग्रणी कार्यक्रमों का लाभ देश के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना चाहती है। उन्होंने कहा कि सरकार का मानना है कि केवल औद्योगिक विकास से ही देश खुशहाल नहीं हो सकता। गरीबों और वंचितों को भी विकास की दौड़ में सहभागी बनाना होगा। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत का लक्ष्य तभी पूरा हो सकता है जब गरीब और वंचित भी विकास की मुख्यधारा में शामिल होंगे। मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से लाभार्थियों ने की सरकार की योजनाओं की मुक्तकंठ से प्रशंसा विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के माध्यम से अपने अनुभव सांझा करते हुए लाभार्थियों ने सरकार की अंत्योदय व गरीब कल्याण एवं उत्थान को समर्पित योजनाओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश-प्रदेश में अंत्योदय व गरीब कल्याण और उत्थान से संबंधित योजनाएं चलाकर अंत्योदय के सपने करने के साथ-साथ गरीबों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम किया है।

# जरा सी समझदारी बचा सकती है साइबर अपराध से: जशनदीप सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**साइबर** अपराधी अपराध के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जरा सी समझदारी और सावधानी से साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। यह कहना है पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा का। अम्बाला पुलिस की ओर से साइबर अपराधों के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के लिए पुलिस समय-समय पर अभियान चला रही है। आमजन को साइबर अपराधों से बचने के लिए सचेत रहना जरूरी है। साइबर अपराधों से बचने के लिए जागरूकता ही सबसे बड़ा



हथियार है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति साइबर क्राइम का शिकार होता है तो तुरंत भारत सरकार की ओर से जारी साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर काल करें। किसी कारण से 1930 नंबर नहीं मिलता है तो आमजन डायल 112 पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। दोनो नंबर 24 घंटे सातों दिन कार्य करते हैं। साइबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल वेबसाइट साइबर क्राईम डाट जीओवी डाट इन पर या नजदीकी थाना में साइबर हेल्प डेस्क साइबर थाना अम्बाला में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायत तुरंत करने पर आपका पैसा वापस आ सकता है।

**इन बातों का ध्यान रखना जरूरी**

ऑनलाइन खरीदारी करते समय वेबसाइट के यूआरएल में एचटीटीपीएस होना सुनिश्चित करें। यह एचटीटीपी न हो।

कोई अपरिचित व्यक्ति किसी एप्लीकेशन को डाउनलोड करने के लिए कहता है तो एप्लीकेशन डाउनलोड न करें।

## न्यूज फ्लैश

### घर से ड्यूटी पर निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सिविल** लाइन थाना क्षेत्र में घर से ड्यूटी पर जाने के निकला युवक संदिग्ध हालत में लापता हो गया। युवक की मां ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हाउसिंग बोर्ड एक्सेंटशन कॉलोनी निवासी अनीता ने बताया कि उसका पति चालक की नौकरी करता है। उसका बेटा आशीष उर्फ आशु जो मुरथल रोड पर फर्नीचर की दुकान पर काम करता है। गत 22 दिसंबर को सुबह घर से ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। देर रात तक वापिस नहीं आया। वह उसकी तलाश में दुकान पर पहुंची। जहां दुकान मालिक ने बताया कि उसका बेटा आज ड्यूटी पर नहीं आया है। महिला ने बताया कि उसके बेटे को किसी ने अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी दीपक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द से जल्द लड़के का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### चोर काबू, 8 कट्टे मूंगफली बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस थाना शहर** की टीम ने विश्वसनीय सूचना पर आरोपी चंद्रहास पुत्र बलबीर सिंह वासी राजीव कॉलोनी करनाल को करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के घर से उसके कब्जे से चोरीशुदा आठ कट्टे मूंगफली बरामद किए गए।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी चंद्रहास ने 24 दिसंबर को शिकायतकर्ता अनुज वासी चौड़ा बाजार करनाल के टैंपो से गौशाला रोड से आठ कट्टे मूंगफली के चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपी के खिलाफ थाना शहर में चोरी का मामला दर्ज किया गया था।
पुलिस जांच में पूछताछ में पाया गया कि आरोपी ने नशापूर्ति के लिए चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट और एक्सीडेंट की धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आमजन तक पहुंचाया जा रहा है योजनाओं का लाभः जगमोहन गोयल

**पलवलः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। भाजपा पलवल जिला उपाध्यक्ष जगमोहन गोयल ने मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर लोगों को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाइन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

### सरकार योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचा रही हैः संतोष यादव

**नारनौलः विकसित** भारत जन संवाद संकल्प यात्रा मंगलवार को नारनौल खंड के गांव धरसूं व महरमपुर, नांगल चौधरी खंड के गांव दौखेरा व भेडंटी, कनीना खंड के गांव ईसराना व कपुरी तथा महेंद्रगढ़ खंड के कुक्सी व गुलावला गांव में पहुंची। गांव धरसूं, दौखेरा व भेडंटी में भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव व महरमपुर में विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा के जिला संयोजक अरुण मंढाणा, ईसराना में पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व कपुरी में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजीत कलवाड़ी तथा कुक्सी व गुलावला गांव में एसईपीओ अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

# सरकारी योजनाओं का अंतिम छोर तक पहुंच रहा लाभः मीना चौहान

## गांव मनक माजरा और ख्वाजा अहमदपुर में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। जिले** के गांव मनक माजरा और ख्वाजा अहमदपुर में मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। गांव मनक माजरा में बतौर मुख्यतिथि भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने शिरकत की। वहीं ख्वाजा अहमदपुर में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा मुख्यतिथि के तौर पर मौजूद रहे। दोनों कार्यक्रमों में मुख्यतिथि ने



पहुंचकर सर्वप्रथम सभी स्टॉल का अवलोकन किया और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान संबोधित करते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की सभी योजनाएं हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे इसी उद्देश्य से देश व प्रदेश में विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में मौजूदा प्रदेश सरकार ने अंत्योदय के मूल मंत्र के साथ विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बैठे वास्तविक हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद नागरिकों पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के कियान्वन का सशक्त माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को सरल व सुगम माध्यम से सरकारी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से शुरू की गई परिवार पहचान पत्र योजना का असर अब धरातल पर दिखाई देने लगा है। हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य अमरनाथ सौदा ने गांव ख्वाजा अहमदपुर में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने देश व प्रदेश का कायाकल्प किया है।

## वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड से सम्मानित होंगी सशक्त नारियां



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया एवं ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की ओर से देश की प्रथम शिक्षिका व समाजसेविका सावित्री बाई फूले की जयंती पर 3 जनवरी 2024 को मानव सेवा संघ, नजदीक बस स्टैण्ड करनाल में वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड्स समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बुलंद कर रही सशक्त महिलाओं को वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर बैठक का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने कहा कि देश की महानारी सावित्री बाई को समर्पित वूमेन ऑफ इंस्पिरेशन अवार्ड विभिन्न क्षेत्रों की सशक्त महिलाओं को दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस विशेष अवार्ड के लिए नोमिनेशन ओपन कर दिया गया है, जो भी महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बना रही हैं, वह अपने बायोडाटा सहित अवार्ड के लिए नोमिनेशन कर सकती हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा, अंतराष्ट्रीय निदेशक सावी चौधरी, नैशनल चेयरपर्सन कृष्णा गुप्ता, राष्ट्रीय निदेशक अजीत राही, राष्ट्रीय निदेशक अनिल कुमार मदान, प्रदेश निदेशक हरियाणा फिरदौस अली एवं जिला निदेशक करनाल मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

## मांगों को लेकर नर्सिंग अधिकारी दो घंटे की रखेंगें हड़ताल

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत जिले के** नागरिक अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों में 28 दिसंबर को नर्सिंग अधिकारी अपनी मांगों को लेकर दो घंटे तक हड़ताल रखेंगी। सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक उनकी हड़ताल रहेगी। इस दौरान आपातकालीन कक्ष व प्रसूति वार्ड में अपनी सेवाएं निरंतर जारी रखेंगी। उन्होंने अस्पताल परिसर में उप सिविल सर्जन डा. योगेश गोयल को सिविल सर्जन के नाम ज्ञापन सौंपा और सरकार से लंबित मांगों को पूरा किए जाने की मांग की। इससे पहले उन्होंने 15 से 20 दिसंबर तक रोजाना काले बिल्ले लगाकर काम किया था। नर्सिंग वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्य अंजुला, अंजू सैनी, सुमन सांगवान, मंजू सैनी, सरला, सुनीता व रिंकी ने बताया कि नर्सिंग अधिकारियों की ओर से लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री को कई बार ज्ञापन दिया जा चुका है। स्टाफ नर्सों को नर्सिंग अधिकारी बना दिया गया, लेकिन उन्हें ग्रुप सी से ग्रुप बी में अब तक शामिल नहीं किया गया।
नर्सिंग अधिकारियों के लिए 7200 रुपये नर्सिंग अलाउंस अभी तक लागू नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से नर्सिंग अधिकारियों की मांगों को पूरा करने में अनदेखी की जा रही है। जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि 28 दिसंबर को आपातकालीन सेवाओं को छोड़कर अन्य सेवाएं नर्सिंग अधिकारियों की ओर से दो घंटे तक बंद रखी जाएगी। उस समय किसी मरीज को परेशानी हुई तो इसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

### निर्माणाधीन मकान से मशीन व मंदिर से हजारों रुपये की राशि चोरी

**सोनीपतः कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव अकबरपुर बारोटा में निर्माणाधीन मकान से मशीन व मंदिर से हजारों रुपये की राशि के चोरी होने का मामला सामने आया है। युवती ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग चोरों का लग सके।
गांव अकबरपुर बारोटा निवासी युवती ने बताया कि गत 24 दिसंबर को उसे मकान के साथ बने मंदिर व उसके साथ कृष्ण निवासी खेड़ी मनाजात के निर्माणाधीन मकान से मशीन चोरी हो गई। वहीं मंदिर से 50 से 60 हजार रुपये की राशि चोरी हो गई।

## आयुष्मान योजना लागू करके प्रधानमंत्री ने गरीब हित में कार्य किया: वीरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित भारत** संकल्प यात्रा के तहत गांव मूंड में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर वीरेन्द्र चौहान ने नागरिकों के साथ जन संवाद करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आयुष्मान कार्ड योजना लागू करके लोगों का स्वास्थ्य का पूरा ख्याल रखा है। आज लोगों को मिल के माध्यम से शुद्ध जल उपलब्ध कराया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य हर घर को खुशहाल बनाना व प्रदेश को समर्थ बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 1.50 लाख वैलनेस सेंटर बनाये गए हैं। हर जिले में



मेडिकल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मेडिकल में सस्ता उपचार उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। 9600 जन औषधि केंद्र की स्थापना की गई है इन पर रियायत दामों में लोगों को दवाइयां उपलब्ध कराई जाती हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में हम 2047 तक मजबूत व सशक्त होंगे। हर नागरिको वो सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी जिनकी नागरिकों को आवश्यकता है। उन्होंने सरकार की विभिन्न योजनाओं को लोगों के समक्ष रखा व उनके महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों को विकसित भारत के संदर्भ में शपथ दिलाई व स्टालों का अवलोकन भी किया।

# युवक की हत्या करने पर 12 लोगों पर मामला दर्ज

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी खरखौदा के** गोरड़ गांव में रात के दौरान हुए झगड़े में एक युवक की जहाँ हत्या कर दी गई। वहीं कई घायल भी हैं। पुलिस ने गोरड़ के रहने वाले ओमकुवार की शिकायत पर एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे कि गोरड़ निवासी ओमकुवार का कहना है कि उसने गांव में ही फास्ट फूड की ओम का ठिकाना के नाम से दुकान की हुई है। जहां पर उसने अपने नौकर को रखा हुआ है। रात को नौकर मोहित का फोन आया कि 2 युवक जबरदस्ती उनके ओम का ठिकाना रेस्टोरेंट में घुस रहे हैं। यह सुनकर वह मौके पर



अपने बेटे विरेंद्र के साथ पहुंचा और दोनों आशु और कुनाल को समझाकर वापिस घर भेज दिया। लेकिन रात को फिर से नौकर ने फोन कर बताया कि काफी लड़के दुकान में घुसकर तोड़फोड़ कर रहे हैं। जिस पर वह बेटे विरेंद्र व भतीजे धर्मेंद्र को साथ लेकर मौके पर पहुंचा वहीं शोर सुनकर दलेल व विजय भी वहां पर आ गए। इसी

**शिकायत**

**8 पुलिस ने गोरड़ के रहने वाले ओमकुवार की शिकायत पर एक दर्जन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है**

बीच रेस्टोरेंट के बाहर ही हमलावरो में मोहित, सुमित, अमित, अजय, मनिया, कुनाल, मंजीत, रवि, जतिन, रोहित, विजय, प्रवीन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें कई व्यक्तियों को चोट आई और वह खरखौदा सरकारी अस्पताल में अपना इलाज करवाने के लिए पहुंचे। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद वह सोनीपत के निजी अस्पताल पहुंचे। जहां पर चिकित्सकों ने धर्मेंद्र को मृत घोषित कर दिया। वही खरखौदा थाना प्रभारी सुनील कुमार का कहना है कि ओम का ठिकाना गाँव गोरड़ पर झगड़ा हुआ था। जिसमें एक युवक धर्मेन्द्र की मौत हो चुकी है। और कई अन्य घायल भी है। उन्होंने बताया कि किसी नुकीली वस्तु से हमला किया गया है। बाकी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने पर ही खुलासा होगा कि किस वस्तु से हमला किया गया है। फिलहाल ओमकुवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। जिसमें बारह लोगों को नामजद किया गया है।

## ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गैंग के चार सदस्य काबू

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। सीआईए स्टाफ** असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से ट्रांसफार्मर क्वायल 26 किलोग्राम 580 ग्राम तांबा तार, औजार और एक कार बरामद की गई है।
पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों में महेंद्र सिंह पुत्र आनंद सिंह और प्रवीण पुत्र सुमेर सिंह वासियान कादीपुर थाना अलीपुर नई दिल्ली व सुरेंद्र सिंह उर्फ मामा पुत्र रामफल अहरिया वासी शाहजापुर थाना किठोल जिला मेरठ उत्तरप्रदेश और अनिल पुत्र मीर सिंह अहरिया वासी बणा थाना इंचौली जिला मेरठ उत्तरप्रदेश को एरिया मुनक के नाम शामिल है।
पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपियों ने नौ दिसंबर को मुनक थाना के एरिया बंबरेहड़ी से ट्रांसफर चोरी कर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना मुनक में ट्रांसफार्मर चोरी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। प्राथमिक पूछताछ में आरोपियों ने थाना मुनक और असंध के इलाका से करीब 50 ट्रांसफार्मर चोरी की वारदातों को कबूल किया है।
आरोपियों को आज न्यायालय में पेश करके चार दिन का रिमांड हासिल किया गया है, जिसमें आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी व उनके द्वारा की गई सभी वारदातों का पता लगाकर खुलासा किया जाएगा तथा उनके गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी कर ट्रांसफार्मर चोरी की अन्य वारदातों में भी बरामदगी की जाएगी।

## होटल की पार्किंग से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत सेक्टर-27 शहर** थाना सोनीपत क्षेत्र में होटल की पार्किंग में खड़ी कार के चोरी होने का मामला सामने आया है। कार मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कार चोर का कोई सुराग हाथ लग सके। सीतापुर हालत में सेक्टर-15 निवासी ललित कुमार ने बताया कि गत 24 दिसंबर को वह अपनी गाड़ी में सवार होकर गांव गढ़ शाहजादपुर आया हुआ था। उसने गाड़ी को पार्किंग में खड़ी कर-के कमरा किराए पर लेकर सो गया। सुबह उठकर देखा तो पार्किंग से गाड़ी गायब मिली। अपने स्तर पर गाड़ी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## भारी संख्या में युवकों ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। पूर्व** विधायक सुमिता सिंह के निवास स्थान पर उनके नेतृत्व में भारी संख्या में नौजवान साथियों ने कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनमें प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, सौरभ कुमार, विशाल कुमार, राहुल यादव, अमन कुमार, अंकित कुमार, अंशुल वर्मा और भारी संख्या में युवा शामिल रहे। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुमिता सिंह व



मित्र पाल जिलाध्यक्ष कांग्रेस ओबीसी विभाग ने रमेश कुमार को कांग्रेस ओबीसी विभाग का जिला उपाध्यक्ष का नियुक्ति पत्र दिया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है और विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर युवाओं ने भविष्य में रोजगार संबंधित व महंगी होती शिक्षा पर चिंता जाहिर की। सुमिता सिंह ने कहा कि हरियाणा में भाजपा कार्यकाल के 9 साल में कांग्रेस के मुकाबले 5 गुणा कर्ज, चार गुना महंगाई, तीन गुना बेरोजगारी और दोगुना अपराध और भ्रष्टाचार बढ़ा है। 9 साल में हर व्यक्ति ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की गलत नीतियों और नीयत के चलते देश में सबसे ज्यादा विरोध ही हरियाणा का युवा झेल रहा है। उन्होंने कहा कि निराशा में हरियाणा के काबिल युवा अपना भविष्य तलाशने के लिए विदेशों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। जो हरियाणा 2014 तक प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश सहित विकास के हर पैमाने पर नंबर वन हुआ करता था, वह आज बेरोजगारी, महंगाई, अपराध, नशे और भ्रष्टाचार में नंबर वन बन गया है।

# बच्चों को शिक्षा भी दें और संस्कार भी: हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज जिला के गांव नबीपुर और नलवी खुर्द पहुंची। नबीपुर में घरौंडा के विधायक अरविंद कल्याण ने और नलवी खुर्द में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर श्री कल्याण ने जहां केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी वहीं अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को अच्छी शिक्षा और श्रेष्ठ संस्कार दें, उन्हें नशाखोरी से बचाएं, ताकि वे श्रेष्ठ नागरिक बनकर राष्ट्र व समाज की की सेवा कर सकें। नलवी खुर्द में पूर्व विधायक रमेश



कश्यप ने कहा कि विकसित भारत का अर्थ है कि देश का हर व्यक्ति खुशहाल हो। उन्होंने लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।
नबीपुर पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। दोनों गांवों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया और हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म दिखाई गई। नबीपुर में पूर्व विधायक रमेश कश्यप ने और नलवी खुर्द में समाजसेवी जोगेंद्र राणा ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। दोनों गांवों में विभिन्न विभागों की ओर से स्टार लगाए गए। पूर्व विधायक ने स्टार का अवलोकन किया।
नबीपुर में विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार ने जन कल्याण की अनेक योजनाएं कियान्वित की हैं। इनका समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे कौशल विकास के ऐसे कोर्स करें जिनकी बाजार में मांग हो। लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रोजाना 18 घंटे काम करते हैं। उनकी मेहनत, तपस्या और ईमानदारी के कारण दुनिया में आज भारत का डंका बजने लगा है। व्यवस्था में सुधार के लिए सरकार की ओर से निरंतर प्रयास जारी हैं।

## स्विफ्ट इंटरनेशनल स्कूल में हुआ देश की बात कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। गुरु** गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों व माता गूजरी की महान शहादत को याद करते हुए स्विफ्ट इंटरनेशनल स्कूल में देश की बात कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेशनल इंटेग्रिटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स की ओर से सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रीतपाल सिंह पन्नु ने विद्यार्थियों को चार साहिबजादों के जीवन से निडरता, अपने सही फैसले पर अडिग रहना, धर्म का पालन



करना व गलत को गलत कहने की हिम्मत करना की प्रेरणा लेने के लिये उत्साहित किया। उन्होंने कहा कि अक्सर हम अपने जीवन के लक्ष्य निर्धारित कर लेते हैं, लेकिन उनकी प्राप्ति के लिये गंभीर प्रयास नहीं करते। फिर लक्ष्य प्राप्ति न होने पर किस्मत को दोषी ठहराने के प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि लोहे को गर्म होने पर चोट मारने की बात अब पुरानी हो चुकी है। कर्मशील व्यक्ति लोहे के गर्म होने की इंतजार में हाथ पर हाथ धरकर नहीं बैठे रहते, बल्कि वो तो ठंडे लोहे पर भी तब तक चोट करते हैं, जब तक वो गर्म न हो जाये व गर्म होने पर आखिरी चोट करते हैं।

## संपादकीय

# चासनाला त्रासदी की टीस... आपातकाल और काला पत्थर

**भारतीय** इतिहास में वर्ष 1975 हर साल दो 'बड़ी' घटनाओं के लिए याद किया जाता है। एक आपातकाल। दूसरा चासनाला कोयला खान त्रासदी। झारखंड (तबके बिहार का भू-भाग ) के कोयलांचल धनबाद में हर साल चासनाला खान दुर्घटना की टीस उठती है। हर साल हजारों आंसू गिरते हैं...। चासनाला शहीद स्मारक में कालकलवित 375 मजदूरों को श्रद्धांजलि देकर एशिया की बड़ी खान दुर्घटनाओं में से एक के जख्म फिर हरे हो जाते हैं। ...और आंख बंद करते ही इस त्रासदी पर बनी फिल्म 'काला पत्थर' ( 24 अगस्त, 1979) का नायक अमिताभ बच्चन सामने आने लगता है। समूचे देश के लिए वो डरावनी तारीख 27 दिसंबर, 1975 है। चासनाला कोलियरी की डीप माइंस खान में जल प्लावन से इन मजदूरों की जिंदगी दफन हो गई थी। इस जल प्लावन से कोयलांचल ही नहीं, पूरा देश दहल उठा था। आज (बुधवार) फिर शहीद स्मारक में इनकी बरसी पर वेदी के पास सर्व धर्म सभा कर फूल चढ़ाए जाएंगे। इस खान का यह काला अध्याय न्यायिक जांच पड़ताल का भी हिस्सा बना। सालों बाद अधिकारियों की लापरवाही सामने आई। दरअसल इस खान में रिसने वाले पानी को एकत्र करने के लिए बड़ा बांध बनाया गया था। हिदायत भी दी गई थी की बांध के 60 मीटर की परिधि में कभी भी विस्फोट नहीं किया जाएगा। कहते हैं कि कुछ अधिकारियों ने इस चेतावनी की अनदेखी की। 27 अक्टूबर को शक्तिशाली विस्फोट हुआ और इस लापरवाही की वजह से इन खनिकों ने जल समाधि ले ली। दुर्घटना के कई महीनों बाद तक खान से पानी नहीं निकल सका। इसके लिए पोलैंड और रूस के वैज्ञानिकों की मदद ली गई। ...और जब पानी बाहर आया तो अपने पीछे सड़ी-गली लाशों का अंबार छोड़ गया। इनमें से अधिकांश की पहचान बैटरी वाली बत्ती, टोपी, कपड़ों आदि से की गई। महीनों दामोदर नदी के किनारे जल रही चिताओं पर गिद्ध और चील मंडराते रहे। न्यायिक जांच के निष्कर्षों के बाद तत्कालीन कुछ अधिकारियों को बर्खास्त कर दिया गया। चासनाला, धनबाद से 20 किलोमीटर दूर है। यह खान कोल इंडिया के भारत कोकिंग कोल लिमिटेड की थी।

देश में आपातकाल लगाए जाने की वजह से दिसंबर की भीषण ठंड में राजनीतिक पारा गरम था। चासनाला त्रासदी के समय केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ में कांग्रेस का अधिवेशन चल रहा था। चंडीगढ़- हरियाणा और पंजाब की राजधानी भी है। कांग्रेस के सभी बड़े नेता इस अधिशवन के बहाने सिटी ब्यूटीफुल की सुखना लेक के नजारों का लुत्फ उठा रहे थे। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र को चंडीगढ़ में ही डरा देने वाली यह खबर मिली। सुनते ही दोनों एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे। बोले कुछ नहीं...।

इंदिरा गांधी ने आंखें बंदकर गहरी सांस ली। और जब आंख खोली तो जगन्नाथ मिश्र इशारा समझकर कुर्सी से उठे और अधिवेशन स्थल से बाहर निकलकर तेज कदमों से कारों की तरफ बढ़ गए। मगर इस दौरान देशी-विदेशी अखबारों ने सवालों की बौछार कर दी। डॉ. मिश्र उलटे पांव पटना लौटे। तब तक खान मजदूरों के परिवारों में असंतोष फैल चुका था।

# सामाजिक समस्याओं से मुक्ति के लिए पारिवारिक प्रदूषण का अंत जरूरी

**डा मनमोहन प्रकाश**

> "दोराहे पर खड़ा युवा चकरा रहा है, दिग्भ्रमित है। उसे कोई सही राह दिखाने वाला नजर नहीं आ रहा है,ना ही कोई गलत राह पर जाने से टोकने-रोकने और डांटने के साथ में हिम्मत, सांत्वना देने वाला,गलतियों को माफ करके और प्रेम और स्नेह से गले भी लगाने वाला मिल रहा हैं। परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त इस काम को कोई दूसरा तो बेहतर तरीके से नहीं कर सकता है, ना ही किसी और को चिंता है। परिवार पहले से ही खंड-खंड हो रहें हैं माता-पिता नौकरी में व्यस्त। तो फिर इस काम को करें कौन?परिणाम स्पष्ट है युवा पीढ़ी में तनाव बढ़ रहा हैं, वह अवसादग्रस्त हो रही है, व्यसनों का सहारा ले रही है,मानसिक रोगों का शिकार हो रही है, आत्महन्ता बन रही है। पारिवारिक प्रदूषण के मूल में है अपनी संस्कृति और संस्कारों से विमुख होना"

**आज** प्रदूषण एक डरपाने वाला शब्द बन गया है। पर्यावरण प्रदूषण से तो बच्चा-बच्चा अवगत है कि यह हमारे भविष्य के लिए खतरनाक है और यदि आज हम सावधान नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को अनेक समस्याओं से जूझना पड़ेगा।घर स्कूल मीडिया सभी इस प्रदूषण से सावधान कर रहे हैं। किंतु अत्यंत चिंतनीय है कि हम परिवार प्रदूषण पर मौन हैं।हम सभी जानते हैं कि परिवार भारतीय समाज और राष्ट्र की आधार शिला है। यदि नींव ही कमजोर हो जाएगी तो सुदृढ़ प्रसाद की कल्पना ही कैसे की जा सकती है। हमारा देश सनातनी संस्कृति का देश है । हमारी संस्कृति सर्व जन हिताय, सर्व जन सुखाय के मंत्र से अनुप्राणित है। इसको बल मिलता है आपसी स्नेह, प्रेम, विश्वास, समर्थन,आदर, सम्मान, सहयोग, समन्वय और सुरक्षा पर टिकी पारिवारिक संरचना से। हमारे यहाँ परिवार को समृद्धि का प्रतीक,समरसता की कार्यशाला, नैतिक और व्यवहारिक शिक्षा और मूल्यों का स्कूल और आध्यात्मिक संवर्धन, और व्यक्तित्व विकास आदि के केंद्र के रूप में संवर्द्धन मिला है। परिवार का उद्देश्य सभी सदस्यों को आपस में जोड़े रखना है, उनमें पवित्रता के साथ समर्पण, सहयोग और सम्मान की भावना विकसित करना रहा है। परिवार अपने सभी सदस्यों को सामाजिक दायित्वों से परिचित कराता है। जरूरत पढ़ने पर उनको हिम्मत देना और उनका सहारा बनना परिवार का दायित्व रहा है। परिवार में रहते हुए व्यक्ति में बचपन से ही संस्कार, संस्कृति, अध्यात्म और धर्म के प्रति आस्था गहरी होती है। किन्तु अत्यंत दुख के साथ कहना पड़ता है कि आज परिवार और समाज में इन महत्वपूर्ण घटकों में कमी आ गई है। इसी से परिवार बिखर रहे हैं, मूल्य और मयार्दाएं खंडित हो रही हैं। एकल परिवार अनुभवी मार्गदर्शन और सहयोग के अभाव में अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं?। ये स्थितियाँ पारिवारिक प्रदूषण के बढ़ते चरण ही हैं।

आज पारिवारिक प्रदूषण के कारण परिवार की मजबूत अधारभूत संरचना में बदलाव आ रहा है। हम बढ़ते पारिवारिक प्रदूषण का अंदाजा समाचार पत्रों में अक्सर छप रही खबरों से ही लगा सकते हैं जिसमें समाज में बढ़ती नशावृत्ति, वैश्यावृत्ति, बलात्कार, छेड़छाड़, अपहरण ,हत्या आदि के लिए अधिकांश प्रकरणों में परोक्ष और



अपरोक्ष रूप से पारिवारिक सदस्य, नाते-रिश्तेदारों की ही भूमिका रेखांकित हो रही है। इस प्रदूषण की पराकाष्ठा तो हमें नवयुगलों की बदलती मानसिकता में परिलक्षित होती है - ये सजग, चेतनाशील युगल समाज में बढ़ते अपराध के कारण बच्चे पैदा करने से ही डरने लगे हैं। इन्हें बच्चों के बिना रहना गवांरा है पर बच्चों के साथ अनैतिक, अनाचार,अश्लील तथा शर्मशार करने वाली हरकत बिल्कुल पसंद नहीं। बढ़ते अहं, स्वार्थ और लोलुपता जैसी विषाक्त वृत्तियाँ के कारण तलाक के मामले भी बहुत बढ़ गए हैं। परिवार का जीवन ही संकट में है। नहीं मालूम पति-पत्नी के मध्य तलाक , अलगाव कब प्रवेश कर बच्चों को माँ-बाप के प्यार, संरक्षण, अपनेपन से वंचित कर उन्हें उस अपराध की सजा दे देगा जो अपराध उन्होंने कभी किया ही नहीं। इन स्थितियों को देखते हुए यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगा कि आने वाले समय में विभिन्न रिश्तों से समृद्ध सनातन परिवार केवल पति-पत्नी और उसकी एक या शून्य संतान पर सिमट जाए। यदि ऐसा होता है तो देश और सनातन संस्कृति के लिए अच्छा नहीं कहा जा सकता। आज अनेकों कारणों से माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी,नाते-रिश्तेदार के मध्य स्नेह,सहयोग, समर्थन में कमी के साथ-साथ रिश्तों की पवित्रता में भी कमी देखी जा सकती है। आज परिवार के सदस्यों के मध्य आस्था,असहमति, असहयोग, असामंजस्य के साथ संघर्ष और वैमनस्य बढ़ रहा है, भाषा की मधुरता और रिश्तों की शालीनता खत्म हो रही है। हमारे यहाँ कहा जाता रहा है कि बच्चे घर से सीखते हैं और बाहर उसे व्यवहार में उतारते हैं। हमें यह भी विचार करना चाहिए कि कहीं परिवार,समाज और राष्ट्र में बढ़ रही सामाजिक समस्याओं के पीछे यह पारिवारिक प्रदूषण ही तो नहीं?

पारिवारिक प्रदूषण का सबसे पहला प्रभाव बच्चों पर पड़ रहा है। उनके शुद्ध मन को तो माता-पिता, दादा-दादी, नाना-नानी, चाचा-चाची,ताऊ-ताई, मौसी-मौसा सबका प्यार चाहिए, सबका साथ चाहिए। उन्हें तो सबसे कहानी-किस्से सुनना है, सबके साथ मौज-मस्ती करना है और ढेर सारी गिफ्ट लेना है। पारिवारिक प्रदूषण बचपन को इस अधिकार से वंचित कर रहा है?। दूसरा प्रभाव युवा पीढ़ी पर देखने को मिल रहा है। एक ओर वह अच्छी शिक्षा, अच्छी नोकरी-धंधे के साथ अच्छे केरियर और परिवार को साथ लेकर चलने वाले पार्टनर के लिए संघर्ष रत है, चिंता में हैं। तो दूसरी ओर चकाचौंध से भरपूर घर से बाहर भी एक दुनिया है जहां तथाकथित हमदर्द सभी मर्ज की एक दवा नशावृति के साथ युवक और युवतियों को आकर्षित कर स्वागत करने को, शिकार करने को आतुर हैं। दोराहे पर खड़ा युवा चकरा रहा है, दिग्भ्रमित है। उसे कोई सही राह दिखाने वाला नजर नहीं आ रहा है,ना ही कोई गलत राह पर जाने से टोकने-रोकने और डांटने के साथ में हिम्मत, सांत्वना देने वाला,गलतियों को माफ करके और प्रेम और स्नेह से गले भी लगाने वाला मिल रहा हैं। परिवार के सदस्यों के अतिरिक्त इस काम को कोई दूसरा तो बेहतर तरीके से नहीं कर सकता है, ना ही किसी और को चिंता है। परिवार पहले से ही खंड-खंड हो रहें हैं माता-पिता नौकरी में व्यस्त। तो फिर इस काम को करें कौन?परिणाम स्पष्ट है युवा पीढ़ी में तनाव बढ़ रहा हैं, वह अवसादग्रस्त हो रही है, व्यसनों का सहारा ले रही है,मानसिक रोगों का शिकार हो रही है, आत्महन्ता बन रही है। पारिवारिक प्रदूषण के मूल में है अपनी संस्कृति और संस्कारों से विमुख होना। आज की पीढ़ी के सोच और दृष्टि में बदलाव, पारिवारिक जिम्मेदारियों से बचना, भोग-विलास की कामना, बिना रोक- टोक वाले स्वच्छंद वातावरण की चाह, व्यक्तिगत आय को साझा ना करने का मन तथा पैतृक संपत्ति यदि कोई है तो उसके जल्दी बंटवारे की इच्छा के साथ केरियर और पेशेवर लक्ष्यों को प्राथमिकता देना। यह तो पारिवारिक सहयोग,प्रेम, समर्थन, एकता के साथ भी संभव है फिर अलगाव क्यों? हम अपने आनंद और सुख के लिए ही तो धन संचय करते रहे हैं न, पर आज तो धन संचय के लिए सुख और शांति की बली चढ़ा रहे हैं। हमारी सामाजिकता, पारिवारिक सुखों और आनंद को हम खोते जा रहे हैं। आज हमें इस दिशा में शांत चित्त से सोचने की परम आवश्यकता है कि हमारे जीवन में हम क्या चाहते हैं। जीवन किस ओर जा रहा है। पारिवारिक प्रदूषण के लिए युवा वर्ग में पाश्चात्य संस्कृति और जीवन शैली के प्रति बढ़ता आकर्षण उत्तरदाई है। युवा ये नहीं सोचते कि यदि पाश्चात्य संस्कृति में सब कुछ अच्छा ही अच्छा होता तो पाश्चात्य देशों के नागरिक कभी सनातन संस्कृति को अपनाते नहीं, उनके देश में सनातन संस्कृति और धर्म का विस्तार नहीं हो पाता, जो तेजी से हो रहा है। है ना कैसी विडम्बना पाश्चात्य देश हमारी सनातन संस्कृति को महत्व दें रहे हैं, और हम उससे विमुख हो रहे हैं। हमें कोरोना काल ने पारिवारिक ताकत का एहसास कराया है, संयुक्त परिवार के महत्त्व को समझाया है।

आज आवश्यकता है कि बालकों,किशोरों और युवाओं के लिए परिवार प्रबोधन के कार्यक्रम आयोजित करें और उन्हें एक-दूसरे के प्रति, छोटे-बड़ों के प्रति प्रेम और आदर भाव रखने के लिए प्रेरित करें। हमें भी संवाद और समझदारी से काम लेना होगा, समर्पण, समर्थन और समन्वय बनाए रखना होगा, उसे भी कुछ क्वालिटी समय देना होगा।

## कविता

### विश्व युद्ध की आशंका

सिर्फ युद्ध का उन्माद,
डरा देता है अंदर तक,
दिल और दिमाग
सहम जाते हैं,
आने वाले कल की
भयानक तस्वीर,
विभीषिका मानव को
कंप्लीट कर देती है।
क्या हम भूल गए
नागासाकी की विभीषिका को,
अभी भी जापान में
मानव जाति कराह रही है,
अणु और परमाणु बमों की
त्रासदाई पीड़ा और संत्रास से,
क्या हम भूल गए हिरोशिमा के विनाश को
जहां मानवता रोती कराती बिलबिला रही है,
निर्दयी बम और बारूद के
निर्दयी संताप से,
मानव की कई पीढ़ियां
उसके प्रभाव को झेल रही है।
अब फिर यूक्रेन और रूस,
कमजोर यूक्रेन पर हमला,
कमजोर होना निर्मल होना
क्या जीवन जीने का
हक छीन लेती है?
लो रूस फिर
तानाशाही की ओर,
आंखों में सत्ता विस्तार

**संजीव ठाकुर**

# राजस्थान कांग्रेस में समाप्त हुआ गहलोत पायलट युग

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**पूर्व मुख्यमंत्री अशोक** गहलोत व पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोनों ही नेताओं को कांग्रेस आलाकमान ने राजस्थान की राजनीति से बाहर भेज दिया है। अब राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति में नए लोगों को आगे लाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। पिछले लंबे समय से राजस्थान में कांग्रेस की राजनीति अशोक गहलोत व सचिन पायलट के इर्द-गिर्द ही घूम रही थी। दोनों नेताओं में चल रही आपसी खींचतान के चलते राजस्थान में कांग्रेस को बहुत नुकसान उठाना पड़ा है। दोनों की अवादत के चलते ही राजस्थान में कांग्रेस सत्ता से भी बाहर हो चुकी है। 2018 में जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बनी थी और अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री व सचिन पायलट को उपमुख्यमंत्री बनाया गया था। तभी से गहलोत व पायलट के बीच खींचतान प्रारंभ हो गई थी। राजस्थान में दोनों बड़े नेता के अलग-अलग दो गुट बन गए थे। दोनों नेताओं की खींचतान के चलते स्थिति यहां तक खराब हो गई थी कि 2020 में सचिन पायलट ने अशोक गहलोत के खिलाफ बगावत कर अपने समर्थक विधायकों को लेकर गुड़गांव चले गए थे। उस समय सरकार बचाने के लिए अशोक गहलोत को विधायकों की होटलों में बाड़ेबंदी करनी पड़ी थी। करीबन दो महीने तक चली आपसी खींचतान के बाद कांग्रेस आलाकमान के प्रयासों से कांग्रेस के दोनों नेताओं के बीच शांति स्थापित हो पायी थी। मगर सचिन पायलट को बगावत के चलते उपमुख्यमंत्री व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष का पद गंवाना पड़ा था। वही उनके समर्थक कई मंत्रियों को भी पदो से हटा दिया गया था। उस समय पायलट के पास विधायकों की संख्या कम रह गई थी। क्योंकि पायलट द्वारा की जा रही बगावत की जानकारी उनके ही कुछ विधायकों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को दे दी थी। मुख्यमंत्री गहलोत ने समय रहते पायलट गुट के कई विधायकों को अपने पाले में लाकर पायलट को राजनीतिक दृष्टि से कमजोर बना दिया था। आलाकमान के हस्तक्षेप के बाद पायलट समर्थक कुछ विधायकों को गहलोत सरकार में फिर से मंत्री बनाया गया था। मगर पायलट को कोई भी पद नहीं दिया गया था। पायलट की बगावत से लेकर विधानसभा चुनाव तक गहलोत व पायलट द्वारा लगातार एक दूसरे के खिलाफ बयान बाजी की जाती रही थी।

2022 को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने के लिए 25 सितंबर 2022 को जयपुर में कांग्रेस विधायक दल की बैठक का आयोजन करवाया था। जिसमें मल्लिकार्जुन खरगे व अजय माकन को पर्यवेक्षक बनाकर भेजा गया था। मगर अशोक गहलोत गुट के शांति धारीवाल, महेश जोशी व धर्मेंद्र राठौर ने विधायक दल की बैठक ही नहीं होने दी।

## विचार

# गालिब ने 1857 के गदर पर क्यों कलम नहीं उठाई

आर.के. सिन्हा

मिर्जा मोहम्मद असादुल्लाह बेग खान यानी मिर्जा गालिब एक से बढ़कर एक कालजयी शेर कहते हैं। कौन सा हिन्दुस्तानी होगा जिन्हें गालिब साहब के कहे हजारों ख़्वाहिशें ऐसीं, कि हर ख़्वाहिश पर दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले... और हमको मालूम है जन्नत की हक़ीकत, लेकिन, दिल के खुश रखने को 'गालिब' ये खयाल अच्छा है... जैसे शेरों को सुन-सुनकर आनंद ना मिलता हो। गालिब अपनी शायरी में वे सारे दुख, तकलीफ और त्रासदियों का जिक्र करते हैं जिससे वे महान शायर बनते हैं। लगता है कि गालिब में भी एक आम आदमी की कई कमजोरियाँ थीं। गालिब ने अपने जीवन में भी कई दुःख देखे। उनके सात बच्चे थे लेकिन सातों की मृत्यु हो गई थी। उनकी माली हालत तो कभी बहुत बेहतर नहीं रही। वे जीवनभर किराए के घर में ही रहे। दिल्ली-6 में जहाँ गालिब की यादगार बनी है, वे वहां पर ही वे एक किराए के घर में रहते थे। वे मशहूर तो अपने जीवनकाल में हो गए थे, पर पर्याप्त पैसा उनके पास नहीं था। खैर, मिर्जा गालिब वर्ष 1827 में दिल्ली से कोलकाता गए थे। वे दिल्ली से कोलकाता जाते वक्त कानपुर, लखनऊ, बाँदा, इलाहाबाद होते हुए बनारस पहुँचे। वे बनारस में छह महीने ठहरे। वहां गालिब ने दिल्ली और दिल्ली के अपने दोस्तों को भी बड़ी शिद्दत के साथ याद किया। गालिब लिखते हैं कि जब से कि स्मत ने उन्हें दिल्ली से बाहर निकाल दिया है, उनके जीवन में एक तूफान उठ खड़ा हुआ है। अब न कोई उनका हमदर्द है न ही उनका कोई वतन है। अपने उसी बनारस प्रवास के दौरान गालिब ने बनारस के बारे में फारसी में एक प्रसिद्ध मसनवी की रचना की, जिसे ह्यचिराग-ए-दैरह्न के नाम से जाना जाता है। मसनवी उर्दू कविता का ही एक है रूप जिसमें कहानी किस्से रचे जाते हैं। गालिब ने अपनी इस मसनवी में बनारस के तमाम रंगों और विविध छटाओं को बखूबी उकेरा है। गालिब 29 नंवबर 1829 को वापस अपने शहर दिल्ली आ गए। उसके बाद उनके बल्लीमरान के घर में फिर से दोस्तों आना-जाना चालू हो गया। उनका शेष जीवन दिल्ली की गलियों में ही गुजरा। उर्दू शायरी गालिब के बिना अधूरी है।उनके देखे से जो आ जाती है मुँह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है... अब भी गालिब की शायरी के शैदाई इस शेर को बार-बार पढ़ते हैं। उनका एक और शेर पढ़ें। रोने से और इश्क में बे-बाक हो गए...धोए गए हम इतने कि बस पाक हो गए... ।गालिब के कुल 11 हजार से अधिक शेर जमा किये जा सके हैं। उनके खतों की तादाद 800 के करीब थी। वे फक्कड़ शायर थे। गालिब के हर शेर और शायरी में कुछ अपना सा दर्द उभरता है।

पर गालिब तब लगभग चुप क्यों थे जब दिल्ली में पहली जंगे आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी। 11 मई, 1857 को मेरठ में अंग्रेजों को रौंदने के बाद बागी सिपाही पहले हिंडन और फिर यमुना नदी को नावों से पार करके सलीमगढ़ के रास्ते भोर में ही दिल्ली में दाखिल हो गए थे। इनके निशाने पर यहां पर काम कर रहे गोरे और ईसाई बन गए हिन्दुस्तानी थे। ये सब उस दौर में दिल्ली के दिल दरियागंज में काफी संख्या में रहते थे। बागियों ने जामा मस्जिद के उर्दू बाजार में स्थित दिल्ली बैंक को लूटा। कश्मीरी गेट की सेंट जेम्स चर्च को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त किया। उस समय हर ओर दिल्ली में अव्यवस्था का आलम था। बागियों ने बहादुरशाह जफर को हिन्दुस्तान का बादशाह घोषित कर दिया और इसके साथ ही दिल्ली उनके कब्जे में थी। गालिब खुद मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के पास ही काम करते थे। यानी गालिब ने1857 में भारतीय स्वतंत्रता का पहला युद्ध अपनी आँखों के सामने से देखा था। गालिब जहां निर्विकार भाव से उस गदर को देख रहे थे, तब दिल्ली के एक पत्रकार- संपादक मौलाना मोहम्मद बकर को 1857 में गोरी सरकार ने गदर को कुचलने के बाद फांसी पर लटका दिया था।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# कुम्हारिया को राजधानी बना दें

**रामविलास जांगिड़**

हर एक गांव और शहर को बिगड़ने-मरने का अपना-अपना पूरा अधिकार है। हर एक राजनीतिक पार्टी अपने-अपने ढंग से अपने पसंद के शहरों को मारते रहते हैं। देश व राज्य की राजधानियों के हालात बिल्कुल खराब है। ये खराब हालात हर गांव और शहरों के हो जाए इससे ज्यादा बढ़िया और क्या हो सकता है? दिल्ली धुआं-धुआं हो रही है। राज्य की राजधानियां पड़े-पड़े रो रही है। मरी-मरी सी मर रही है। सांस लेना मुमकिन नहीं है। पटाखों की दुआओं से जहरीली हवा बना दी गई है। लाइट का अपना एक मजेदार प्रदूषण है। आंखों में लाइट की चकाचौंध घुसाकर आंखें फोड़ने का धार्मिक कार्यक्रम किया जा रहा है। पीने योग्य साफ पानी नहीं है। चलने को जगह नहीं है। सड़कों पर केवल कारें ही कारें दिखाई देती है, बाकी और कुछ नहीं दिखता है। कारों के समंदर में पैदल यात्री तक डूब कर मजे ले रहे हैं। जवान फेंफड़े भी सड़क पर बिखर कर ढेर हुए जा रहे हैं। अराली-पराली और कारखानों के धुंए ने इस गंदगी में और मजेदार काम किया है। इस तरह से देश की राजधानी के साथ-साथ हमारे बड़े-बड़े शहर अच्छी तरह से बिगड़ गए हैं। मर गए हैं। मैंने पहले ही कहा था कि अब देश और राज्यों की राजधानियों को बदलकर मेरे गांव कुम्हारिया को राजधानी बना दें तो बहुत बढ़िया होगा। बिगड़ने का अधिकार केवल दिल्ली को ही नहीं है! मेरा गांव भी उतना ही खराब हो जाए, उतना ही बिगड़ जाए, जितनी दिल्ली बिगड़ी हुई है। दिल्ली के खराब स्वास्थ्य को लेकर टीवी पर डिबेट बाजी चलती है तो बड़ा मजा आता है। शहर का मशहूर कबाड़ी कचरा निस्तारण की विशेषज्ञ सेवाएं देता है। पानी की बोतलें बेचने वाला व्यापारी जल स्वच्छता अभियान चलाता है। पटाखों का शहंशाह पर्यावरण बचाओ इनाम लेकर इठलाता है। बड़ा अच्छा होगा जब मेरा गांव भी मर जाएगा। मेरे गांव को जब राजधानी बना दी जाएगी, तो वहां भी चलने के लिए बिल्कुल जगह नहीं बचेगी। सड़क पर कारों को चीटियां ओवरटेक करती नजर आएगी। गज गामिनी सी धीमी गति से चलने वाली कारों में बैठकर सो जाना बड़ा अच्छा रहेगा।

# हम भी तुम्हारे बाप हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**साहब** टेढ़े लोगों के लिए सीधे-सादे कपड़े पहनकर जायेंगे तो वे हमारा कचूमर बना देंगे। वैसे भी हमें ऐसे कपड़ों में जाने की क्या जरूरत है? यूनिफार्म में चलते हैं। लोगों में रौब बना रहेगा। कांस्टेबल ने कहा। यही तो मुश्किल है। यह यूनिफार्म डराने के लिए इतना बदनाम हो चुका है कि भरोसे का परिंदा इसके आसपास फटकने से भी डरता है। चोर-उचक्के इतने अडवांस हो गए हैं कि उन्हीं के चलते बड़ी-बड़ी कंपनियाँ फेस डिटेक्टर, थंबप्रिंट एनेबल तकनीकों से लैस डिवाइस बनाने लगे हैं। अब ऐसे में उन्हें पकड़ना रिश्वत खाने जितना आसान नहीं है। इसीलिए सरकार ने आदेश दिया है कि सभी चोर-उचक्कों, अपराधियों, गुंडे मवालियों के घरों की जियो टैगिंग करें। उन्हें भनक न लगे इसके सादे कपड़े में जाना होगा। सब इंस्पेक्टर ने कहा। लगता है सरकार का दिमाग खराब हो गया है। भला इन अपराधियों का कोई घर होता है, जो इन्हें जियो टैगिंग कर गूगल मैप्स की सहायता से पकड़ लेंगे? वे अपराधी हैं! अपराधी! उनके यहाँ हमारी तरह भर्ती में देरी नहीं होती। हमारे यहाँ तो चुनावों से ठीक पहले भर्ती की जाती है, जिससे बेरोजगारों में यह विश्वास बना रहे कि ऊँट के मुँह में जीरा गलत मुहावरा नहीं है। उनका नेटवर्क जेट स्पीड की तरह काम करता है। और एक हम हैं जो नेटवर्क की स्पीड तो दूर अभी भी बाबा आदम के जमाने के तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। हम जब तक सोचते हैं, वे तब तक करके दिखला देते हैं। हमारी कथनी बोलती है और उनकी करनी। विधानसभा में हमारे नाम पर लोखो-करोड़ों का बजट पारित कर दिया जाता है।

जमीन तक पहुँचते-पहुँचते और नेताओं के पेट से होते हुए वही बजट शून्य बनकर हमें पराजित करने के लिए बड़ा सा ठेंगा दिखाने हमारे सामने खड़ा हो जाता है। यहाँ तो हर भर्ती संवैधानिक नियमों का हवाला देते हुए आरक्षण के आधार पर किया जाता है। उनके यहाँ भर्ती केवल काबिलियत के आधार पर होती है। यही कारण है कि आए दिन अनगिनत चोर-उचक्के हमारी आँखों में धूल झोंककर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### रौनक पब्लिक स्कूल की छात्रा का पंचकुला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चयन



**गन्नौर: रौनक पब्लिक** स्कूल के छात्रों ने मुरथल की दीनबन्धु छोटूराम विश्वविद्यालय में हुए युवा महोत्सव में विभिन्न श्रेणी में अपनी सफलता का प्रचम लहराया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोक गीत, पोस्टर बनाना, कहानी लेखन, भाषण, फोटोग्राफी, लघु अभिव्यक्ति की प्रस्तुती दी। स्कूल की छात्रा का पंचकुला के इंद्रधनुष सभागार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव के लिए चयन हुआ है। स्कूल की 11वीं कक्षा की छात्रा माही जैन ने अंग्रेजी कहानी लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस सफलता का श्रेय स्कूल की सीनियर विंग की को-आर्डिनेटर और अंग्रेजी विभाग की प्रमुख शुचिस्मिता चक्रवर्ती को दिया है। छात्रा माही ने कहा कि यह शुचिस्मिता मैम की मेहनत और उचित मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि उसने यह स्थान हासिल किया। स्कूल के प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने शिक्षिका व मेधावी छात्रा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आगे भी वे इसी तरह सफलता अर्जित करते रहें और स्कूल का नाम रोशन करे। उन्होंने कहा कि स्कूल के छात्रा शिक्षा, खेलो के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन कर रहे है।

### यूनियन के साथ बिजली निगम ग्रामीण कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे बिजली कर्मी


**गन्नौर: भांवर गांव** में बिजली चोरी पकड़ने की गई टीम के साथ हुई मारपीट के विरोध में बिजली कर्मी मंगलवार को काम छोड़ कर गढ़ी झंझारा रोड स्थित ग्रामीण कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए। धरने का हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन व हरियाणा कर्मचारी महासंघ ने भी समर्थन किया। कर्मचारियों के धरने पर बैठने की वजह से ग्रामीण कार्यालय का काम पूरी तरह से प्रभावित रहा। हरियाणा कर्मचारी महासंघ के सर्कल सचिव हरीश राणा ने बताया कि पिछले दिनों गांव भावर में जेई नीरज, जेई यशपाल, जेई महिपाल, जेई नरेंद्र, लाईनमैन जोगिंद्र, एएलएम आशीष, एएलएम अंकित, एएलएम सतीश, चालक मुकेश चैकिंग करने गए थे। टीम ने मशरूम फार्म संचालक रोहित व राकेश को बिजली चोरी करते पकड़ा तो रोहित व राकेश ने 4-5 व्यक्तियों को बुला कर टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की और उनके मोबाइल फोन भी छीन कर तोड़ दिए। उन्होंने कहा कि इस मामले में गन्नौर थाना में मुकदमा दर्ज भी हो चुका है, लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया गया। यूनिट प्रधान राजेश मलिक ने कहा कि निगम के कर्मचारियों के साथ हुई इस तरह की घटना किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। सर्वकर्मचारी संघ के प्रधान नीरज मलिक ने कहा कि मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो बुधवार को शहरी कार्यालय के कर्मचारी भी काम छोड़ कर धरने पर बैठ जाएंगे। धरने को नेतृत्व जेई जोगेंद्र द्वारा किया गया। इस मौके पर दीपक कुमार, सुनील दत्त, नरेश कुमार, कपिल, कुलदीप, बिजेंद्र आदि मौजूद रहे।

### नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल, ओपीडी सेवाएं रहेगी बंद

सोनीपत

**हरियाणा सिविल** मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन के आह्वान पर जिला नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीचएचसी में चिकित्सक आज ओपीडी सेवाओं को बंद रखेगें। चिकित्सक लगातार सरकार से अपनी मांगों को लेकर रोष-प्रदर्शन कर रहे है। जिसके चलते जिले में 27 दिसंबर को सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवाएं बंद रहेगी। वहीं आपाताकालीन सेवाएं व पोस्टमार्टम सेवाएं चालू रहेगी। अगर सरकार चिकित्सकों की मांगों को पूरा नहीं करती है, तो चिकित्सक 29 दिसंबर से हड़ताल पर चले जायेगें। एसोसिएशन के जिला प्रधान डा. राहुल आंतिल व जिला प्रवक्ता डा. प्यारेलाल मलिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में विशेषज्ञों के लिए अलग से कैडर बनाने की मांग की जा रही है। इसको सीएम की घोषणा में शामिल किया गया था। दो साल बीत जाने के बाद भी कुछ नहीं हुआ। एसोसिएशन की ओर से स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज को भी लिखित में दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। जिसकी वजह से चिकित्सकों की मांगें लंबित है। उन्होंने बताया कि सर्विस में चिकित्सकों को जिस वक्त पीजी करने जाना होता है, तो एक-एक करोड़ रुपये के दो बांड भरने पड़ते है। एसोसिएशन की मांग है कि पुरानी पॉलिसी को लागू कर दिया जाए। पहले यह राशि 50 लाख थी, लेकिन सरकार की ओर से कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है। गत दिनों पहले चिकित्सकों ने दो घंटे की पेन डाउन हड़ताल करनी पड़ रही थी।

### विंटर वंडरलैंड: बच्चों और उनके परिवारों के लिए एक मनमोहक जादुई उत्सव



**नोएडा:** किडजानिया दिल्ली एनसीआर में विंटर वंडरलैंड का आकर्षक उत्सव 15 दिसंबर 2023 से शुरू हो चुका है और यह 7 जनवरी 2024 तक जारी रहेगा। यह उत्सव एक जादुई हॉलिडे सीजन की मनमोहक यादें दे जाएगा जो यहां आने वाले आगंतुक अपने हृदय में संजोए रखेंगे। बच्चों और उनके पूरे परिवार के पास यह खास मौका है कि वे छुट्टियों के इस मौसम का मिलजुल कर आनंद लें। हॉलिडे सीजन की यह खूबसूरती और जज्बा सदाबहार है और इसे यादगार बनाने के लिए किडजानिया इन दिनों आनंद के स्वर्ग में बदल गया है। इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण इस प्रकार हैं: विशालकाय बर्फ को ग्लोब, टिंकल मेगा कलेक्शन बॉक्स, नेस्ले सिरीग्रो आर्ट चैलेंज, एफएसएम कैरोल सिंगिंग वर्कशॉप, राइट जैड कीपर्स के संग परेड, विंटर डीआईवाय गेम्स के प्रमुख आकर्षण बैलिस्टिक बिंगो ब्लास्ट, आर्कटिक पिन टम्बल, जॉली रिंग टॉस चैलेंज किडजानिया इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर राहुल धमधेरे ने कहा, जैसे-जैसे मौसम में बदलाव होता है और हॉलिडे सीजन करीब आने लगता है लोगों के हृदयों में सद्भावना बढ़ने लगती है और किडजानिया में आनंददायक धुनें माहौल में तैरने लगती हैं। हमारी प्रतिबद्धता है कि लोगों -और खास कर बच्चों- को मंत्रमुग्ध कर देने वाली खूबसूरती से परिचित कराना। हमारी इस कोशिश का ही परिणाम है कि हम सुनियोजित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों व उनके परिवारों के लिए यादगार अनुभवों की रचना करते हैं।

# उपायुक्त ने पीएचसी का किया औचक निरीक्षण

## गैर-हाजिर मिले चिकित्सा अधिकारी को किया तलब, खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त स्वयं गांव में पहुंचे



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**पुरखास के** ग्रामीणों की खेल स्टेडियम की मांग को पूरा करवाने के उद्देश्य से उपायुक्त डा. मनोज कुमार बुधवार की सुबह स्वयं गांव में पहुंचे और जमीन की आवश्यकता को लेकर विस्तार से मंथन किया। साथ ही उन्होंने पीएचसी का भी औचक निरीक्षण किया, जिसमें गैर-हाजिर मिले चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने अपने कार्यालय में उपस्थित होकर स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए। गांव के सरपंच ने खेल स्टेडियम के लिए जमीन देने की पेशकश की। किंतु खेल स्टेडियम तक रास्ते की चौड़ाई का तकनीकी मामला आ गया। ऐसे में उपायुक्त ने सरपंच से अन्य किसी स्थान पर जमीन देने के लिए कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि एक रास्ता यह है कि उपलब्ध करवाई जा रही जमीन पर खेल स्टेडियम के लिए रास्ते चौड़ीकरण के लिए साथ लगती जमीन को कलैक्टर रेट पर खरीदने को भी तैयार हैं। यदि संबंधित किसान जमीन दें तो यहीं पर स्टेडियम का निर्माण करवा दिया जाएगा। पुरखास राठी के सरपंच ने गांव में दूसरे स्थान पर उपलब्ध जमीन की जानकारी भी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि साथ लगता गांव उन्हें खेल स्टेडियम के लिए जमीन देने को तैयार है, जिसके लिए बदले में वे अन्य स्थान पर संबंधित गांव को जमीन देने को राजी हैं। उपायुक्त ने कहा कि इसके लिए सरपंच को रिजोलूशन करके देना होगा। वे जमीन तबादले का केस बनाकर मुख्यालय प्रेषित कर देंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि यह कार्रवाई अति शीघ्र पूर्ण करें।

इस मौके पर तहसीलदार मनोज कुमार, बीडीपीओ पूनम चंदा, सरपंच सुनील, कोच देवेंद्र दहिया व सुनील कुमार आदि अधिकारी-कर्मचारी तथा ग्रामीण मौजूद थे

### उपायुक्त के दौरे में डेंटिस्ट सहित चिकित्सा अधिकारी गैर-हाजिर मिले

**उपायुक्त** डा. मनोज कुमार ने पीएचसी पुरखास का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पीएचसी में हर प्रकार की चिकित्सा सुविधाओं को जांचते हुए हाजिरी रजिस्टर की जांच की। मौके पर डेंटिस्ट सहित चिकित्सा अधिकारी गैर-हाजिर मिले। जांच के दौरान ही डेंटिस्ट कुछ देर उपरांत ही उपस्थित हो गए, उन्होंने चिकित्सा अधिकारी के संदर्भ में सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि वे उन्हें लेकर उनके कार्यालय में उपस्थित हों। उन्होंने स्टॉक रजिस्टर की भी गंभीरता से जांच की। उन्होंने संबंधित कर्मचारी को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से दवाओं की मांग भेजें ताकि समय पर उसे पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि जो दवाइयां उपलब्ध हैं वे ग्रामीणों को अवश्य उपलब्ध करवायें।

## ईशम पांचाल साथियों समेत भाजपा में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**नगर निगम** के वार्ड नं 1 से पार्षद का चुनाव लड़ चुके ईशम कुमार पांचाल अपने समाज के साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। पानीपत ग्रामीण विधायक महीपाल ढांडा ने उनका पटका पहना कर स्वागत किया तथा विश्वास दिलाया कि पार्टी में उनको पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। भाजपा कार्यकताओं की पार्टी है। जिसका ताजा उदाहरण मध्य प्रदेश, राजस्थान व छतीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनाए जाना है। जो कार्यकर्ता पार्टी के लिए जितनी मेहनत से कार्य करता है उसे उसके अनुसार ही पद दिया जाता है।

## कर्मयोगी प्रशिक्षण के तहत कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**कमाल हुसैन**



**राजकीय** मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड़ पानीपत में चल रहे हरियाणा कर्मयोगी प्रशिक्षण के तहत कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी गई। डीईओ पानीपत कुलदीप दहिया व डाईट प्राचार्या बिजेंद्र नरवाल के नेतृत्व में कर्मयोगी ट्रेनिंग के बैच नंबर 26 की मास्टर ट्रेनर रेखा दुहन व ममता दहिया ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी। एक दिवसीय ट्रेनिंग में मास्टर ट्रेनर रेखा दुहन व ममता दहिया ने कर्त्तव्य निर्वहन के माध्यम कमजोर कर्त्तव्य व जागृत कर्त्तव्य के अंतर को समझाया। इस प्रशिक्षण के दौरान समूह चर्चा के माध्यम से जागृत कर्त्तव्य का पाठ पढ़ाया गया। इसके साथ ही शिविर में कर्म के बाह्य फल और आंतरिक फल के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान हरियाणा के कर्मयोगियों के लिए बाह्यफल व आंतरिक फल को कई गतिविधियों के माध्यम से परिपूर्णता वृक्ष के माध्यम से समझाया गया। एक दिवसीय ट्रेनिंग शिविर के तीसरे चरण में मास्टर ट्रेनर ने जीवन के विभिन्न चरणों के श्रेयस और प्रेयस भाव को उदाहरणों के द्वारा बताया कि एक कर्मचारी किस तरह से श्रेयस भाव तक जा सकता है। जिसमें सबकी भलाई का भाव प्रभावी होता है। ट्रेनिंग के नोडल अधिकारी प्राचार्य सुरजीत सिंह ने बताया कि ट्रेनिंग के दौरान सभी कर्मचारियों में सकारात्मक भाव से कर्म व कर्त्तव्य को पूरी निष्ठा से करने का भाव जागृत किया गया। एक हरियाणा कर्मयोगी वही है जो सदैव दूसरों की भलाई, आंतरिक फल और जागृत कर्त्तव्य को अपनाता है। इस अवसर पर स्टेट अवार्डी ललित कला प्राध्यापक प्रदीप मलिक, मुख्य शिक्षक जयदीप, दीपिका धवन, उमेद सिंह, मनीषा, ज्योति, प्रमिला, सुनील कादियान, सीमा मलिक आदि मौजूद रहे।

## अगवानपुर गांव सूर्यांश राठी ने सकफी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण व कांस्य पदक



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**अगवानपुर गांव** सूर्यांश राठी ने सकफी राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में स्वर्ण व कांस्य पदक जीत कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोवा के कम्पाल इंडोर स्टेडियम में 23 से 24 दिसम्बर तक 11 वी सकफी राष्ट्रीय कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के करीब 750 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इसमें अगवानपुर गांव के सुर्यांश राठी ने गोवा की तरफ से कराटे प्रतियोगिता में हिस्सा हिस्सा लिया था। सुर्यांश ने अंडर-7 वर्ग में खेलते हुए गोल्ड व कांस्य पदक अपने नाम किया। सूर्यांश राठी के पिता हरीश कुमार राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान गोवा में तकनीकी अधिकारी के तौर पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपने की जीत पर गर्व का अनुभव हुआ है।

## श्वेतांबर जैन स्थानक के मुकेश जैन सर्वसम्मति से बने प्रधान

**गन्नौर: श्वेतांबर** जैन सभा की बैठक रामकुमार जैन की अध्यक्षता में जैन स्थानक में हुई। जिसमें सुनील जैन (सिल्लू) ने पुरानी कार्यकारिणी को भंग किया व सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया। जिसमें सर्वसम्मति से श्वेतांबर जैन स्थानक के मुकेश जैन गढी -ां-ारा वाले को प्रधान नियुक्त किया गया।

इस मौके पर साथ में नरेश जैन, कपिल जैन, अजय जैन, आशीष जैन, बृजेश जैन व समाज के अन्य लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट ने दिया बेरोजगारों को रोजगार



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**जी टी** रोड गन्नौर स्थित डी आई टी एम कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। जिसमे प्रदेश के विभिन्न कालेज के 200 से ज्यादा छात्रों ने भाग लिया। प्लेसमेंट ड्राइव मे कुएस कारपोरेशन लिमिटेड , एयरटेल, वोडाफोन और अलग अलग टेलीकॉम इंडस्ट्रीज ने भाग लिया और छात्रों का इंटरव्यू लिया। जिसमे 112 स्टूडेंट्स का सिलेक्शन हुआ। चयन के बाद मौके पर ही सभी छात्रों को ऑफर लेटर दिए गए। इस प्लेसमेंट ड्राइव में सोनीपत, मुरथल, पानीपत,करनाल, कुरुक्षेत्र, रोहतक, कुंडली आदि जगह पर छात्रों का चयन हुआ। कुएस कंपनी के एच आर अजय कुमार ने कहा कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के लिए अच्छा काम कर रहा है। डी आई टी एम कॉलेज के एडमिन ऑफिसर केतकी सागर ने कहा कि इस उपलब्धि पर कॉलेज गर्व महसूस कर रहा है। कॉलेज के वार्डन कमल शर्मा का कहना है की, भविष्य में ऐसे प्लेसमेंट ड्राइव करते रहेंगे। कॉलेज के अधिकारी आर पी भारद्वाज ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। कॉलेज के मैकेनिकल डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर अमन ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए ड्राइव रूल रेगुलेशंस न के बारे में बताया। कॉलेज के डायरेक्टर जनरल प्रोफेसर नीरज कुमार ने कहा कि कॉलेज के लिए अच्छी उपलब्धि है। डी आई टी एम कॉलेज शिक्षा के साथ साथ छात्रों को करियर में भी सफलता दिलाता है। कॉलेज के बिहार एरिया के मार्केटिंग डायरेक्टर प्रवीन झा ने छात्रों को मोटीवेट किया। कॉलेज के डायरेक्टर डा. अखिल जैन ने प्लेसमेंट ड्राइव की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। चेयरमैन संजीव कुमार जैन ने कहा कि कालेज आगे भी ऐसे प्रयास करेंगे। इस मौके पर महिवाल, दीपक छिक्कारा, प्रोफेसर अंजू ,नेहा, सुमित, नीलम, पूनम, निशा मैडम, साक्षी, बिजेन्द्र आदि मौजूद थे।

## कार का शीशा तोड़कर जेवरात व हजारों रुपयों की राशि सहित लैपटॉप चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर गांव कुमासपुर के पास स्थित होटल की पार्किंग में खड़ी कार का शीशा तोड़कर जेवरात, लैपटॉप सहित हजारों रुपये की राशि चोरी होने का मामला सामने आया है। सिंचाई विभाग से सेवानिवृत अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मुरथल थाना पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेवानिवृत कर्मचारी परिवार सहित फरीदाबाद से पंचकूला जाते हुए होटल पर खाना खाने आया था। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ सके। सेक्टर-15 फरीदाबाद निवासी रविंद्र मलिक ने बताया कि वह वह सिंचाई विभाग से सेवानिवृत है। वह सोमवार को फरीदाबाद से अपनी कार में सवार होकर पत्नी, बेटी के साथ पंचकूला जा रहा था। जब वह कुमासपुर के आगे स्थित हल्दीराम होटल पर पहुंचे तो उन्होंने खाना खाने के लिए कार को रोक दिया। वह कार खड़ी खाना खाने चले गए। बाद में जब वह बाहर आए तो कार का पिछला शीशा टूटा मिला। उन्होंने देखा कि कार के अंदर से उनका बैग चोरी था। बैग में लैपटॉप, 25 हजार रुपये, सोने के कंगन, एक नीलम व एक हीरा तथा अन्य सामान था।

उन्होंने आसपास पता किया, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। बाद में गार्ड उनका बैग उठाकर लेकर आया, लेकिन वह खाली था। जिस पर मामले से मुरथल थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## खड़े कैंटर में टकराई पिकअप गाड़ी, हादसे में चालक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**राष्ट्रीय राजमार्ग** संख्या-44 पर सड़क मार्ग पर खड़े कैंटर (टैंकर) में पिकअप गाड़ी टकराई गई। हादसे में पिकअप गाड़ी चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है।

भावल खेड़ शाहजनपुर हाल में खेड़ा विसी दानिश ने बताया कि वह हैयर ड्रेसर का काम करता है। उसके पिता मोहम्मद गत 15 साल से निजी कंपनी में चालक के तौर पर कार्यरत है। गत 25 दिसंबर को पिकअप गाड़ी में दिल्ली से बहालगढ़ के लिए चला था। उसे सूचना मिली कि उसके पिता का दिल्ली-पानीपत सड़क मार्ग पर राई के पास एक्सीडेंट हो गया है। हादसे की सूचना के बाद वह मौके पर पहुंचा। जहां उसने देखा कि उसका पिता कंपनी में सामान उतारने के लिए जा रहा था। राई फ्लाईओवर के पास सड़क किनारे लगे पौधों में पानी दे रहे कैंटर (टैंकर) में पिकअप गाड़ी जा टकराई। हादसे में उसका पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिजवाया। जांच अधिकारी एसआई जसबीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है।

## प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे मसीहा: विधायक



**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी की अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ देने की गारंटी के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार की सुबह गांव जठेड़ी व सफीयाबाद पहुंची, जहां राई से विधायक एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मोहनलाल बड़ौली ने जनसंवाद कार्यक्रमों का शुभारंभ करते हुए लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। इस दौरान विधायक ने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल गरीबों के सच्चे मसीहा हैं। हरियाणा प्रदेश की मनोहर सरकार परिवार पहचान पत्र के जरिये अंत्योदय की भावना से जनसेवा का काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मोहनलाल बड़ौली ने गांव की महिलाओं को उज्जवला योजना के तहत मुफ्त में गैस चूल्हे और सिलेण्डर वितरित किए। इस मौके पर कुण्डली नगर पालिका की चेयरपर्सन शिमला देवी, परमजीत, विनोद बैरागी, नंद किशोर, गोपाल वर्मा, बीडीपीओ सुरेन्द्र कुमार, एसईपीओ सुरेन्द्र, जिला पार्षद राकेश नाथूपुर, गांव जठेडी के सरपंच योगेश जठेड़ी, गांव सफीयाबाद के सरपंच सुखबीर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व अधिकारीगण मौजूद रहे। विधायक ने कार्यक्रम में जनसंवाद कर सुनी लोगों की शिकायतें विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए।

**विभागों की प्रदर्शनी का किया अवलोकन:** विधायक ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को प्रचार सामग्री का वितरण किया गया।

# 'विफलता सबसे बड़ा गुरु जो सफल होना सिखाती है'

## उप राष्ट्रपति ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के 18 वें दीक्षांत समारोह में की शिरकत, 1216 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से किया अलंकृत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भारत के उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक में आयोजित 18वें दीक्षांत समारोह में शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि से अलंकृत किया और उन्हें जीवन में सफल होने तथा बुजुर्गों की सेवा व देश के प्रति सम्मान भाव रखते हुए कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज के दीक्षांत समारोह में 1216 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई है और यह गर्व की बात है कि इनमें से 740 लड़कियां हैं, जोकि देश व हरियाणा में बदलाव के गौरवान्वित परिदृश्य को दशार्ता है कि किस प्रकार लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। 18 वें दीक्षांत समारोह में उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी डॉ सुदेश धनखड़, हरियाणा के राज्यपाल और महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, उच्चतर शिक्षा मंत्री मूलचंद शर्मा भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत को विशेष तौर पर डॉक्टरेट की उपाधि दी गई। जगदीप धनखड़ ने शोधार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्थान से शिक्षा ग्रहण करना व्यक्तिगत उपलब्धियों से कहीं आगे है। यह आनंदमय, अविस्मरणीय क्षण है। आप अपने पूरे जीवन में उन लोगों की यादों को संजोकर रखेंगे जिन्होंने हर कदम पर आपकी शिक्षा और संघर्षों को साझा किया है। आज





आपके जीवन का एक नया अध्याय शुरू हो रहा है, आज के बाद आप वास्तविक जीवन में प्रवेश करेंगे और विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम रौशन करेंगे। परंतु एलुमनाई के रूप में अपने संस्थान से अवश्य जुड़े रहें। इससे संस्थान को आगे बढ़ने में बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आप सभी शोधार्थी बहुत सौभाग्यशाली हैं, जिन्होंने इस अमृतकाल में शिक्षा ग्रहण की है, आपके पास एक पारिस्थितिकी तंत्र है और अपनी असीम ऊर्जा को उजागर करते हुए अपनी प्रतिभाओं व संभावनाओं का प्रयोग करते हुए आगे बढ़ें। यह अमृतकाल गौरवकाल है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया में बहुत आगे है, जितना पहले कभी नहीं था। आज से एक दशक या 15 साल पहले की स्थिति पर नजर डालेंगे तो पता लगेगा कि उस समय क्या स्थिति होती थी, कैसा वातावरण था। लेकिन आज ईमानदारी, जवाबदेही, पारदर्शिता और सत्यनिष्ठा परक्राम्य तत्व हैं, ये ही शासन के अविभाज्य पहलू हैं।

**प्रौद्योगिकियों के नवीनीकरण के क्षेत्र में भारत दुनिया के पहले 10 देशों में से एक:** उप राष्ट्रपति ने कहा कि एक समय था जब भारत तकनीकों के क्षेत्र में पीछे था और दूसरे देशों पर निर्भर रहता था, उसे इंतजार करना पड़ता था कि कैसे उस तकनीक को प्राप्त करे। अधिकांश देश अपने नियम और शर्तें निर्धारित करते थे और छोटा सा टुकड़ा ही हमें मिलता था। लेकिन आज भारत प्रौद्योगिकियों के नवीनीकरण के क्षेत्र में दुनिया के पहले 10 देशों में से एक है। हम उन देशों की अग्रिम पंक्ति में हैं जिन्होंने क्वांटम तकनीक पर ध्यान दिया और केंद्र सरकार ने इस क्वांटम मिशन के लिए 6000 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना और क्वांटम प्रौद्योगिकी (क्यूटी) में एक जीवंत और नवीन पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। इसके साथ ही, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत साल 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जिसके लिए लगभग 19 हजार करोड़ रुपए की मंजूरी दी जा चुकी है। इन क्षेत्रों में आने वाले समय में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं और आज उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को इस दिशा में सोचना चाहिए। उप राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को कहा कि अपने जीवन में रिस्क लेने से न डरें, विफलता से न डरें, कुछ भी नया करने के लिए सदैव तैयार रहें, क्योंकि विफलता सबसे बड़ा गुरु है, जो सफल होना सिखाती है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि जीवन में असफल होना बड़ी बात नहीं है, बल्कि उसके बाद भी हार मान लेना सबसे बड़ी कमी है। आपका प्रयास करते रहना आपकी लगन को दिखाता है। असफलता इकोसिस्टम की होती है, लेकिन निरंतर मेहनत करने से सफलता निश्चित मिलती है। इसलिए जीवन में रिस्क अवश्य लें।

**विद्यार्थी हमेशा अपने बुजुर्गों, माता-पिता, गुरुजनों और देश का करें सम्मान:** जगदीप धनखड़ ने विद्यार्थियों से कहा कि आपके जीवन में सफलता तो आएगी लेकिन अपने बुजुर्गों, माता-पिता, गुरुजनों और देश का सम्मान हमेशा आपकी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है, जहां बुजुर्गों का सम्मान होता है, लेकिन जब कभी कोई यह कहता है कि मैं वृद्धाश्रम बना रहा हूं, तो बहुत पीड़ा होती है। क्योंकि हमारे देश में वृद्धाश्रम की कोई आवश्यकता ही नहीं है। इसलिए जीवन में सफलता मिलने के बाद भी अपने बुजुर्गों का ध्यान हमेशा रखें।

### 'स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज, राष्ट्र व मानव कल्याण के लिए करें कार्य'

**हरियाणा** के राज्यपाल एवं महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज इस विश्वविद्यालय का 18 वां दीक्षांत समारोह है और पीएचडी पाठ्यक्रम के लगभग 1200 से ज्यादा शोधार्थी पीएचडी उपाधि से अलंकृत हुए हैं। 12 शोधार्थियों को बेस्ट थीसिस अवार्ड तथा 3 शोधार्थियों को पदक से सम्मानित किया गया है। उन्होंने सभी शोधार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सबकी कड़ी मेहनत, लगन तथा कर्तव्य निष्ठा का प्रत्यक्ष परिणाम ये गौरवमय पीएचडी उपाधि है। आपके माता-पिता, परिजनों तथा गुरूजन को भी हार्दिक बधाई, जिनका साथ, मार्गदर्शन, शुभकामनाएं इस शैक्षणिक यात्रा में आपका संबल बनी है। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य है कि आप भारत के महान समाज सुधारक, विद्वान, आर्य समाज के संस्थापक स्वामी दयानंद सरस्वती के नाम पर स्थापित भारत के इस प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से उपाधि प्राप्त कर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती के जीवन, उनके कार्यों, उनके दर्शन से प्रेरणा लेकर आप सबको समाज कल्याण, राष्ट्र कल्याण तथा मानव कल्याण के लिए कार्य करना होगा।

## उप राष्ट्रपति ने किसानों को दिल्ली आने का दिया न्योता

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/काजल रानी**
**हरियाणा के** हिसार में मंगलवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रोटोकोल तोड़कर पंडाल में पीछे की ओर बैठे किसानों से मिलने उनके बीच पहुंच गए। उपराष्ट्रपति ने उनसे देसी अंदाज में बात करते हुए दिल्ली आने का न्योता दिया। उन्होंने महिलाओं के घूंघट को देखकर कहा कि अब समय बदल गया उठा लो। जिसके बाद महिलाओं ने घूंघट खोल दिए। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं से कहा कि थैं दिल्ली क्यूं ना आवो। म्हैं न्योता देण लाग रहया हूं। आच्छा तो मैं चालूं , राम- राम ।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ मंगलवार को केंद्रीय भैंस अनुसंधान केंद्र में पहुंचे। यहां पंडाल में उन्होंने किसानों- वैज्ञानिकों को संबोधित किया। कार्यक्रम खत्म होने के बाद उपराष्ट्रपति प्रोटोकोल तोड़ते हुए किसानों के बीच पहुंचे गए। पुलिस ने व्यवस्था बनाने की कोशिश की तो उपराष्ट्रपति ने पुलिस कर्मियों को पीछे कर दिया। उन्होंने कहा कि यो घरूं को मामलो स, थैं बीच में कै करो। इसके बाद उन्होंने किसानों से बातचीत करते हुए उनके स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। गांव बिचपड़ी से आई महिला फूलां देवी ने सिर पर हाथ रखकर आशीर्वाद दिया। किसानों से बातचीत करते हुए कहा कि दिल्ली क्यूं ना आवो। थारो ए घर सै। देखो तो थारों बेटो-भाई कठै रहवे सै, कै करये सै। जनवरी में एक प्रोग्राम बना लियो। आपा लेट ना करां। उप राष्ट्रपति ने सीआईआरबी के वैज्ञानिकों को निर्देश दिए कि यहां जो किसान आए हैं उनकी लिस्ट बनाकर उन्हें दिल्ली लाओ। वहां इनसे आमने-सामने बैठ कर दिल खोल कर घर-बार की बात करेंगे।

जगदीप धनखड़ ने इसके बाद वैज्ञानिकों से बातचीत करते हुए उन्हें किसानों की बेहतरी के अनुसंधान करने के लिए प्रेरित किया। पंडाल के अंदर दूसरी ओर छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों से बातचीत करते हुए पूछा कि अठूं कितनी छोरियां पढ़ैं से टाबरो। वहां मौजूद छात्राओं ने हाथ खड़े किए। इसके बाद उपराष्ट्रपति बोले रोहतक एमडीयू में डिग्री देकर आया हूं। वहां आधी से ज्यादा छोरियां थी।

## न्यूज फ्लैश

### विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग कर रही सरकार: संजीव कौशल

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा सरकार भविष्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन प्रौद्योगिकी की क्षमता का उपयोग कर रही है। यातायात और अपराध पर निगरानी बढ़ाने से लेकर कृषि पद्धतियों में क्रांति लाने तक, ड्रोन हरियाणा की प्रशासनिक कार्यशैली का एक अभिन्न अंग बन रहा है। इस तकनीकी क्रांति का संचालन ड्रोन इमेजिंग एंड इंफॉर्मेशन सर्विसेज ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) कर रही है, जो ड्रोन से संबंधित पहलों का नेतृत्व करने के लिए स्थापित एक समर्पित एजेंसी है। संजीव कौशल आज ड्रोन इमेजिंग इंफॉर्मेशन सर्विसेस ऑफ हरियाणा लिमिटेड की 7वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस दौरान दृश्य के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी मौजूद रहे। मुख्य सचिव संजीव कौशल ने बताया कि दृश्य राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्रोन आधारित भूमि सर्वेक्षण शुरू करने के लिए डीसीपी ट्रैफिक, गुरुग्राम के साथ सहयोग कर रहा है। बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, एजेंसी नैनो-उर्वरक छिड़काव के लिए डिजाइन किए गए छह विशेष कृषि ड्रोनों के अलावा, 20 नए बड़े पैमाने के ड्रोन के साथ अपने बेड़े को बढ़ाने के लिए तैयार है। दीनबंधु छोटूराम विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल (सोनीपत) के साथ साझेदारी में आयोजित परीक्षाओं के बाद भर्ती अभियान में दृश्य में 20 ड्रोन और 16 सह-पायलटों को शामिल किया गया। कृषि में ड्रोन प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी क्षमता को पहचानते हुए विशेष रूप से ड्रोन संचालन में महारत हासिल करने के लिए इच्छुक किसानों से दृश्य को अनुरोधों में वृद्धि प्राप्त हुई है। एजेंसी वर्तमान में प्रशिक्षण की बाधाओं को स्वीकार करती है और विशेष रूप से करनाल में बागवानी विश्वविद्यालय में समर्पित प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से अवसरों की तलाश कर रही है।

### हरियाणा पुलिस की साइबर ठगी पर सर्जिकल स्ट्राइक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**साइबर** ठगों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हरियाणा पुलिस द्वारा नियमित रूप से सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए उनकी धरपकड़ की जा रही है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस ने पलवल व गुरुग्राम जिला में दो अलग-अलग मामलों में साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले आरोपियों को गिरफतार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने पलवल जिला में दो विदेशी आरोपियों को गिरफतार किया है। इन आरोपियों में केन्या देश की एक महिला तथा नाइजीरिया से एक पुरुष शामिल है। इन आरोपियों द्वारा इंडियन साइबर क्राइम कोर्डिनेशन सेंटर से प्राप्त लिंकेज के आधार पर पूरे भारत वर्ष में लगभग 01 करोड़ 10 लाख रुपयों की ठगी करने के संबंध में की गई कुल 148 शिकायतों का खुलासा हुआ है। इस मामले में साइबर क्राइम थाना पुलिस पलवल में मामला दर्ज करते हुए आगे की कार्यवाही की जा रही है। क्या था मामला: गांव ककराली के रहने वाले अजीत कुंडु ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि मई माह में नौकरी को लेकर उसका एक फेसबुक दोस्त उसके पास आ रहा था।

## प्रदेश में एक लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया जल्द होगी पूरी: डिप्टी सीएम

**नौकरी की आस**

**8 कार्यकर्ता गठबंधन सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं: दुष्यंत**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि हरियाणा में लगभग एक लाख पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है और आगामी मार्च माह तक यह प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। वे मंगलवार को नारनौंद हलके में जननायक जनता पार्टी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यालय बनने से लोगों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गठबंधन सरकार द्वारा करवाए गए विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी लोकसभा-विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नारनौंद के गांव डाटा में राजकीय महाविद्यालय बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही महाविद्यालय का निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नारनौंद शहर के बाईपास को लेकर तीन प्रस्ताव तैयार किए गए हैं और इसके लिए 45 प्रतिशत किसानों ने जमीन उपलब्ध करवाने के लिए सहमति भी जता दी है, 70 प्रतिशत किसानों की सहमति प्राप्त होते ही बाईपास रोड के निर्माण



को लेकर आगामी कार्यवाही शुरू करवा दी जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारनौंद में 400 करोड़ रुपए की राशि सड़कों के निर्माण पर खर्च की जा रही है और इस राशि से अनेक सड़कें बन चुकी है तथा निमार्णाधीन सड़कों का निर्माण कार्य भी तेजी से पूरा करवाया जा रहा है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि नारनौंद हलके में बरसाती पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक इस कार्य पर 125 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इसी तरह महम हलके के जलभराव वाले क्षेत्र से पानी निकासी के लिए पाइप लाइन डालकर व्यवस्था करवाई जा रही है। दुष्यंत चौटाला ने यह भी कहा कि पहले अनाज मंडियों में फसल बिक्री के दो महीने के बाद भी किसानों को पैसे नहीं मिलते थे लेकिन अब राज्य सरकार द्वारा दो दिन के अंदर ही किसानों के बैंक खातों में पैसे पहुंचने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गरीबों के उत्थान के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। नारनौंद पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष सरदार निशान सिंह, विधायक अमरजीत ढांडा, जेजेपी जिला प्रभारी मास्टर ताराचंद, जिला अध्यक्ष अमित बूरा, वरिष्ठ नेता डॉ अजीत सिंह सहित पार्टी के अनेक पदाधिकारी व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### 'साहिबजादों के बलिदान को प्रधानमंत्री मोदी ने दी सच्ची श्रद्धांजलि'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**केंद्रीय** ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने आज मंगलवार को वीर बाल दिवस के अवसर पर फैदाबाद के सेक्टर-28 स्थित गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। केंद्रीय राज्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सच्चा वीर बाल दिवस आज है। आज ही के दिन एक पूरे परिवार ने एक सप्ताह भर में ही देश, धर्म और संस्कृति के लिए अपनी शहादत दी थी।

## टीजीटी भर्ती में सामाजिक आर्थिक मानदंड के पांच अंक देने पर अंतरिम रोक

**झटका**

**8 हाईकोर्ट में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी गई हैं। ये चुनौती टीजीटी भर्ती के बाबत दी गई है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** और हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा में टीजीटी पदो पर होने वाली भर्ती में सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने पर अंतरिम रूप से रोक लगा दी है। हरियाणा सरकार ने ऐसे उम्मीदवारो को सामाजिक आर्थिक आधार पर पांच अंक देने का फैसला किया था जिनके परिवार की एक साल की आमदनी 1.80 लाख रुपये तक हैं। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सरकार के इस फैसले को चुनौती दी गई हैं। ये चुनौती टीजीटी भर्ती के बाबत दी गई है। इसके बाद हाईकोर्ट ने एक अंतरिम आदेश पारित करके इन अंकों पर फिलहाल प्रतिबंध लगाया है। हालाँकि अंतिम निर्णय अभी आना बाकी लेकिन इसका असर दूसरे पदों पर भर्ती में हो सकता है। वर्तमान में हरियाणा में टीजीटी के 7471 पदों पर भर्ती प्रक्रिया अदालत में चल रहे मामलो के कारण रुकी हुई है। अरुण कुमारी एवं अन्य ने अदालत में मामला दायर करते हुए कहा कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने अपने विज्ञापन संख्या 2/2023 के तहत टीजीटी पद के लिए आवेदन मांगे थे। इस विज्ञापन का जिक्र करते हुए बताया गया कि इसके क्लॉज 12 के अनुसार, सामाजिक-आर्थिक मानदंड के लिए पांच प्रतिशत अंक दिए जाएंगे। हरियाणा सरकार ने 20 दिसंबर.2022 को विज्ञापन संख्या 20 के तहत ऐसा ही क्लाज तय किया था, जिसे अदालत में चुनौती दी गई थी। याचिका पर अदालत ने 19 जनवरी 2023 को अंतरिम आदेश पारित किया।

### मिड डे मील रसोइयों के वेतन मामलों पर विचार के लिए चीमा ने दिए कमेटी गठन के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह** चीमा ने मंगलवार को यहाँ मिड-डे-मील कुक्ज यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ मीटिंग के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग को हिदायत दी कि वह शिक्षा और वित्त विभागों के अधिकारियों और यूनियन के प्रतिनिधियों की संयुक्त कमेटी बनाएँ, जो मिड-डे-मील के रसोइयों के वेतन से सम्बन्धित अलग-अलग पहलुओं का अध्ययन करके अपनी रिपोर्ट पेश करें।

### सब-इंस्पेक्टर को रिश्वत लेते विजीलैंस ब्यूरो ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** विजीलैंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध अभियान जारी रखते हुए सोमवार को पुलिस कमिशनरेट दफ़्तर, अमृतसर की आर्थिक अपराध शाखा में तैनात सब इंस्पेक्टर (एस. आई) कुलवंत सिंह ( नंबर 700/ अमृतसर सिटी) को 50,000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू किया है। यहाँ मंगलवार को राज्य विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि इस एसआई को सूरज मेहता निवासी गोपाल दास रोड, अमृतसर की तरफ से दर्ज शिकायत पर गिरफ़्तार किया गया है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो को बताया कि पुलिस सब इंस्पेक्टर हाईकोर्ट से उसके पिता की गिरफ़्तारी पर अंतरिम स्टे मिलने के बाद पुलिस जांच में शामिल होने और इस मुकदमे में नियमित जमानत लेने में मदद करने के बदले 50,000 रुपए की रिश्वत माँग रहा है। शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो को यह भी बताया कि यह सब इंस्पेक्टर उसके पिता द्वारा उनकी सांझा फर्म में साझीदारों के विरुद्ध दर्ज किये एक अलग केस में मदद के नाम पर पहले एक लाख रुपए की रिश्वत ले चुका है। प्रवक्ता ने बताया कि इस शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद, अमृतसर रेंज से विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाया और एसआई कुलवंत सिंह को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 50, 000 रुपए की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों काबू कर लिया। उन्होंने बताया कि इस दोषी पुलिस सब इंस्पेक्टर के खिलाफ विजीलैंस ब्यूरो के थाना अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आमजन तक पहुंचाया जा रहा है योजनाओं का लाभ: कमलेश ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती कमलेश ढांडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प है कि 2047 तक देश को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है। यह सभी के सामूहिक प्रयास से ही यह संभव होगा। भारत से गरीबी मिटाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है। राज्यमंत्री कमलेश ढांडा जिला कैथल के गांव नरवल व नीमवाला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। उन्होंने कहा कि



सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास सरकार का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को पूरा करने की शपथ भी दिलाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में ऐसी व्यवस्था लागू की है, जिससे नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि ऑनलाईन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। यह यात्रा समाज के विशेषकर वंचित वर्गों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की एक अनूठी पहल है।

## 'वीर साहिबजादों की गौरवमयी गाथा चिर काल तक करती रहेगी प्रेरित'

### 'विश्व इतिहास में बाल्यावस्था में शौर्य, साहस और दृढ़ता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कही और नही मिलती'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा सार्व**जनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी के अमर बलिदान को समर्पित 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाए जाने का फैसला किया। उन्होंने साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह जी एवं बाबा फतेह सिंह जी के अमर बलिदान को समर्पित "वीर बाल दिवस" पर उनके अदम्य साहस, निर्भीकता एवं वीरता को कोटि-कोटि नमन किया।



चेयरमैन बराला ने गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के शहीदी दिवस के अवसर पर जमालपुर रोड़ पर बने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह स्मृति द्वार पर आयोजित कार्यक्रम में शहीद साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। गुरुद्वारा तूरनगर प्रबंधक कमेटी द्वारा शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। स्मृति द्वार पर शोभा यात्रा का चेयरमैन बराला व सैंकड़ो स्कूली छात्रों और श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा के द्वारा स्वागत किया। स्कूली छात्रों ने सिख इतिहास व बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के जीवन पर आधारित शब्द प्रस्तुत किए। बराला ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि धर्म की रक्षा एवं मातृभूमि की सेवा को समर्पित साहिबजादों की गौरवमयी गाथा चिर काल तक हम सभी को प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि विश्व इतिहास में बाल्यावस्था में शौर्य, साहस और दृढ़ता की ऐसी अद्वितीय अमर वीरगाथा कही और नही मिलती जिसमें 6 से 8 वर्ष की आयु के छोटे साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिए स्वयं शहीद हो गए हों। गुरु गोबिंद सिंह जी के दोनों साहिबजादों की यह शहादत धर्म रक्षा के लिए दी गई शहादत का अभूतपूर्व उदाहरण है। उन्होंने कहा कि देश व धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व कुर्बान करने का स्वर्णिम इतिहास केवल हमारे देश का ही है। भविष्य की हमारी पीढ़ियों को वीर बाल दिवस से प्रेरणा मिलेगी। हमारा देश का भविष्य है जो देश और धर्म के लिए इतने बड़े बलिदान को अपने जीवन में सहज करके प्रेरणा ले सकेंगे।

# वीर बाल दिवस और उधम सिंह की जयंती मनाई

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती परिसर में वीर बाल दिवस और सरदार उधम सिंह की जयंती पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनायी गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा रहे। विशिष्ट अतिथि आर्य समाज काबरी के उपप्रधान ओमदत्त आर्य व राजनीति विज्ञान की अध्यापिका सरला मलिक व अंग्रेजी प्रवक्ता अनीता रानी रही। रसायन विज्ञान के अध्यापक नवीन व अंग्रेजी अध्यापिका उर्मिला मुख्य वक्ता के रूप में मोजूद रही। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की। इस अवसर पर भाषण व गीत प्रतियोगिता करवायी गई और कक्षा 5वी की हरलीन व गरिमा रानी ने देशभक्ति नाटक व भाषण के माध्यम से सभी को भाव विभोर कर दिया । नाटक व भाषण



प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बाल कलाकारों को मोके पर ही सम्मानित किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक जसवीर ग्वाल्डा ने कहा कि भारत की पवित्र भूमि पर जहां अनेक ऋषि मुनियों और संत महात्माओं ने जन्म लिया और सिख धर्म का इतिहास तो राष्ट्र व धर्म की रक्षा करने में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों से भरा पड़ा है उन्होंने कहा कि आज जहां विश्व सरदार ऊधम सिंह की जयंती मना रहा है वहीं धर्म की रक्षा करने वाले जोरावर सिंह और फतेह सिंह का बलिदान दिवस मना रहा है हमे इन सभी धर्म व देश की रक्षा करने वाले बलिदानियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर महान योद्धा गोकुल जाट और महाराज हिंदू हृदय सम्राट सूरजमल पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा सर छोटू राम अमर शहीद रणजीत सिंह आर्य और आचार्य बलदेव को भी सभी वक्ताओं ने बार-बार याद किया यह जानकारी विद्यालय के प्रधान रणदीप कादियान ने दी समारोह को संभावित करते हुए मुख्य अतिथि जसवीर ग्वाल्डा ने कहा कि वेद विश्व के सबसे प्राचीन ग्रंथ है और विश्व का जो व्यक्ति प्रकृति और वैदिक संस्कृति का सम्मान करता है आर्य समाज भी उस ही व्यक्ति का विशेष सम्मान करता है उन्होंने कहा कि भारत भूमि पर जहां अनेक ऋषि मुनियो संत महात्मा ने जन्म लिया वहीं अनेक सभ्यताओं का विकास भी भारत में ही हुआ है उन्होंने कहा कि मां भारती ने गुरु नानक देव महावीर गोकुला जाट महाराजा सूरजमल गुरु गोविंद सिंह जैसे महान योद्धाओं को भी जन्म दिया है उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल ने सत्य स्नातन वैदिक धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया' उन्होंने कहा कि भरतपुर के महाराजा सूरजमल महाराजा रणजीत सिंह हरफूल सिंह जुलाना स्वामी ओम आनंद भगत फूल सिंह पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगों ने देश की आजादी को सुरक्षित रखा वहीं आजाद देश को नई दिशा प्रदान करने के लिए भी अनेक कार्य किये। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की रक्षा करने में सर छोटू राम पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महामहिम राज्यपाल गुजरात आचार्य देवव्रत भी भारतीय कृषि को नई दिशा प्रदान करके लाभकारी खेती बनाने के सभी प्रयास कर रहे हैं'

आचार्य देवव्रत जहां वेदों पर आधारित भारतीय संस्कृति को मजबूत बनाने का कार्य कर रहे हैं वही जीरो बजट प्राकृतिक खेती के माध्यम से भी किसानों की आर्थिक दशा सुधारने का प्रयास कर रहे हैं।

# मोहाना गांव में पहुंचे "आप" प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता और दिल्ली मेयर शैली



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**दिल्ली नगर** निगम में कार्यरत कर्मचारी की सड़क हादसे में मृत्यु होने के बाद मंगलवार को दिल्ली सरकार के प्रतिनिधि और निगम मेयर परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र और सहायता राशि देने पहुंचीं। परिवार से मिलने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता, दिल्ली मेयर शैली ओबेरॉय, डिप्टी मेयर मोहम्मद आले इकबाल और सदन के नेता मुकेश कुमार गोयल गांव मोहाना में पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सोनीपत लोकसभा अध्यक्ष देवेन्द्र गौतम, जिलाध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। गौरतलब है कि 30 अगस्त को दिल्ली निगम में कार्यरत और मोहाना गांव निवासी कर्मी इंद्र कुमार की सड़क हादसे के कारण आकस्मिक मौत हो गई थी। इस पर संज्ञान लेकर दिल्ली निगम की मेयर डिप्टी मेयर और सदन के नेता आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के साथ मोहाना गांव में पहुंचे। उन्होंने मृतक कर्मी इंद्र कुमार की माता जी व परिजनों के साथ शोक संवेदनाएं साझा की और उनके पुत्र रविंद्र कुमार को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र और उनकी माता जी को 14 लाख 38 हजार रुपए की सहायता राशि प्रदान की। डॉ. सुशील गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार अपने हरेक कर्मचारी के परिवार के प्रति प्रतिबद्ध है। अगर किसी भी कर्मचारी की आकस्मिक मृत्यु होती है तो दिल्ली सरकार और निगम कर्मी के परिवार को सहायता राशि और सरकारी नौकरी देने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो देश के लिए अपने तन मन धन से सेवा करने वाले शहीद के परिवारों को भी एक करोड़ रुपए की सम्मान राशि देने का काम करती है। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि निगम में कार्यरत सफाई कर्मचारी इंद्र कुमार के परिवार के साथ हमारी शोक संवेदनाएं हैं। हम दिल्ली मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में उनके परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी और बच्चों की शिक्षा के लिए सहायता राशि देने पहुंचे हैं। ताकि उनके परिवार और बच्चों का जीवन बेहतर तरीके से चलता रहे। उन्होंने कहा कि सिर्फ सत्ता पाना हमारा लक्ष्य नहीं है, बल्कि पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को साथ लेकर आगे बढ़ने का संकल्प है।

## न्यूज फ्लैश

### मुरलीधर डीएवी स्कूल में साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों को स्मरण करते हुए मुरलीधर डीएवी विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा के अंतर्गत कविता, कहानी व शब्द के माध्यम से साहिबजादों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। अर्शप्रीत सिंह ने साहिबजादों की कहानी का वर्णन किया तो कक्षा पांच की लवली ने कविता के माध्यम बाबा फतेह सिंह वास जोरावर सिंह की शहादत को नमन किया। कक्षा 8 में श्रीमती उपेंद्र कौर द्वारा वीर बाल दिवस के उपलक्ष में प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। जिसमें हरगुन, खुशमीत, अर्षनूर व यशिका विजेता रहे। कक्षा 11 के विद्यार्थियों को चार साहिबजादे फिल्म दिखाई गई। विद्यालय प्राचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने देश व धर्म पर प्राण न्योछावर करने वाली ऐसी शहादत के आगे नतमस्तक होते हुए विद्यार्थियों को जीवन में सदा धर्म पक्ष में खड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

### टेक पेशेवर बनी डाटा एनालिस्ट और समर्पण तथा निरंतर कौशल उन्नयन के साथ अपना सपना किया साकार

**यमुनानगर।** हरियाणा की एक टेक पेशेवर, सुगंधा गुप्ता ने स्केलर कार्यक्रम शुरू करने के बाद, उत्पाद-आधारित स्टार्टअप के साथ डाटा एनालिस्ट के रूप में 120% से अधिक की वेतन वृद्धि के साथ अपने सपनों की नौकरी हासिल की। सुगंधा ने अपने करियर की शुरूआत डिजिटल मार्केटर के रूप में की थी और वह इसे और बेहतर बनाना चाहती थीं और उन्होंने उद्योग में प्रासंगिक बनने के लिए खुद को अपस्किल करने का फैसला किया और इसके लिए कड़ी मेहनत की।स्केलर कार्यक्रम में नामांकन से उन्हें सीखने का व्यापक अनुभव मिला, जिससे उन्हें नई अवधारणाओं और प्रौद्योगिकियों की समझ हासिल करने में मदद मिली। परामर्श और व्यवस्थित पाठ्यक्रम से उन्हें नए कौशल हासिल करने में मदद मिली। उन्हें वेतन में 120% से अधिक की बढ़ोतरी के साथ डाटा एनालिस्ट के रूप में उत्पाद-आधारित स्टार्टअप में रखा गया। स्केलर की पूर्व छात्रा, सुगंधा गुप्ता ने कहा, जब मेरे पति ने मेरा परिचय इंटरव्यूबिट से कराया, तो मुझे स्केलर के बारे में पता चला कि यह संस्था क्या करती है। मुझे अवसर नजर आया और इस कार्यक्रम में दाखिला ले लिया। तब से, मैं नए कौशल सीख रही हूं और यह भी सीख रही हूं कि उन्हें वास्तविक दुनिया में कैसे लागू किया जाए। मैं स्केलर में सभी मेंटर और पूरी टीम को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। सुगंधा की सफलता के बारे में, स्केलर और इंटरव्यूबिट के सह-संस्थापक अभिमन्यु सक्सेना ने कहाः सुगंधा की कहानी हम सभी के लिए किसी प्रेरणा से कम नहीं है। कठिनाइयों का सामना करने के बावजूद, सुगंधा ने अपने लक्ष्य तक लगातार पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करने की ठानी। मुझे उम्मीद है कि सुगंधा की कहानी से सभी शिक्षार्थी प्रेरित होंगे और एक वहनीय करियर के लिए खुद को कुशल बनाने के लिए आदर्श कदम उठाएंगे। स्केलर में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा साइंस और मशीन लर्निंग जैसी डिजिटल प्रौद्योगिकियों पर पाठ्यक्रम, चार साल का आवासीय ग्रेजुएट कार्यक्रम और एक मास्टर्स कार्यक्रम का संचालन किया जाता है। स्केलर की पेशकशों के जरिये, इच्छुक प्रौद्योगिकी पेशेवर खुद को फुल स्टैक डेवलपर्स, बैकएंड डेवलपर्स, डेटा साइंटिस्ट, डेटा एनालिस्ट और मशीन लर्निंग इंजीनियर बनने के लिए खुद को अपस्किल कर सकते हैं।



# निजामपुर में सब डिविजन जल्द चालू करवाने का डिप्टी सीएम ने दिया आश्वासन

**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी ।** निजामपुर विद्युत सब स्टेशन को सब डिवीजन को चालू करवाने मुहिम तेज हो गई है। इसके लिए न केवल नलवाटी के लोग सक्रिय बने हुए हैं, बल्कि जननायक जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने भी कोशिशें तेज कर दी हैं। इन्हीं कोशिशों का परिणाम है कि जेजेपी नेताओं के प्रयासों पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने निजामपुर को जल्द सब डिविजन शीघ्र चालू करवाने का आश्वासन दिया है।



जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि वर्ष 2020 में प्रदेश की गठबंधन सरकार ने जिला महेन्द्रगढ़ में पांच नए सब डिविजन बनाने की घोषणा की थी, जिनमें निजामपुर, सिहमा, बूचावास, सतनाली एवं आकोदा शामिल थे। उन्होंने बताया कि घोषणा के बाद जिले में इन सब डिविजनों में कई चालू कर दिए गए, लेकिन निजामपुर वंचित रह गया, जबकि नलवाटी क्षेत्र के लोग इसकी बार-बार मांग करते रहे हैं। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए करीब चार दिन पहले सिकंदर गहली ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में उन्होंने निजामपुर में सब डिविजन चालू करवाने की बात डिप्टी सीएम के सम्मुख रखी। इस पर डिप्टी सीएम ने उन्हें ग्रामीणों एवं किसानों के हितों को मद्देनजर रखते हुए शीघ्र बिजली निगम के उच्चाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर इस सब डिविजन को चालू करवाने का आश्वासन दिया। जिला प्रवक्ता ने बताया कि निजामपुर को सब डिविजन बनाने में देरी होने से ग्रामीणों को परेशानियां हो रही हैं। उन्होंने बताया कि निजामपुर सब डिविजन बनने से नलवाटी क्षेत्र के करीब 44 गांवों के ग्रामीणों को लाभ होगा।

# 'पात्र लोगों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाया'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**समालखा** विधानसभा क्षेत्र के वार्ड नंबर 1, 9, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17 से संबंधित विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाजपा नेता ऋषिपाल रावल ने शिरकत की। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का निरीक्षण कर पात्र लोगों को मौके पर ही सरकार की योजनाओं का लाभ भी दिलाया। इस मौके पर उनके साथ राम भतेरी रावल, पीतांबर रावल इत्यादि उपस्थित रहे। ऋषिपाल रावल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाना है और केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को गरीब वंचित लोगों को घर द्वार पर ही लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करना है। मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी गरीब वंचित पात्र नागरिकों को मौके पर ही उनका हक दिलवा रही है। उन्होंने कहा कि लोगों को सरकारी सेवाओं का लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि आनलाइन व्यवस्था से उन्हें घर बैठे ही लाभ मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड के द्वारा 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले गरीब परिवार का 5 लाख रुपये तक फ्री इलाज किया जा रहा है।

# जनता चैरिटेबल अस्पताल में तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**सोनीपत** के गुड़ मंडी स्थित सबसे पुराने अस्पताल जनता अस्पताल में तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच का कैंप का आयोजन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए डा आदिश जैन निदेशक जनता अस्पताल के बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर 6 अक्तूबर से 8 अक्तूबर तक हृदय रोग विशेषज्ञ महिला रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जन हड्डी रोग विशेषज्ञ, एवं जनरल फिजिशियन की अनुभवी डाक्टरों की टीम ने अपनी सेवाएं दी। फ्री जांच शिविर में लैब टेस्ट/ईसीजी/एक्स - रे पर विशेष छूट पर किये गये। कैंप दौरान जिन मरीजों को आप्रेशन की आवश्यकता थी उनके आप्रेशन रियायती दरों पर किये जायेगें। आयुष्मान, ईएसआई/ईसीएचएस के मरीजों के हर तरफ आप्रेशन की सुविधा भी उपलब्ध है। तीन दिवसीय फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर में 534 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई।

इस अवसर पर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए आए मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन से मांग की गई है।



# 31 दिसम्बर को सुनीं जाएगी मन की बात

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**उपायुक्त** वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मंगलवार को जिला सचिवालय के सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य विभागाध्यक्षों की बैठक लेते हुए जानकारी दी कि 31 दिसम्बर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात सुनी जाएगी। इसके लिए गांव थिराना में प्रबंध किया जाएगा। इंटरनेट इत्यादि से सम्बंधित सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं और उस दिन सभी अधिकारी थिराना के ब्रहमकुमारी संस्थान में समय पर पंहुचे। इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, पानीपत एसडीएम मनदीप सिंह, सीटीएम राजेश सोनी, जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, सचिव आरटीए नीरज जिंदल, सहायक सचिव आरटीए सम्मी शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बनी विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा: महिपाल

## विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत गांव खोतपुरा व गढ़सरनाई में हुए कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**पानीपत** ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने मंगलवार को गांव खोतपुरा और गढ़सरनाई में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा उन लोगों तक पहुंचने का एक बड़ा माध्यम बन गई है जो अब तक सरकारी योजनाओं से नहीं जुड़ पाए हैं। सरकार जनता के घर द्वार पर पहुंचकर उन्हें योजनाओं की जानकारी दे रही है और लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से गांव जनपद और देश विकसित होगा। सरकार का उद्देश्य यह है कि कोई भी लाभार्थी सरकार द्वारा जनहित के क्रियान्वयन के लिए क्रियान्वित की गई योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने से वंचित न रह जाए।

महिपाल ढांडा ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को विशेषकर कमजोर वर्ग के लोगों को योजना के दायरे में लाना है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के तहत वैन विशेष रूप से डिजाइन की गई है, जिसके माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में समाज के हर नागरिक को अपना योगदान देना होगा। सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति को खुशहाल बनाने के लिए योजनाओं का 100 फीसदी लाभ लोगों तक पहुंचा रही है। इस मौके पर पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल धरना ने सरपंच को अभिनंदन पत्र भी सोपे और गांव के विभिन्न गण ने और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया।

# गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता को श्रद्धापूर्वक किया गया याद



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**ज्ञान गंगा** ग्लोबल स्कूल (जी-3) में मंगलवार को वीर बाल दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर प्यूमा सदन की तरफ से स्कूल में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की वीरता को याद किया गया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने अपने प्राणों का बलिदान देने वाले साहिबजादे जोरावर सिंह व फतेह सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि करते हुए उन्हें नमन किया। इस मौके पर चेयरमैन सुधीर जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिखों के 10वें गुरु गोबिंद सिंह के उन चारों बेटों को श्रद्धांजलि देने के लिए हर वर्ष 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि आज के ही दिन साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी ने दीवार में जिंदा चुनवा दिए जाने के बाद शहादत प्राप्त की थी। इन दो महान हस्तियों ने धर्म के महान सिद्धांतों से विचलित होने के बजाय मौत को चुना। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की इस महान शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। अत्याचारी के आगे तनकर खड़े रहने और धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की आहुति देने की यह घटना अपने आप में मिसाल है। सीईओ संजय जैन ने कहा कि माता गुजरी, गुरु गोबिंद सिंह जी और चार साहिबजादों की बहादुरी और आदर्शों ने लाखों लोगों को ताकत दी। उन्होंने कभी अन्याय के आगे सिर नहीं झुकाया। चार साहिबजादों की राष्ट्रभक्ति से न सिर्फ आज करोड़ों बच्चे प्रेरणा लेकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे पाएंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों तक उनका बलिदान याद किया जाएगा। स्कूल में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में विधि, प्रिया, सान्या, नव्या, नैंसी, प्रियांशी, ध्रुवी , ध्यानु, वीरेन, सुजल, श्रव्या ,गर्वित आदि छात्र-छात्राओं ने प्रार्थना, राष्ट्रगान, कविता पाठ, सुविचार व भाषणों के माध्यम से साहिबजादों की वीरता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी । इस मौके पर अध्यापिका मीनाक्षी, महक, गीता राणा, नीरजा, किरण, ज्योति आदि मौजूद रही ।

# 'बदलाव यात्रा के बाद जनता में अद्भुत उत्साह'

## यह यात्रा मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की गई थी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आदमी** पार्टी हरियाणा द्वारा शुरू की गई पदयात्रा 23 दिसंबर को पानीपत ग्रामीण के इलाकों में हुई पदयात्रा जिसको प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मल सिंह चित्रा सरवारा के नेतृत्व में हुई इस बदलाव यात्रा के बाद हरियाणा की जनता में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। यह यात्रा हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की गई थी। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ



ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया जाना है।

आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ बुड़शाम मे सर्किल इंचार्ज के सहयोग से किया गया। सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय ( आइडेंटी कार्ड )पत्र दिये।

सुखबीर मलिक ने बताया अपने गांव में इन 21 मेंबर कमेटी का काम डोर टू डोर जाकर हर बूथ को मजबूत करना होगा। एवं पार्टी की नीतियां को घर-घर तक पहुंचाना होगा जिससे आम आदमी पार्टी की सरकार आने में मदद मिलेगी।

मलिक ने गांव बुडशाम मे नव नियुक्त ग्राम सचिव ममान बुडशाम और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए । जिनको सम्मान मिला वह है बुढ़शाम गांव सचिव के साथ-साथ सुरेंद्र पांचाल, रामेश्वर बुडशाम, करतार सिंह, रणधीर बुडशाम ,करण सिंह, महा सिंह ,बलबीर सिंह ,प्रदीप बुडशाम ,जगन सिंह, सुनील बुडशाम, जय भगवान ,अक्षय कुमार, सुभाष चंद्र , रिंकू लाल, जगदीश गलिया, सुभाष पांचाल, विकास कुमार ,नवाब अली, पवन नंबरदार सोमबीर, आदि मेम्बर मौजूद रहे।

# पीएससी जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल (बराडा) ने मनाया बाल दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-बराड़ा (मनीष कुमार)**

**पीएससी** जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा मे बाल दिवस के अवसर पर छात्रों ने श्री गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहिब जादों को अपनी श्रद्धांजलि भेंट की। चित्रकारी,स्लोगन लेखन, भाषण ,निबंध, कविता आदि एक्टिविटी के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनकी अविस्मरणीय महान कुबार्नी को आत्मसात किया । गुरु गोविंद सिंह जी तथा उनके चारों पुत्रों की महान कुर्बानियों को फिल्म द्वारा उनके जीवन से परिचय करवाया। विद्यालय की प्रिंसिपल अनामिका यादव ने बच्चों को धर्म और सत्य पर चलने का संदेश दिया।

# शालीमार बाग में 200 बुजुर्गों का किया गया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के शालीमार बाग इलाके के बीएच ब्लॉक के पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन और बीएच ईस्ट ब्लॉक पार्क का उद्घाटन भी किया गया। इस मौके पर अतिथि के रूप में शालीमार बाग की निगम पार्षद रेखा गुप्ता मौजूद रही।
इस दौरान निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने बुजुर्गों का सम्मान किया और कहा कि सभी को बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करना चाहिए।
इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सबका साथ, सबका विकास बीएच ब्लॉक पूर्वी शालीमार बाग आरडब्ल्यूए रही। इस अवसर





आरडब्ल्यूए के चेयरमैन बलराम गुप्ता ने बताया कि बुजुर्गो के सम्मान के बाद कढ़ी चावल के भंडारे का आयोजन भी किया गया। श्री गुप्ता ने बताया कि इस दौरान लगभग 200 बुजुर्गों का शॉल उढ़ाकर सम्मान किया गया। इस मौके निगम पार्षद रेखा गुप्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष हरंबश लाल उप्पल, भूपेन्द्र मोहन भंडारी पूर्व पार्षद, भाजपा नेता गोविन्द शर्मा, अनिल सिंघल, नरेश जैन के अलावा आरडब्ल्यूए प्रधान वंश जैन, चेयरमैन बलराम गुप्ता, महासचिव आशीष सपड़ा, वेद प्रकाश धीगड़ा कोषाध्यक्ष, कमल, राम अवतार, यश शुक्ला, कौशल अग्रवाल, राजकुमार, संजय शिवहरे, कपिल बबलानी (वर्षा कैटर्स) हन्नी डीजे, लक्की सूरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन: वधवा परिवार ने धूमधाम से मनाया क्रिसमस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल टाउन** विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन पार्ट-दो में रहने वाले व प्रसिद्ध समाजसेवी व जिला चांदनी चौक से कांग्रेस के महासचिव विनोद वधवा ने कहा कि प्रभु यीशु मसीह धरती पर अवतरित हुए जिन्होंने मानव जाति को खुश रखने का मार्ग बताया और सेवा का संदेश दिया। क्रिसमस के पावन अवसर पर वधवा परिवार ने अपने परिजनों व स्वजनों के बीच रहकर क्रिसमस मनाया। इस दौरान विनोद वधवा ने श्रद्धालुओं को क्रिसमस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज यीशु मसीह के जन्मदिन का पवित्र दिन है, आज खुशियां मनाने और बांटने का,





उपहार लेने और देने का, एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां मनाने का दिन है। उन्होंने कहा कि समाज द्वारा मनुष्य सेवा के लिए हिंदुस्तान ही नहीं बल्कि समूचे विश्व में अनेकों प्रकल्प चलाए जाते हैं व जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। जब तक सभी खुश नहीं होंगे तब तक असली आनंद का आभास लिया नहीं जा सकता। खुश रहने व ईश्वर की सेवा करने का सबसे बढ़िया तरीका है कि ईश्वर के भेजे हुए लोगों में हम खुशियां बांटे। यहीं संदेश यीशु मसीह के द्वारा इस धरती पर दिया गया। आज सारे विश्व में यह दिन हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर राहुल वधवा, स्निग्धा वधवा, पुलकित चन्ना, कनिका, चन्ना, विक्रांत रमानी, सलोनी रमानी, तरुण डूडेजा, प्रियांशी डूडेजा, लक्षित अरनेजा, हिना अरनेजा, पुलकित अरनेजा, मनन गोगिया, आरुषि मालिक, कनिष्क मालिक, अनुषा वाधवा, दिशिता वाधवा, अधारित ॅचन्ना, जैसेर रमानी, कवीर अरनेजा, मेधांश डूडेजा मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी ने मिलकर विभिन्न गेम्स आदि का आयोजन किया।

## तलाक के समझौते से एकतरफा वापसी मानसिक क्रूरता

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पीठ** ने 20 मार्च 2017 के पारिवारिक अदालत के आदेश के खिलाफ एक महिला द्वारा दायर अपील पर सुनवाई करते हुए यह निष्कर्ष निकाला जिसमें क्रूरता के आधार पर तलाक के लिए उसके पति की याचिका को अनुमति दी गई थी।
दिल्ली उच्च न्यायालय ने माना कि पति-पत्नी का आपसी सहमति से तलाक के समझौते से एकतरफा हटना मानसिक क्रूरता के समान है। कोर्ट ने पति को तलाक देने के पारिवारिक अदालत के आदेश को बरकरार रखते हुए यह टिप्पणी की।

# त्रीनगर विधानसभा: आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद ने गरीबों में वितरित किए वस्त्र






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले शकूरपुर स्थित आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद ने बढ़ती हुई सर्दी के पारे को देखते हुए गरीबों व जरूरतमंदो में गर्म कपड़े वितरित किए। आनंदवास जनकल्याण सेवा परिषद के महासचिव शाहीद कुरेशी ने बताया कि मादीपुर मैट्रो के पास व सड़क किनारे फुटपाथ पर अपना गुजर बसर कर रहें परिवारों के बीच गर्म कपड़े बांटे गए। कुरेशी ने बताया कि इस दौरान दीष्टी उत्थान की ट्रस्टी व फाउंडर सदस्य सपना मारवाह का अहम योगदान रहा।
इस दौरान सपना मारवाह द्वारा भी गरीबों में कपड़े वितरित किए।
**गरीबों की करें मदद:** इस मौके पर शाहीद कुरेशी ने कहा कि भगवान सेवा का मौका हर किसी को नहीं देता है। अगर कभी किसी की सेवा करने का मौका मिलें तो उससे कभी भी चूकना नहीं चाहिए।
कुरेशी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी के पास पहनने लायक व उनकी तरफ से देने वाले कपड़े हो तो वह उन कपड़ों को फैंके नहीं बल्कि किसी जरूरतमंद को दें। जिससे उसका सही उपयोग भी हो जाए और किसी एक का तन भी ढ़क जाए।
**वस्त्रों का दान भी है महादान:** दीष्टी उत्थान की ट्रस्टी सपना मारवाह ने कहा कि जैसे कि अन्नदान को महादान का दर्जा मिला हुआ है, ठीक वैसे ही वस्त्रदान भी महादान होता है, क्योंकि किसी तन को ढाकना भी उच्च श्रेणी का दान होता है। मारवाह ने यह भी कहा कि हमारे सभी के घरों में कई ऐसे कपड़े होते है, जिन्हे हम पहनते नहीं है और उन कपड़ों को बर्तन वालें को दरी वालों को दे देते है, जिन्हे बाद में बेच दिया जाता है, हमें ऐसा न करके उन कपड़ों को किसी जरूरतमंदो को दे देना चाहिए, जिससे कि उसका तन भी ढ़केगा और आपके उस कपड़े का सदुपयोग भी होगा।

# जहांगीरपुरी: श्रीमद् भागवत कथा से पहले निकाली गई कलश यात्रा

## सभी को सच्चे मन से करनी चाहिए प्रभु की भक्ति: अजीत यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके के ब्लॉक में श्रीमद् भागवत कथा से पहले कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस मौके पर कलश यात्रा का शुभारंभ कथा स्थल से किया गया। कलश यात्रा कई इलाको से होते हुए कथा स्थल पर आकर सम्पन्न हुई। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव ने शिरकत की और कहा कि सभी को सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करनी चाहिए और हमेशा ही सत्य का साथ देना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि आज बड़े ही भव्य रूप में तृतीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी को कथा का श्रवण ध्यानपूर्वक करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस मौके पर कथा वाचक श्रद्धेय श्री शिवानन्द राधेय् जी महाराज भक्तों




को अपने मधुर स्वरों में कथा सुनाई। महाराज ने भक्तों को बताया कि मानव जीवन में भागवत कथा का बड़ा ही महत्व है। इसलिए सभी को ध्यानपूर्वक कथा का श्रवण करना चाहिए और कथा में बताई गई बातों को अपने जीवन में उतराना चाहिए।

## 'तत्कालीन शीला दीक्षित सरकार में विकास को मिला था नया आयाम'

# दिल्ली को विकास के रूप में मिली थी 'शीला': जे.के. डाबर



### ब्लॉक अध्यक्ष जेके डाबर ने कहा...

= कांगेस पार्टी के शासन काल में दिल्ली की रफ्तार को न तो धीमी पड़ने दिया और न ही थमने दी। कांग्रेस जो भी निर्णय लेती है वह हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए ही लेती है ताकि जनता को परेशान न होना पड़े: जेके डाबर





**जी** हां आज हम आपकों मिलवाने जा रहें है मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले संगम पार्क वार्ड नंबर-68 में रहने वाले व कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी जज कुमार डाबर (जेके डाबर) से, जोकि किसी पहचान के मोहताज़ नहीं है और अपनी सेवाभाव व मीठे आचरण की वजह से क्षेत्र के लोगों के दिलों में बसे हुए है।
**कांग्रेस ने किया विकास:** कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के विकास को लेकर व जनहित में कार्य करती है। आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह सब कांग्रेस की देन है। कांग्रेस ने हमेशा से ही विकास की राजनीति की है बातों की नहीं, उक्त बातें कांग्रेस के पूर्व निगम प्रत्याशी जेके डाबर ने कही। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की नीति और नियत हमेशा ही लोक कल्याण की रही है यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और लोगों की सेवा कर रहा है।
**कांग्रेस ने नहीं थमने दी विकास की रफ्तार:** डाबर ने बताया कि कांगेस के शासन काल में दिल्ली की रफ्तार को न तो धीमी पड़ने दिया और न ही थमने दी। कांग्रेस जो भी निर्णय लेती है वह हमेशा ही जनता को ध्यान में रखते हुए ही लेती है ताकि जनता को परेशान न होना पड़े। 2014 से पहले तक दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय शीला दीक्षित की देन है जो दिल्ली में यातायात जाम जैसी समस्या को कम करने के लिए दिल्ली में फ्लाईओवर का जाल बिछाया, इतना ही नहीं बिजली की समस्या को खत्म करते हुए परमानेंट बिजली मुहैया करवाई। इसके अतिरिक्त विकलांग, वृद्वावस्था के साथ-साथ विधवा पेंशन भी सुचारू रूप से चलाई रखी। दिल्ली में इतने विकास कार्य यही कारण है कि लोग कांग्रेस से बहुताय की संख्या में जुड़ रहे है और क्योंकि लोग जानते है कि बेहतर शासन केवल कांग्रेस पार्टी ही दे सकती है।
**कांग्रेस की तुलना में नहीं हो रहा विकास:** जेके डाबर ने बताया कि जो विकास कांग्रेस के शासन काल में हुआ था, वैसा विकास अब देखने को नहीं मिल रहा है। जो पेंशन कांग्रेस के कार्यकाल के दौरान पैंशनर्स को दी जाती थी, जो कि अब नहीं दी जा रही है, जिसकी वजह से आश्रितों की चिंता काफी हद तक बढ़ी है। आम आदमी पार्टी को दिल्ली के विकास पर ध्यान देना चाहिए और जनता की समस्याओं को हल करना चाहिए। ताकि जनता को सुविधाएं मिले।
**पार्टी को मजबूत करने पर देना होगा ध्यान:** जेके डाबर ने कहा कि वैसे तो सभी को ही मालूमात है कि कांग्रेस की सरकार में विकास कभी थमा नहीं था, और लोगों के हितो के लिए क्या क्या योजनाएं चलाई जाती रही है, लेकिन फिर भी एक बार पुनः हमें कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना होगा और कांग्रेस के द्वारा किये गये कार्य जनता को बताने होगें। साथ ही बूथ को मजबूत करने के लिए पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर ध्यान देना होगा। जनता की समस्याएं सुन कर उनकी समस्या समाधान करवाना होगा, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है।

# मोदी व मनोहर की सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना: गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहाकि दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था हमारे भारत देश की है और पूरी दुनिया का आज भारत के प्रति नजरिया बदल गया है। मोदी जी के नेतृत्व में अगले तीन सालो में भारत, अमेरिका और चीन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश होंगे। केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज मंगलवार को फरीदाबाद के गांव फत्तुपुरा के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजित



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। वहीं उपस्थित लोगों विकसित भारत संकल्प शपथ दिलवाते हुए भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी का मुख्य उद्देश्य है कि मोदी और मनोहर सरकार ने जनता का कल्याण के लिए जो कल्याणकारी योजनाएं बनायीं है उन योजनाओं का लाभ मौके पर ही मुहैया कराया जाए। मोदी जी ने गारंटी दी कि मेरे देश में कोई भूखा नहीं सोएगा इसके लिए कोरोना काल से अब तक और आने वाले पांच सालो तक निःशुल्क पांच किलो अनाज देने की की व्यवस्था की है। मोदी जी ने कहा कि हर गरीब व्यक्ति को हम मकान बनवाकर देंगे। पिछले नौ सालो में चार करोड़ लोगों को मकान बनाकर दिए और मकान में एलपीजी, बिजली, पानी के कनेक्शन और शौचालय बनाने का काम किया। मोदी जी ने दिल्ली के लाल किले से 2017 में कहा था कि देश में 18,000 गांव ऐसे है जिनमें बिजली नहीं है। उन्होंने गारंटी दी कि एक हजार दिनों में इन सब गावो में बिजली की व्यवस्था करेंगे और 987 दिनों में उन 18,000 गावों में बिजली पहुंचाने का काम किया। मोदी जी ने गारंटी दी एस देश का जो किसान है उसको फसल के समय बीज और खाद के लिए रुपयों की आवशयकता होती है। ऐसे तमाम किसानों को सालाना छह हजार रुपये हर चार महीने के बाद दो हजार रुपये की किशत के रूप में किसानों को देंगे। लगभग 11 करोड़ किसानों के खातों में दो हजार रुपये की किस्त हार चार महीने में आती है। मोदी जी ने देश में जन औषधि केंद्र खोले जहां पर 80% दवाइयां पर छूट मिलती है इसके लिए 25000 करोड़ का बजट पास किया आयुष्मान योजना के माध्यम से अब तक 7 करोड़ लोगों ने निशुल्क इलाज का लाभ

# समालखा के संजय शर्मा को इलेक्ट्रिकल डीलर्स के जोनल स्तरीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/समालखा, ( कुलदीप सिंह )**

समालखा के संजय शर्मा को पंचकुला के जीरकपुर में इलेक्ट्रिकल डीलर्स के जोनल स्तरीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया।

इलेक्ट्रिकल सामान की प्रसिद्ध कम्पनी गोल्ड मेडल के द्वारा हरियाणा, पजाब व हिमाचल के डीलर्स का सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें 800 के करीब डीलरों ने भाग लिया। यह डिलर मीट हरियाणा के जिला पंचकुला के जीरकपुर में गोल्ड मेडल कम्पनी की तरफ से बुलाई गई थी जिस मे कम्पनी ने सर्वाधिक सामान विक्रेता अवार्ड घोषित किया गया था,जिसमें समालखा के आर बी इलेक्ट्रिकल के मालिक संजय शर्मा को सर्वाधिक सामान बेचने पर बेस्ट सैल्समैन के अवार्ड से नवाजा गया। संजय शर्मा को यह अवार्ड कम्पनी के डारेक्टर बिशन जैन, डारेक्टर कपिल जैन व डारेक्टर अजय कुन्द्रा द्वारा दिया गया। इन्होंने कहा कि अपने डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिए कम्पनी समय समय ऐसे प्रोग्राम करती रहतीं है।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्रेटर फरीदाबाद के टीआई सतीश कुमार ने एपीजे स्कूल में करीब 800 बच्चो को यातायात नियमों, डायल 112 ऐप व साइबर क्राइम के संबंध में जानकारी देकर किया जागरुक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता )**

डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए ट्रैफिक टी आई ग्रेटर फरीदाबाद ने एपीजे स्कूल में छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा, यातायात नियमों, साइबर क्राइम व डायल 112 ऐप के संबंध में जानकारी देते हुए जागरुक किया है। जागरुकता प्रोग्राम में परिवहन प्रबंधक रविंदर शर्मा व प्रिंसिपल अनीता यादव ,दीपा, रेखा , एम एस नेपाली, ऋषभ बत्रा, शगुन बग्गा पुलिस की तरफ से एच सी कासीम व होमगार्ड विनोद व 800 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि रोड़ पर हमें सावधानी से चलना चाहिए। रोड़ को पार करते समय पहले अपने राइट देखना व फिर लेफ्ट देखने के बाद सावधानी से रोड़ पार करनी चाहिए। उन्होने बताया कि रोड़ पर सावधानी हटी दुर्घटना घटी। अपने बचाव में ही सबका बचाव है। रेड लाइट को कभी भी रेड सिग्नल पर पार नही करना चाहिए, ग्रीन होने पर ही रेड लाइट को पार करना चाहिए। इन सब सावधानी से सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताएं। अपने वाहन को हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए। अपनी लेन मे चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करे साथ ही वाहन में ऊंची आवाज में संगीत न बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करे सावधानी बरतें और दूसरों का बचाव करें। गाड़ी के इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर टेप का प्रयोग करे। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का अवश्य प्रयोग करे। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। अगर आपके सामने कोई दुर्घटना होती है तो डायल 112 पर तुरन्त सूचना दे। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी इस सामाजिक जीवन में अपने आसपास महिला विरुद्ध अपराध को देखते है जिसमें महिला/ लडकी से छेडछाड, लडकी/बच्चो को शोषण इत्यादि। इसके साथ ही छात्राओं को गुड व बैड टच के संबंध में जागरूक करते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति ने गलत तरीके/नियत से स्पर्श करने की कोशिश करता है तो उसके बारे में अपने परिजनों को बताएं। समाज की कुरुतियों से हम सबको एकजुट होकर लड़ाई लड़ें ताकि समाज में महिला सुरक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होने बताया कि अगर किसी के साथ कोई साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत 1930 पर कॉल सूचना दे। इसी के साथ इस जागरूकता कैंपेन का समापन किया गया जिसमें छात्राओं द्वारा पूरी पुलिस टीम का तहे दिल से धन्यवाद किया।

### बाल गृह में मनाया वीर बाल दिवस : डीसी विक्रम सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

डीसी/ उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण श्री विक्रम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद स्थानीय शाखा द्वारा बाल गृह में मंगलवार को वीर बाल दिवस के रूप मनाया गया। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा बच्चों के दिये संदेश की ऑनलाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर अपलोड कर लाइव वीडियो दिखाई गई। जिला बाल कल्याण अधिकारी एस एल खत्री ने बच्चों को बताया कि जालिम मुगल सूबेदार वजीर खान द्वारा साहब जादो और माता गुजरी को अत्यंत ठंड में, ठंडे बुरज में कैद करके अनेकों कष्ट दिए गए। साहब जादो का धर्म परिवर्तन करने के लिए कचहरी में पेश किया गया। उन पर झूठे मुकदमे चलाए गए मौत के डरावे और लालच दिए गए। फिर भी साहब जादे अपने धर्म पर पक्के रहते हुए, इस्लाम धर्म कबूल करने से साफ इनकार कर दिया, तो सरहिंद नवाब वजीर खान ने साहब जादो को जिंदा नीव में चिनवा कर शहीद कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि आज भी सरहिंद में स्थित गुरुद्वारा फतेहगढ़ साहिब जालिम मुगलों के अत्याचार एवं साहिबजादों की वीरता और बलिदान को बयां कर रहा है। इस अवसर पर "हमारा परिवार" स्वदेशी जागरण मंच, बल्लभगढ़, फरीदाबाद द्वारा बाल गृह के निराश्रित बच्चों को जूते, जुराब व स्वेटर वितरित किए। वहीं मीनू शर्मा अधीक्षिका ने इस अवसर पर "हमारा परिवार" (स्वदेशी जागरण मंच) टीम का स्वागत किया।

## छात्र की पिटाई के मामले में 2 अध्यापको के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

बतादे कि 22 दिसम्बर सेक्टर-12 में आयोजित गीता जयंती महोत्सव में फरीदाबाद के विभिन्न स्कूलो के छात्र छात्राओ ने हिस्सा लिया था। इसमें गौच्छी के सरकारी स्कूल के बच्चे भी आए थे। जिसमें एक बच्चे ने फुल उठाकर फैक दिया जो अध्यापक को लगा जिसको लेकर 2 अध्यापकों द्वारा बच्चे की पिटाई कर दी। अध्यापकों द्वारा की गई पिटाई का एक वीडियो वायरल हुआ था।

मामले में पिता की शिकायत मिलने पर बच्चे के सीडब्लूसी के ब्यान कराए गए।

# सात दिन लगातार कथा सुनने से कल्याण होता है: मुरारी लाल बृजवासी

**कथा**

**8 मनुष्य थोड़ा समय भी भगवान का स्मरण करता है तो निश्चित रूप से उसके जीवन में बदलाव आता है।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

श्रीराम मंदिर तालाब वाली गली ओल्ड फरीदाबाद में आयोजित श्रीमद. भागवत कथा में कथा व्यास परम श्रद्धेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज ने कथा प्रसंग में महात्म की कथा सुनाई तथा कथा के नियम सात दिन तक कैसे कथा सुने और कथा सुनने से जीवन में क्या बदलाव आते है के बारे में बताया। मुरारी लाल



बृजवासी जी महाराज ने बताया कि सात दिन लगातार कथा सुनने से धुन्धकारी एक प्रेत था उसकी भी मुक्ति हुई। उन्होनें बताया कि जिस मनुष्य ने जीवन में कभी सत्कर्म नहीं किया,दुराचार परायण जिसकी मनोवृतियां बन गई,क्रोध रूपी अग्रिन में जो हमेशा जलता रहा। ऐसा दुराचारी पापी व्यक्ति भी यदि सात दिन तक भागवत कथा सुनले तो निश्चित रूप से उसका कल्याण होता है। उन्होनें बताया कि जिसका जीवन सत्य से हीन,जो सत्य भाषण नहीं करता,माता पिता की सेवा नहीं करता और पाप करते करते उसकी मृत्यु हो जाए भागवत कथा श्रवण से वो मुक्त हो जाता है। उन्होनें बताया कि आज का मनुष्य अपने भागदौड़ भरी जिन्दगी से थोड़ा समय भी भगवान का स्मरण करता है तो निश्चित रूप से उसके जीवन में बदलाव आता है। कथा में मुख्य रूप से पधारे सुधीर डागर,अभिषेक अमीर गिरधर और विजय गुप्ता ने परम श्रद्धेय श्री मुरारी लाल बृजवासी जी महाराज को फूलों की माला पहनाकर उनका आदर सत्कार किया। इस अवसर पर परविन्द्र मल्होत्रा( शंटी ),निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा,समाजसेवी हंस आहूजा, अजय गर्ग, विन्दु ठेकेदार,शिव कुमार डालमिया,साहिल कपूर,अमित कपूर, यशवंत शर्मा, हेमन्त शर्मा,सन्नी, विनोद गुप्ता,पवन डाबर,सतीश आहूजा यशंवत शर्मा,ऋषभ बजाज,हेमंत शर्मा,जगदीश विरमानी,ओमप्रकाश मदान,अमित कपूर,सुमित कपूर,नरेश कुमार खन्ना,देशू खन्ना,अशोक ढीगड़ा,केडी शर्मा,बोधराज मक्कड़,रिन्कू गर्ग,शुभम अरोउा,सूर्यकांत,गौरव अग्रवाल,संजय टूटेजा,लोकेश शर्मा,उमा शर्मा,रेनू मल्होत्रा,रेखा सिंगला,कोमल सरदाना,संगीता शर्मा,शालू चोपड़ा,शालू वधवा,सावित्री ठाकुर,रीति, साक्षी,रूचिका संगीता सचदेवा, रूपाली,सोनिया आहूजा,राधा, निशा, सुधा व पुष्पा शर्मा,गीता शर्मा आदि भक्त उपस्थित थे।

# अमेरिका में हिन्दू मंदिर की दीवारों पर खालिस्तानी नारे लिखना साज़िश: बिल्ला

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा**

समालखा गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगतार सिंह बिल्ला ने अमरिका के नेवारक स्थित एक हिन्दू मंदिर की दिवारों पर कुछ लोगों द्वारा खालिस्तानी नारे लिखने की कड़ी भर्त्सना की है। मंगलवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति के माध्यम से बिल्ला ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने जिस हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुबार्नी दी थी, उस हिन्दू धर्म के खिलाफ सिंख धर्म ऐसी नफरत नहीं रख सकता। बिल्ला ने कहा कि अमरिका में ऐसी घटनाओं को वही लोग अंजाम दे



रहे हैं जो सिखों और हिन्दुओं के बीच सांझ को पंसद नहीं करते। उन्होंने कहा कि असल में इसमें कोई गहरी साज़िश है, जिसका बेपर्दा किया जाना बेहद जरूरी है कउन्होंने हिन्दू भाईचारे को विश्वास दिलाते हुए कहा कि अमरिका में सिंख भाईचारा उनके साथ है और ऐसी कार्यवाई का विरोध करता है।

## नहेरु ग्राउंड से चोरी आईसर केंटर को क्राइम ने अलीगढ़ से किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरिओम गुप्ता )**

डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच उंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम ने चोरी हुए आईसर केंटर को बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आईसर केंटर 22 दिसम्बर की रात को नहेरु ग्राउंड से चोरी हुआ था। जिसका मामला थाना कोतवाली में दर्ज कर आरोपी की तथा आईसर केंटर की तलाश की जा रही थी।

# ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति, साफ-सफाई, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं हो सुनिश्चित: विजय कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

जिला परिषद के चेयरमैन विजय कुमार ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जलापूर्ति, साफ-सफाई, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं सम्बंधित विभागों के अधिकारी गण सुनिश्चित करें। वहीं विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में चल रही विकास परियोजनाओं को समयानुसार सम्बंधित विभागों के अधिकारी पूरा करना सुनिश्चित करें। एडीसी आनंद शर्मा की ने की मौजूदगी में सभी विभागों के अधिकारियों के साथ आज मंगलवार को जिला परिषद की बैठक हुई। बैठक में जिला फरीदाबाद के ग्रामीण क्षेत्रों में जिला परिषद द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा बारीकी से एक-एक करके बिन्दुवार जानकारी के साथ की गई। एडीसी एवं जिला परिषद फरीदाबाद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आनंद शर्मा ने आज लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला परिषद के सदस्यों और विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों की मौजूदगी में जिला परिषद की बैठक में तिगांव विधानसभा क्षेत्र से राजेश नागर, जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार, वाइस चेयरमैन धर्म चौधरी सहित सभी वार्डों के जिला परिषद सदस्य और सभी विभागों के जिला अधिकारी गण मुख्य रूप से उपस्थित रहे। जिला परिषद चेयरमैन विजय कुमार ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीण आँचल में जलापूर्ति, साफ-सफाई, मनरेगा, सोलर लाइट, वाटर कूलर जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। विधायक राजेश नागर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में सर्वांगीण विकास के लिए जिला परिषद के सदस्यों की अहम भूमिका होती है। इसलिए सभी जिला परिषद फरीदाबाद के निर्वाचित सदस्य गण ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन के अधिकारी भी उनसे तालमेल कर-के विकास कार्यों एवं परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाएं। उन्होंने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे निर्बाध रूप से जिला परिषद के सदस्यों के क्षेत्र में विकास कामों का बेहतर क्रियान्वित करना सुनिश्चित करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद यात्रा ढकोसला है: रावल

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

स्व. श्री राजेश पायलट किसान संगठन हरियाणा के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस ओबीसी कमेटी के जिला महासचिव मोनू रावल ने आज जारी एक ब्यान में कहा कि हरियाणा में भाजपा द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद यात्रा ढकोसला है। इस यात्रा में जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का दावा किया जा रहा है। जबकि लोगों की एक भी समस्या का समाधान यहां नहीं हो पा रहा है। मोनू रावल ने कहा कि उक्त यात्रा को जिस गांव में पहुंचना



होता है। उसमें तथा आस-पास के गांवों में भाजपा द्वारा घोषणा कराई जाती है कि जनता की समस्याओं का मौके पर ही समाधान होगा। इसलिए न केवल उस गांव के बल्कि दूसरे गांवों में से भी दिहाड़ी वाले लोग भी अपनी दिहाड़ी छोडकर यात्रा में शामिल होते हैं और अपनी समस्या मौके पर मौजूद भाजपा नेता व अधिकारियों की समक्ष रखते हैं पर समाधान नहीं हो पाता। जिससे दिहाड़ी वालों ग्रामीणों को मायूसी हाथ लगती है। नेता व अधिकारी आनलाइन का बहाना बनाकर लोगों को टाल रहे हैं। मोनू रावल ने कहा कि आज पूरा हरियाणा इस सरकार से दुःखी है। आज हरियाणा बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अपराध और नशाखोरी में नंबर 1 है। कोई अच्छा काम नहीं किया, केवल हरियाणा को लूटने में लगे हुए हैं। ये विफल सरकार है किसी का भला नहीं कर सकती। प्रदेश की 36 बिरादरी ने बीजेपी.जेजेपी सरकार से छुटकारा पाने और कांग्रेस सरकार बनाने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनने पर तो बुजुर्गों को 6000 महीना पेंशन, गृहणियों को 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, हर परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त, 100-100 गज मुफ्त प्लॉट मिलेंगे। सफाई कर्मचारी, चौकीदार, मनरेगा मेठ को पक्का करेंगे। कौशल रोजगार निगम को खत्म करेंगे। पोर्टल के झंझटों से छुटकारा दिलाकर लोगों का हक देंगे।

# फरीदाबाद मैरिज गार्डन एंड बैकवेंट एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )**

फरीदाबाद मैरिज गार्डन एण्ड बैकवेंट एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल जिसमें पेट्रन विनोद प्रधान ऋषि चौधरी, अनिल अरोड़ा,सचिव विकास खन्ना,कोषाध्रूख अमर यादन सहित अन्य सदस्यों ने आज जिला उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहरलाल के नाम अपनी मागों का एक ज्ञापन सीटीएम को सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि हम सरकार से अपने व्यापार को बचाने की मांग करने के लिए यहां आए है। हमें अलग अलग विभागों से नोटिस भेजे जा रहे है। आज पूरे फरीदाबाद से मैरिज



गार्डन और बैकवेंट हाल के संचालक सरकार से यह मांग करने आए है कि हमारे लिए एक उचित पॉलिसी बनाई जाए जिसमें हमारी एसोसिएशन से जुड़े लोगों को भी शामिल किया जाए। हम सरकार के सारे नियम कायदे मानने को तैयार है। हम किसी भी प्रकार से कोई ऐसा काम नहीं करना चाहते जो असवैधानिक हो। उन्होंने बताया कि जहां अवैध कालोनियां पहले से बसी हुई थी उन्हें तो पास कर दिया उन कालोनियों में जो बैक्वेंट हाल बने हुए थे उन्हें पास क्यो नहीं किया। उन्हें भी रियायत दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि सरकार ने लोहा मंडी बनाई है सब्जी मंडी बनाई है लेकिन बैक्वेंट हाल वालों के लिए कुछ नहीं बनाया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि हम पिछले कई वर्षों से मैरिज गार्डन एवं बैंक्वेट हाल चलाने का कारोबार कर रहे हैं जो कि एक सीजनल काम है और वर्ष भर में 40 से 50 दिन ही होता है अधिकांश लोगों की आजीविका का एक मात्र साधन है जैसे कि पिछले दो वर्षों में कोविड के कारण ये कारोबार बिलकुल बंद हो गया था क्यूंकि लोगों के इकठा होने पर पाबंदी लगी हुई थी जिसके कारण इस कारोबार से जुड़े लगभग सभी लोग कर्ज में डूब गये थे। अब प्रदूषण बोर्ड के आदेश पर हमारे बिजली पानी के कनेक्शन काट दिये गये हैं। जिसके कारण अपना व्यापार चलाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है हम चाह कर भी इस को बंद नहीं कर सकते क्यूंकि लोगों ने काफी समय पहले हमारे पास बुकिंग करवा रखी हैं और अपने मेहमानों को आमंत्रित कर रखा है आज यदि हम उन्हें मना कर दें तो उन्हें परेशानी और ज़िल्लत का सामना करना पड़ेगा जैसे कि सरकार लोगों को रोजगार देने के लिए प्रयासरत है हम लोग भी प्रत्येक कार्यक्रम में सेंकड़ों लोगों को रोजगार मुहैया करवाते हैं, इस कारोबार से मात्र हमारा तो नुकसान होगा ही बल्कि हलवाई, वेटर, फूल वाले डी जे वाले तथा सफाई कर्मचारी भी बेरोजगार हो जायेंगे।

# पीलें चावलों की अक्षय कलश यात्रा हमारे वार्ड नं 17 के शिव चौंक पर पहुंची

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत.. कमाल हुसैन**

22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहीं हैं । जिसको लेकर समस्त भारत में अयोध्या से चलकर श्री राम के पीलें चावलों के अक्षत कलश हर प्रदेश , जिलें और गांव तक पहुंच रहें हैं । श्री राम के पवित्र पीलें चावलों की अक्षय कलश यात्रा हमारे वार्ड नं 17 के शिव चौंक पर पहुंची । वार्ड वाशियों के साथ मिलकर भव्य पद यात्रा के साथ पवित्र कलश को ग्रहण किया । कलश को सैंकड़ों



की संख्या में उपस्थित महिलाओं , बच्चों और गणमान्य नागरिकों के साथ ढोल नगाड़ों के साथ नाचते गाते हुए अपने आजाद नगर के राधा कृष्ण मंदिर और राज नगर के शिव मंदिर में सुरक्षित रखें गए । 1 से 15 जनवरी तक हर घर तक श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण पीलें चावल , श्री राम जी का फोटो हर घर पहुंचाने का काम करेगें रामसेवक और सबको 22 जनवरी को 11 से 1 बजे तक अपने आस पास के मंदिर में लाइव प्राण प्रतिष्ठा प्रोग्राम देखने और भजन कीर्तन के लिए प्रेरित करेगें ।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 27 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHI / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 30 को त्रेतायुगीन वैभव में नजर आएगी रामनगरी

## अयोध्या व आसपास के जनपदों में भी पीएम मोदी के स्वागत को लेकर गजब का उल्लास

**उल्लासमय**

8 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या उल्लासमय हो चुकी है



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

अयोध्या हर्ष उमंग व उत्साह से लबरेज है। 22 जनवरी को होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पहले अयोध्या उल्लासमय हो चुकी है। राम आएंगे तो समूचे घर-आंगन को सजाकर अयोध्या दीवाली मनाएगी, लेकिन उसके पहले 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अयोध्या को हजारों करोड़ों की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वर्षों तक विकास का अभाव झेलने वाली अयोध्या को अब विकास के इस नए सोपान का साक्षी बनने के लिए 30 दिसंबर 2023 की पावन तिथि की इंतजार है। त्रेतायुगीन वैभव से सजी रामनगरी में पीएम मोदी के आगमन को लेकर अयोध्या व आसपास के जनपदों में भी गजब का उल्लास है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पहले ही इसकी तैयारी को अमलीजामा पहनाया जा चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत को लेकर मठ-मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है।

**अयोध्या व आसपास के जनपदों के लोग भी पीएम के स्वागत को बेताब:** 30 दिसंबर को पीएम मोदी के आगमन पर अयोध्या व आसपास के जनपदों के लोग भी स्वागत को बेताब हैं। पीएम के स्वागत को लेकर आसपास के जनपद के लोग भी अयोध्या आएंगे। गोंडा के तरबगंज के सुरेंद्र कहते हैं कि पीएम मोदी और सीएम योगी की जोड़ी ने अयोध्या को उसका गौरव लौटा दिया। इनके मार्गदर्शन में अयोध्या दिव्य-भव्य के साथ नव्य भी हो चुकी है। 30 को भी विकास योजनाओं का उपहार अयोध्या को मिलेगा। लिहाजा हम सभी मोदी-योगी के स्वागत को बेताब हैं।

**रोड शो पर पुष्पवर्षा करेंगे साधु-संत, बच्चों में भी कौतूहल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित रोड शो को लेकर अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों ने भी खास तैयारी कर रखी है। अयोध्या के प्रमुख संत राजकुमार दास ने बताया कि साधु-संत भी पीएम पर पुष्पवर्षा करेंगे। पुष्पवर्षा के लिए गुलाब, गेंदा के फूल आसपास के जिलों से भी आ रहे हैं। रोड शो के प्रस्तावित मार्ग पर घरों की साज-सज्जा में भी पुष्पों की विशेष व्यवस्था की जा रही है। वहीं यहां के बच्चों में भी कौतूहल है। बाल स्वरूप में नजर आने वाले बच्चे भी अपनी अलग तैयारी कर रहे हैं। उनका कहना है कि वे भी पीएम मोदी का अलग अंदाज में स्वागत करने की तैयारी बेताब है।

## अब कंकड़-पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गौरवगाथा

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**

उत्तर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही प्रदेश की आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार रामनगरी अयोध्या को नव्य-भव्य रूप में सजाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाई जा रही है। सीएम योगी की मंशा अनुसार, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया जारी है तथा माना जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

## 'विपक्ष ध्यान भटकाने के लिए संसद की घुसपैठ को तूल दे रहा'

**इंदौर:** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक कैलाश विजयवर्गीय संसद में हुई घुसपैठ को बड़ा मुद्दा नहीं मानते। उनके अनुसार, कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के ठिकानों से 400 करोड़ रुपये मिलना इससे बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ध्यान भटकाने के लिए संसद की घुसपैठ को तूल दे रहा है। कांग्रेस संसद की घटना को जबरन बड़ा मुद्दा बना रही है। शनिवार को पत्रकारों से बातचीत में विजयवर्गीय ने इंदौर में कहा कि मुझे लगता है संसद की सुरक्षा में चूक छोटी बात है, जिसे विपक्ष ने बहुत बड़ा बना दिया। कांग्रेस सांसद धीरज साहू के यहां 400 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति मिली है, उस पर कोई नहीं बोल रहा। ध्यान भटकाने के लिए कांग्रेस संसद की घटना को जबरन बड़ा मुद्दा बना रही है। विधानसभा चुनाव के बाद से विजयवर्गीय ने दिल्ली में डेरा डाल रखा था। वह शुक्रवार शाम ही इंदौर लौटे।

**मेरे पास अभी भी बड़ी भूमिका है:** मध्यप्रदेश में अगली भूमिका के सवाल पर विजयवर्गीय बोले- मेरे पास अभी भी बड़ी भूमिका है, पार्टी का राष्ट्रीय महामंत्री हूं। प्रदेश सरकार के नए मंत्रिमंडल को लेकर कहा कि 17 दिसंबर को होने वाली बैठक में सब कुछ तय हो जाएगा। उन्होंने इशारा दिया कि मंत्रिमंडल के नाम भी दिल्ली से ही तय होंगे।

## घरेलू शेयर बाजार में तेजी का दौर जारी

**नई दिल्ली:** खरीदारी के सपोर्ट से घरेलू शेयर बाजार आज लगातार तीसरे कारोबारी दिन मजबूती के साथ बंद होने में सफल रहा। हालांकि बाजार खुलने के बाद शुरुआती 1 घंटे के कारोबार में काफी उठापटक होती रही। शेयर बाजार काफी देर तक लाल निशान में गिर कर कारोबार करता रहा। इसके बाद जब खरीदारी का जोर बना तो सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार हरे निशान में ही बने रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.32 प्रतिशत और निफ्टी 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। कारोबार में पीएसयू बैंक सेक्टर को छोड़ कर निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। एनर्जी, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में आज सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, मेटल और इंफ्रास्ट्रक्चर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.72 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.48 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

## बिहार में कांग्रेस गठबंधन के साथ लड़ेगी चुनाव : अखिलेश प्रसाद सिंह

**नई दिल्ली:** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार को पार्टी आलाकमान के साथ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान चुनाव से जुड़े विभिन्न मुद्दों व सीट बंटवारे को लेकर चर्चा हुई है। बिहार में कांग्रेस पार्टी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेगी।

## केंद्रीय मंत्री सोनोवाल और सीएम खांडू ने एनईआईएएफएमआर की क्षमता विकास के लिए योजनाओं की आधारशिला रखी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

केंद्रीय जहाजरानी, पोत और जलमार्ग और आयुष मंत्री, सर्बानन्दसोणोवाल और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री, पेमा खांडू ने आज पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर) की क्षमता विस्तार के लिए योजनाओं की आधारशिला रखी। एनईआईएएफएमआर में कुल 53 करोड़ रुपये के निवेश से अतिरिक्त बुनियादी ढांचा विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय जहाजरानी, पोत और जलमार्ग और आयुष मंत्री सर्बानन्दसोणोवाल ने कहा किलोक-चिकित्सा में मानव समाज को स्वस्थ रखने की समृद्ध विरासत हजारों वर्षों से समाई हुई है। हमारे समाज के बीच बसी हुई यह धरोहर पीढ़ियों से मानव जीवन को समृद्ध करने में हमारी मदद करती आ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में हमारी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने और लोगों को समृद्ध जीवन का अनुभव प्रदान करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस प्रयास के तहत लोक-चिकित्सा सहित पारंपरिक चिकित्सा को फिर से नया जीवन देने का एक ईमानदार प्रयास किया गया है। मोदी सरकार ने पूर्वोत्तर आयुर्वेद और लोक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (एनईआईएएफएमआर) में अतिरिक्त बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह निवेश आयुर्वेद और लोक चिकित्सा के क्षेत्र में अपने अनुसंधान और विकास को मजबूत कर अपनी नई क्षमता का निर्माण करेगा। केन्द्रीय मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश में सोवा-रिगपा चिकित्सा पद्धति का एक नया केंद्र खोले जाने की घोषणा भी की।

## मातृ शक्ति का प्रदेश के विकास में अहम योगदान: धामी

**सौगात**

8 टिहरी के लिए 415 करोड़ 75 लाख से रुपये से अधिक धनराशि की 160 योजनाओं का लोकार्पण शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया/नई टिहरी**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई टिहरी में महिला सशक्तिकरण को बल देने को व्यापक स्तर पर आयोजित बेटी ब्वारी यूं कू कौथिग में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति के बिना प्रदेश का विकास संभव नहीं है। उत्तराखंड के निर्माण से लेकर उत्तराखंड के विकास में बेटी ब्वारी यूं के योगदान को किसी भी स्तर पर भुलाया नहीं जा सकता है। अब उत्तराखंड को देश अग्रणी राज्य बनाने में बेटी-ब्वारियूं का योगदान आगे भी अहम साबित होगा। मुख्यमंत्री धामी ने मंगलवार को नई टिहरी के प्रताप इंटर कालेज मैदान में आयोजित बेटी ब्वारी यूं कू कौथिग का शुभारंभ भव्य रूप से आयोजित पूजा-अर्चना के साथ किया। कौथिग की जनपदवासियों को शुभकामनाएं देने के बाद उन्होंने जनपद टिहरी के लिए 415 करोड़ 75 लाख से रुपये से अधिक धनराशि की 160 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर जनपद वासियों को विकास की सौगात दी। इसमें 201 करोड़ 32 लाख 74 हजार धनराशि की 44 योजनाओं का लोकार्पण और 214 करोड़ 43 लाख 02 हजार धनराशि की 116 योजनाओं का शिलान्यास किया गया। कौथिग में पहुंचने पर सीएम धामी का मंच पर फूलों की भव्य माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## 400 रुपए कुंतल गन्ना मूल्य की मांग को लेकर किसानों ने जलाया गन्ना

**मेरठ:** अपनी मांगों को लेकर 21 दिसम्बर से कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे किसान मजदूर संगठन के बैनर तले किसानों का आंदोलन तूल पकड़ता जा रहा है। मंगलवार को गुस्साए किसानों ने गन्ना मूल्य 400 रुपए कुंतल तय करने की मांग उठाई और कमिश्नरी चौराहे पर गन्ना जलाया। किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष देवराज सिंह पुंडीर, महानगर अध्यक्ष विजय राघव और युवा जिलाध्यक्ष अंशुल तोमर के नेतृत्व में 21 दिसम्बर से संगठन का कलेक्ट्रेट में धरना चल रहा है। मंगलवार को किसानों ने कमिश्नरी चौराहे पर प्रदर्शन किया।

## इंदौर में मिला कोरोना का नया केस

**इंदौर:** देश में एक बार फिर से कोरोना के केसों में बढ़ोतरी होने लगी है। इस बीच बुधवार को मालदीव से इंदौर लौटे एक परिवार के दो लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। दोनों संक्रमितों के नमूनों को टेस्ट के लिए लैब भेजा गया है, जिसके बाद पता लगाया जा सकेगा कि कोरोना किस वैरिएंट है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया, देश में कोविड-19 के नए जेएन.1 वैरिएंट आने के साथ कुछ राज्यों में वायरल संक्रमण में बढ़ोतरी देखी जा रही है, लेकिन मध्य प्रदेश की वित्तीय राजधानी इंदौर में इसका पहला मामले सामने आया है।

## स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से समाजवादी पार्टी ने किया किनारा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

समाजवादी पार्टी के स्वामी प्रसाद के विवादित बयान से जहां एक तरफ उनकी समाजवादी पार्टी ने किनारा कर लिया वहीं भाजपा के नेताओं ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने एक बयान में कहा था कि 'हिंदू एक धोखा है। उन्होंने सोमवार को यह बयान जंतर मंतर पर दिया था, जिसमें उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयानों का हवाला दिया था। समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के इस बयान पर समाजवादी पार्टी की नेता व सांसद डिंपल यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य का यह व्यक्तिगत बयान है। यह पार्टी की सोच नहीं है। इससे पार्टी का कोई लेना देना नहीं है। दीगर है कि इस तरह के बयान देने से समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव मना करते रहे हैं। इसके बावजूद इस तरह के बयान आने के बाद भाजपा नेताओं ने आड़े हाथ ले लिया है।

## यूपी पुलिस भर्ती में उम्र में छूट को लेकर युवाओं का प्रदर्शन



**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**यूपी पुलिस की** सिपाही भर्ती में उम्र में छूट देने की मांग तेजी से उठने लगी है। मंगलवार को युवा रालोद के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री से सिपाही भर्ती में उम्र में छूट देने की मांग उठाई। युवा रालोद नेता प्रशांत चौधरी के नेतृत्व में मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने एडीएम सिटी बृजेश सिंह को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपकर पुलिस की भर्ती में आयु सीमा में छूट देने, गन्ना किसानों का भुगतान करने और गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग की गई। इस अवसर पर प्रतीक जैन, दीपक तोमर, प्रताप लोहिया, मयंक सिंह तरार, मयंक खोखर, सनी चौधरी, धर्मेंद्र, पीयूष आदि उपस्थित रहे। शिक्षित बेरोजगार युवक संघ के बैनर तले मंगलवार को युवाओं ने कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया किया। उन्होंने पुलिस भर्ती में आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट का प्रावधान करने की मांग उठाई।

**निवेश प्रस्ताव**

### 1 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनने की ओर मजबूती से बढ़े उत्तर प्रदेश के कदम

## साल 2023: 40 लाख करोड़ का निवेश, 1 करोड़ से ज्यादा रोजगार अवसरों का सृजन

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने का सपना देखने वाली योगी सरकार ने वर्ष 2023 में अपने प्रदर्शन से साबित कर दिया कि जल्द ही यह सपना हकीकत की शक्ल लेने वाला है। मुख्यमंत्री योगी की विजनरी नीतियों और कुशल प्रबंधन के फलस्वरूप प्रदेश में अब तक 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। वर्ष 2023 के फरवरी महीने में ग्लोबल इनवेस्टर समिट के आयोजन के उपरांत प्रदेश में निवेश की सतत प्रक्रिया जारी है। सरकार का दावा है कि इससे प्रदेश में एक करोड़ युवाओं के लिए, रोजगार के अवसर



उत्पन्न होंगे। इन निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारने का कार्य भी तेजी से जारी है और वर्ष 2024 के शुरुआती महीनों में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 2024 के प्रथम चरण के जरिए 15 लाख करोड़ रुपये के निवेश को धरातल पर उतारने की तैयारी है। आइए, जानते हैं उन परियोजनाओं के बारे में जिन्होंने वर्ष भर सुर्खियां बटोरीं और तेजी से धरातल पर उतरने की ओर अग्रसर हैं...

**बल्क फार्मा व ड्रग पार्क, ललितपुर:** ललितपुर के कुल 5 गांवों में 1472 एकड़ में फैले बल्क ड्रग फार्मा पार्क में दो फेज में विकास का खाका खींचा गया है। फिलहाल, पहले फेज के तहत 300 एकड़ क्षेत्र में डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट, मैपिंग, सॉयल सैंपलिंग व अवसंरचनात्मक विकास की प्रक्रिया को पूर्ण किया जा रहा है। फिल्म सिटी, लॉजिस्टिक्स पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर, डेडिकेटेड एमएसएमई एपैरेल, हैंडीक्राफ्ट व टॉय पार्क, ग्रेटर नोएडा ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 21 में फिल्म सिटी का विकास विभिन्न चरणों में जारी है। लॉजिस्टिक्स पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, डाटा सेंटर पार्क व इलेक्ट्रॉनिक मैनुफैक्चरिंग क्लस्टर्स में निवेशकों को भूमि आवंटन व अवसंरचनात्मक विकास की प्रक्रिया जारी है।

